



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 280 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु. 1 2079 शनिवार, 24 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## मोतिहारी में चिमनी में विस्फोट, 8 लोगों की मौत

मोतिहारी, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के मोतिहारी में शुक्रवार की शाम एक ईंट-भट्ठे की चिमनी में ब्लास्ट हो गया। इसके बाद चिमनी का ऊपरी हिस्सा टूटकर वहां काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। मलबे में 25 लोग दब गए। हादसे के फौरन बाद आसपास के लोगों ने मजदूरों को निकाला, जिसमें 8 की मौत हो गई। 15 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 से अधिक लोग के लापता होने की सूचना है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना करीब साढ़े चार बजे की है। घटना रामगढ़वा थाना क्षेत्र के चंपापुर गांव के पास हुई।

>14

# नेजल कोरोना वैक्सीन को मंजूरी

### भारत बायोटेक ने बनाई, बूस्टर डोज के तौर पर लगेगी

### आज से ही प्राइवेट अस्पतालों में मिलेगी

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को भारत सरकार ने मंजूरी दे दी है। कोवैक्सिन बनाने वाली हैदराबाद की भारत बायोटेक ने इसे वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन (डब्ल्यूयूएसएम) के साथ मिलकर बनाया है। नाक से ली जाने वाली इस वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर लगाया जा सकेगा। सबसे पहले इसे प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए लोगों को पैसे देने होंगे। न्यूज एजेंसी के



मुताबिक, इसे आज से ही कोरोना वैक्सीनेशन प्रोग्राम में शामिल कर लिया गया है।

भारत बायोटेक की इस नेजल वैक्सीन का नाम इनकोवैक रखा गया है। पहले इसका नाम बीबीवी154 था। इसे नाक के जरिए शरीर में पहुंचाया जाएगा। इसकी खास बात यह है कि शरीर में जाते ही यह कोरोना के इन्फेक्शन और ट्रांसमिशन दोनों को ब्लॉक करती है।

इस वैक्सीन में इंजेक्शन की जरूरत नहीं पड़ती, इसलिए इससे चोट लगने का खतरा नहीं है। साथ ही हेल्थकेयर वर्कर्स को भी खास ट्रेनिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**नेजल वैक्सीन क्या होती है**

फिलहाल हमें मांसपेशियों में इंजेक्शन के जरिए वैक्सीन लगाई जा रही है। इस वैक्सीन को इंट्रामस्कुलर वैक्सीन कहते हैं।

>14






### सिक्किम में बड़ा सड़क हादसा

## सेना का ट्रक खाई में गिरा, 16 जवान शहीद



गंगटोक, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया। इसमें 16 जवानों की मौत हो गई, 4 घायल हैं। आर्मी ने बताया कि वाहन एक तीखे मोड़ पर फिसल गया और सीधे खाई में जा गिरा। इस वाहन के साथ आर्मी के दो वैन और थे। तीनों वाहन सुबह चटन से थंगू के लिए निकले थे। सेना की रेस्क्यू टीम ने 4 घायल जवानों को एयरलिफ्ट किया है। शवों को भी निकाला जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। पीएम ने जान गंवाने वाले जवानों के परिवार को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने लिखा, उत्तरी सिक्किम में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। देश उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए उनके प्रति कृतज्ञ है। मृतक जवानों के परिवारों को मेरी संवेदनाएं। घायल जवानों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

22 नवंबर को सिक्किम में ट्रेनिंग एक्सरसाइज के दौरान पैराशूट न खुलने से स्पेशल फोर्सेज यूनिट के असिस्टेंट लीडर लघ्याल की मौत हो गई।

>14









# रामसेतु के अस्तित्व पर सरकार का संसद में जवाब

## कहा- ब्रिज होने का दावा करना मुश्किल, 18 हजार साल पुराना है इतिहास

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पौराणिक कथाओं के अनुसार भारत और श्रीलंका के बीच समुद्र में बने रामसेतु को लेकर लगाता बहस होती रही है। इसी बीच अब केंद्र सरकार की तरफ से संसद में इसे लेकर जवाब दिया गया है। सरकार ने कहा है कि रामसेतु के वजूद के पूरे सबूत अभी नहीं मिले हैं। हरियाणा से निर्दलीय सांसद कार्तिकेय शर्मा ने राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार हमारे गौरवशाली इतिहास को लेकर कोई साइंटिफिक रिसर्च कर रही है? क्योंकि पिछली सरकारों ने



लगातार इस मुद्दे को तवज्जो नहीं दी। उनके इस सवाल पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जवाब दिया।

**सरकार की तरफ से दिया गया ये जवाब**

सरकार की तरफ से जवाब देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा, मुझे खुशी हो रही है कि हमारे सांसद ने रामसेतु को लेकर सवाल किया। इसे लेकर हमारी कुछ सीमाएं हैं। क्योंकि ये करीब 18 हजार साल पहले का इतिहास है। जिस ब्रिज की बात हो रही है वो करीब 56 किमी लंबा था। स्पेस टेक्नोलॉजी के जरिए हमने पता लगाया कि समुद्र में पत्थरों के कुछ टुकड़े पाए गए हैं, इनमें कुछ ऐसी आकृति है जो निरंतरता को दिखाती हैं। समुद्र में कुछ आइलैंड और चूना पत्थर जैसी चीजें दिखीं हैं। अगर सीधे शब्दों में कहा जाए तो ये कहना मुश्किल है कि रामसेतु का वास्तविक स्वरूप वहां मौजूद है। हालांकि कुछ संकेत ऐसे भी हैं जिनसे ये पता चलता है कि स्ट्रक्चर वहां मौजूद हो सकता है। हम लगातार प्राचीन द्वारका शहर और ऐसे मामलों की जांच के लिए काम कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने उठाए सवाल**

बता दें कि रामसेतु को लेकर पहले से ही कई तरह की थ्योरी सामने आती रही हैं, बीजेपी लगातार कांग्रेस पर ये आरोप लगाती आई है कि वो रामसेतु के अस्तित्व को नहीं मानती। वहीं अब सरकार के संसद में जवाब से मामला और गरमा गया है। अब कांग्रेस इस मुद्दे पर सरकार को घेर रही है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्विटर पर सरकार के इस जवाब को पोस्ट करते हुए लिखा, सभी भक्त जन कान खोल कर सुन लो और आंखें खोल कर देख लो। मोदी सरकार संसद में कह रही है कि राम सेतु होने का कोई प्रमाण नहीं है। पवन खेड़ा के अलावा तमाम विपक्षी नेता अब इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं और कह रहे हैं कि बीजेपी की असली सच्चाई सामने आ गई है।

**क्या है रामसेतु का विवाद**

रामसेतु को लेकर कई पौराणिक कथाओं का हवाला देते हुए दावे किए जाते हैं। सबसे बड़ा दावा ये है कि भगवान राम ने इस सेतु को लंका पर चढ़ाई करने के लिए बनाया था। जिसमें बंदरों की सेना ने उनकी मदद की थी। वहीं मुस्लिम पक्ष की तरफ से दावा किया जाता है कि आदम ने इस पुल को बनाया था। अगर साइंटिफिक रिसर्च की बात करें तो एक्सपर्ट्स का कहना है कि समुद्र में उस जगह पानी उथला होने के चलते पत्थर दिखने लगे हैं। इसे लेकर साल 2007 में यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि ऐसे कोई भी प्रमाण नहीं है कि कथित रामसेतु को इंसानों ने बनाया था। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ था, जिसका जिक्र आज भी बीजेपी के कई नेता करते हैं।

## सीएम भगवंत मान ने मार्कफेड के नवनियुक्त उम्मीदवारों को बांटे नियुक्ति पत्र



चंडीगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को मार्कफेड में नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने पंजाब में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस मौके पर मार्कफेड के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कर्मचारियों को सेक्टर-35 स्थित म्युनिसिपल भवन में नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने कर्मचारियों से ईमानदारी और निष्ठा से काम करने का आह्वान किया।

## जयवर्धन सिंह ने सीएम को पत्र लिख आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े को लेकर सीबीआई जांच की मांग

भोपाल, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना घोटाले का मामले गरमाता ही जा रहा है। अब कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जयर्वधन सिंह ने पत्र में स्वास्थ्य विभगा और मंत्री पर आरोप लगाया कि सदन में आयुष्मान योजना को लेकर गलत जानकारी दी गई। उन्होंने लिखा कि सदन में दिया गया जवाब और आयुष्मान पोर्टल पर दी गई जानकारी अलग-अलग हैं। जयवर्धन सिंह ने कहा कि लिखित जवाब और पोर्टल में आंकड़ों में हेरफेर है। सदन में दी गई जानकारी के अनुसार भोपाल में आयुष्मान योजना में 114 अस्पताल जुड़े हुए हैं। जबकि आयुष्मान विभाग के पोर्टल पर भोपाल जिले में लगभग 213 अस्पताल रजिस्टर्ड हैं। सिंह ने लिखा कि उन्होंन कि उन्होंने चिकित्सालय पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी तो उसका जवाब भी अधूरा दिया गया है। जवाब में 154 निलंबन चिकित्सालय बताए गए, जबकि पोर्टल पर 318 चिकित्सालय निलंबन दर्शाये गए।

## अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ ने बचाई एक आदमी की जान, त्वरित कार्रवाई के मुरीद हुए बीजेपी नेता



अहमदाबाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के एक जवान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर बेहोश पड़े एक व्यक्ति की चिकित्सा प्रक्रिया (सीपीआर) करके उसकी जान बचाई। कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक आपातकालीन जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसे तब किया जाता है, जब दिल धड़कना बंद कर देता है। इस घटना का वीडियो बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर ने ट्विटर पर शेयर किया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, सीआईएसएफ जवान की त्वरित कार्रवाई ने हवाई अड्डे पर एक जान बचाई। इस महान बल को सलाम। सुनील देवधर के ट्वीट का जवाब देते हुए, अहमदाबाद हवाई अड्डे ने जवाब दिया, प्रिय श्री देवधर, हमारे सीआईएसएफ जवानों की सराहना के लिए धन्यवाद। वे वास्तव में मानवता को बचाकर हमें और हमारे देश को गौरवान्वित करते हैं। इन नायकों का आभार। ट्विटर पर मौजूद अन्य यूजर्स ने भी सीआईएसएफ जवानों को सलाम किया। एक यूजर ने लिखा, जवान और अन्य लोगों को सलाम, जिन्होंने उस आदमी को बचाया, लेकिन कृपया वीडियो को सोशल मीडिया या किसी पब्लिक डोमेन पर पोस्ट न करें।

## 'प्रधानमंत्री की वन नेशन-वन हेल्थ सोच पर करेंगे काम'

### कोरोना से निपटने की तैयारी पर बोले सिंधिया



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में कोरोना से निपटने की तैयारी को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गुरुवार को कोरोना की तैयारियों के संबंध में शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पीएम मोदी की स्पष्ट सोच रही है- 'वन नेशन वन हेल्थ'। उसी के सहारे देश में जन-जन ने मिलकर कोविड का सामना किया। जिस देश में सिर्फ एक टेस्टिंग लैब थी उसी भारत में आज 3388 टेस्टिंग लैब हैं। सिंधिया ने कहा कि दूर-दराज के इलाकों में खून, वैक्सीन और दवा की डिलीवरी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। 2014 में केवल छह एम्स थे और आज देश में 22 एम्स हैं। एमबीबीएस सीटों में 90 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

## आप की शैली ओबेरॉय मेयर पद की उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल होंगे डिप्टी मेयर प्रत्याशी

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। शैली ओबेरॉय आम आदमी पार्टी की मेयर उम्मीदवार होंगी। शैली पटेल नगर विधानसभा के वार्ड 86 से पार्षद हैं। आम आदमी पार्टी ने आज यह घोषणा की। आम आदमी पार्टी की तरफ से डिप्टी मेयर उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल होंगे। मोहम्मद इकबाल मटिया महल के वार्ड 76 से पार्षद हैं। दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी को 250 सीटों में से 134 और भाजपा को 104 सीटें मिलीं थी। इस तरह से आम आदमी पार्टी के पास बहुमत है। 6 जनवरी





2023 को दिल्ली नगर निगम की पहली बैठक होनी है। इसी में मेयर और डिप्टी मेयर पर फैसला होगा। अगर दिल्ली नगर निगम में मेयर चुनने के लिए सांसदों और विधायकों के वोट भी गिने जाएं तो भी आम आदमी पार्टी के पास बहुमत है। आम आदमी पार्टी के पास कुल 151 वोट हैं तो भाजपा के पास 111। मेयर और डिप्टी मेयर पद को लेकर आशंका इसलिए ज्यादा थी कि दिल्ली नगर निगम में पार्षदों पर दल कानून लागू नहीं होता। साथ ही लंबे समय बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष में बहुत कम अंतर है। इसलिए उम्मीद जताई जा रही थी कि भाजपा मेयर और डिप्टी मेयर पद पर उलटफेर कर सकती है। उधर, बीजेपी दिल्ली नगर निगम में होने वाले मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। पार्टी ने आज यह औपचारिक घोषणा कर दी। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और भाजपा नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हम लोग इस बारे में बता चुके हैं कि बीजेपी मेयर के चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी।

## अभिनेता सोनू सूद बोले- कोरोना फिर आ रहा है

### मेरा फोन नंबर वही है, जरुरत पड़े तो याद करना

इंदौर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। शुक्रवार को अभिनेता सोनू सूद मुबंई की उड़ान से इंदौर पहुंचे। उन्होंने मास्क भी लगा रखा था। विमानतल पर उन्हें प्रशंसकों ने घेर लिया तो उन्होंने सबका अभिवादन किया। मीडिया से उन्होंने चर्चा में कहा कि इंदौर में मेरा बचपन गुजरा है। अब यह ज्यादा स्वच्छता रहते लगी है। इंदौर आने के बाद सराफा और 56 दुकान जाना मुझे बहुत पसंद है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना फिर आ रहा है। मेर फोन नंबर वही है। जरुरत पड़े तो याद करना। सोनू ने यह भी कहा कि कोरोना की नई लहर से घबराने की जरुरत नहीं है। मास्क पहने और



सर्तकता बरते। आपको बता दें कि कोरोना की दोनों लहरों में सोनू सूद ने काफी लोगों की मदद की थी। उन्होंने अपने खर्च पर बसों में मजदूरों को उनके घरों तक पहुंचाया था। इसके अलावा इंदौर में भी उन्होंने एक अस्पताल में आक्सीजन प्लांट लगाने की पेशकश की थी। उन्होंने इंदौर दो बच्चों की मदद के लिए भी पैसा भेजा था।

**महाकाल के किए दर्शन**

सोनू सूद इंदौर में एक स्कूल के निजी आयोजन में शामिल होने आए है। विमानतल से वे कार से सीधे उज्जैन के लिए रवाना हुए। वहां उन्होंने महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद वे फिर इंदौर आएंगे। इसके बाद वे शनिवार को मुबंई लौटेंगे। विमानतल पर उनके स्वागत के लिए उनके इंदौर के कुछ मित्र भी आए थे। उन्होंने उसने भी विमानतल पर मुलाकात की।

## विक्षिप्त व्यक्ति ने मां समेत तीन लोगों की हत्या की छह अन्य घायल

अनंतनाग, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी के जिला अनंतनाग में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने मां समेत तीन लोगों की हत्या कर दी है। घटना जिले अनंतनाग के ऐशमुकाम इलाके की है। इस मामले में छह अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को अस्पताल दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कथित तौर पर मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने आज सुबह अशमुकाम इलाके में हंगामा करते हुए माता-पिता और पड़ोसियों पर हमला कर दिया। इस दौरान उसकी मां सहित तीन लोगों की मौत हो गई है और करीब छह घायल हो गए हैं।

## मुकेश अंबानी के एंटीलिया आवास बम मामले में सिपाही काजी को मिली जमानत

**सबूत मिटाने का है आरोप**



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तार सिपाही रियाजुद्दीन काजी को जमानत दे दी है। काजी को उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास एक वाहन में विस्फोटक मिलने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि काजी ने निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे की मिलीभगत से सबूतों को नष्ट किया था। जब अंबानी के आवास एंटीलिया के बाहर जिलेटिन स्टिक्स से लदी स्कॉर्पियो कार मिली थी। तब सचिन वाजे के साथ काम करने वाले काजी को मुंबई क्राइम ब्रांच की क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट में तैनात किया गया था। काजी पर आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश का पक्ष) और 201 (अपराध के सबूत मिटाने) के आरोप लगाए गए हैं। पिछले साल 13 मार्च को सचिन वाजे की गिरफ्तारी के बाद काजी की भूमिका सामने आई थी। दरअसल, 25 फरवरी, 2021 को मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के बाहर लावारिस मिले एक वाहन में विस्फोटक बरामद किए गए थे। इस वाहन को लेकर कारोबारी हिरेन मनसुख ने दावा किया था कि यह चोरी हो गया था। इसके बाद गत वर्ष 5 मार्च को मनसुख मुंबई के समीप ठाणे जिले में एक नाले में मृत मिला था। इस मामले ने महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल ला दिया था। इसी मामले में आगे चलकर मुंबई व महाराष्ट्र पुलिस पर अवैध वसूली के आरोप लगे थे। मुंबई के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख पर 100 करोड़ रुपये की अवैध वसूली के आरोप लगाए थे। देशमुख व वाजे अब भी जेल में हैं।

## अदालत ने सेना के जवान को चेताया

### कहा- शादी नहीं की तो 'वाइफ' और 'लाइफ' दोनों से हाथ धो बैठोगे

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। शादी का झांसा देकर एक महिला से संबंध बनाने के आरोपी सैनिक को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत देते हुए हुए चेताया है कि अगर उसने उस महिला के साथ शादी नहीं की तो उसे 'वाइफ' और लाइफ, दोनों से हाथ धोना पड़ेगा। जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस व्रिकम नाथ की पीठ ने आरोपी मान सिंह (परिवर्तित नाम) को अग्रिम जमानत देते हुए कहा है कि सुनवाई की अगली तारीख से पहले अगर वह उस महिला से शादी नहीं करता है तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। पीठ ने पाया कि महिला भी आरोपी जवान से शादी करने के लिए तैयार है। पीठ ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख जनवरी के आखिरी हफ्ते तय की है। अग्रिम जमानत के लिए सिंह ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से राहत नहीं मिलने के बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील के इस तर्क पर भी गौर किया कि उसका मुवक्किल सेना में है और छुट्टी नहीं मिल पाने के कारण वह शादी नहीं कर सका। वकील ने बताया कि वह इसी महीने छुट्टी पर घर आने वाला है।

## 'घर के सामने से उठा ले गए, अपराधी तुरंत हों अरेस्ट

### दिल्ली में 5 साल की बच्ची से रेप पर स्वाति मालीवाल ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तरी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में करीब पांच साल की एक मासूम के साथ रेप का मामला सामने आया है। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। स्वाति मालीवाल ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, 5 साल की बच्ची का दिल्ली में रेप किया गया है। उसको भलस्वा डेयरी में घर के सामने से उठा के ले गए



और बच्ची झील के पास पायी गई। अभी अस्पताल में उसकी सर्जरी हुई है। मेरी टीम उसके साथ है। हमने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है जिससे अपराधी तुरंत अरेस्ट हों! दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बच्ची का अपहरण शाम को उस वक्त किया गया, जब वह अपने घर के पास खेल रही थी। गुरुवार (22 दिसंबर) सुबह वह पास के एक पार्क में मिली। पुलिस के अनुसार, बुधवार (21 दिसंबर) की रात को 5 साल की एक बच्ची के लापता होने के संबंध में सूचना मिली थी। बच्ची का पता लगाने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें आरोपी बच्ची को गोद में ले जाते हुए नजर आया। अधिकारी ने कहा, आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमने विभिन्न पहलुओं पर गौर करने और आरोपियों का पता लगाने में विशेष कर्मचारियों की 10 टीमों को लगाया है। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधी तक नहीं पहुंच सकी है। इसे लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में भी रेप की एक वारदात सामने आई है। कथित तौर पर यहां एक महिला को धोखे से होटल में बुलाकर रेप किया गया।

## दिल्ली दंगा मामले के आरोपी

### उमर खालिद जेल से हुए रिहा, कड़कड़डूमा कोर्ट से मिली थी अंतरिम जमानत



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद को जेल से रिहा कर दिया गया है। जेल अधिकारियों ने ये सूचना दी। उमर खालिद को दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी। जिसके बाद अब उन्हें रिहा किया गया है। खालिद को उनकी बहन की शादी में शामिल होने के लिए ये राहत मिली है। हालांकि एक हफ्ते बाद उमर खालिद को फिर से सरेंडर करना होगा। पिछले कई महीनों से जेल में बंद उमर खालिद ने कोर्ट से अपनी बहन की शादी के लिए रिहाई की गुहार लगाई थी। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए 23 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक के लिए अंतरिम जमानत देने का फैसला सुनाया।

**कोर्ट ने कई शर्तों के साथ दी अंतरिम जमानत**

दिल्ली की कोर्ट ने उमर खालिद को कई शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है। खालिद से कहा गया है कि वो इस दौरान किसी भी मीडिया चैनल को इंटरव्यू नहीं दे सकता है। मीडिया से किसी भी तरह की बातचीत नहीं कर सकता है। इसके अलावा उमर खालिद को लगातार जांच अधिकारी के संपर्क में रहने के लिए भी कहा गया है। इन शर्तों का उल्लंघन करने पर अंतरिम जमानत तुरंत रद्द करने की बात कही गई है।

**दिल्ली दंगा मामले में हुई थी गिरफ्तारी**

राजधानी दिल्ली में फरवरी 2020 में सीएए विरोधी आंदोलन के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसने एक दिन बाद दंगों का रूप ले लिया। इन दंगों में करीब 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। दंगों के बाद मामले की जांच शुरू हुई और कई लोगों को इसके लिए गिरफ्तार किया गया। जिनमें उमर खालिद का नाम भी शामिल था। उमर खालिद पर दंगों की साजिश रचने का आरोप है। जिसके चलते पिछले कई महीनों से वो जेल में हैं। इस मामले को लेकर उमर खालिद की जमानत याचिका कई बार खारिज हो चुकी है।

दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में खालिद की जमानत का विरोध किया। पुलिस ने हाईकोर्ट से कहा कि जमानत अर्जी पर विचार न करें। इस दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि कैसे उमर खालिद ने दंगों के दौरान पूरी दिल्ली को जाम करने की साजिश रची थी। पुलिस ने कोर्ट में खालिद की वॉट्सऐप चैट्स का जिक्र किया। जिनमें चक्का-जाम की बात कही गई थी।

## दलाई लामा के उत्तराधिकारी चुनने में चीन ने अड़ाई टांग, भड़के बौद्ध



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने को लेकर किए गए चीनी दावे का भारत में पुरजोर विरोध हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय बौद्ध संगठनों ने कहा है कि 14वें दलाई लामा की नियुक्ति में चीन का हस्तक्षेप हमें स्वीकार नहीं है। चीनी दावे के खिलाफ भारत के कई शहरों में बौद्ध संगठन विरोध कर रहे हैं। बौद्ध संगठनों का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार सिर्फ दलाई लामा के पास ही है।

**चीन क्यों कर रहा है दावा?**

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने को लेकर चीन ने दावा किया था कि 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो के अगले उत्तराधिकारी को चुनने का एकमात्र अधिकार बीजिंग के पास है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार अगले दलाई लामा के चयन अधिकार को लेकर किए गए इस दावे पर अडिग है और किसी तरह का समझौता करने के मूड में नहीं दिख रही है। दरअसल, चीन तिब्बत को अपने देश का हिस्सा बताता है। वहीं, दलाई लामा आजाद तिब्बत की मुहिम चलाते हैं। इस स्थिति में अगर चीन अगला दलाई लामा नहीं चुन पाता है, तो तिब्बत पर उसका दावा कमजोर हो जाएगा।

**बौद्ध संगठनों का क्या है कहना?**

लद्दाख से लेकर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला तक के भारतीय बौद्ध संगठन चीनी हस्तक्षेप की कोशिश के खिलाफ विरोध दर्ज करा रहे हैं। चीन की इस मनमानी के खिलाफ बौद्ध संगठनों ने एक प्रस्ताव भी पारित किया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी सिर्फ दलाई लामा ही चुन सकते हैं। दरअसल, चीन की ओर से किया जा रहा दावा अमेरिकी-तिब्बत नीति के खिलाफ है। इस नीति के अनुसार, दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार तिब्बतियों के पास ही रहेगा।

**कहां जन्म लेंगे अगले दलाई लामा?**

तिब्बत के दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो को दो साल की उम्र में उत्तराधिकारी चुना गया था। भारत में निर्वासित जीवन बिता रहे बौद्धों का कहना है कि तेनजिन ग्यात्सो ही अपना उत्तराधिकारी चुनेंगे। बौद्ध संगठनों के मुताबिक, दलाई लामा साफ कर चुके हैं कि उनका अगला जन्म ना तिब्बत में होगा, ना ही चीन में। उनका उत्तराधिकारी इन दोनों देशों की सीमाओं से बाहर जन्म लेगा। अगर चीन की ओर से कोई दूसरा दलाई लामा खड़ा करने की कोशिश की जाएगी, तो हम उस फैसले को नहीं मानेंगे। बौद्धों ने भारत सरकार को फिंगर एरिया और लद्दाख में बकरी चरवाहों को आगे तक जाने देने की मांग भी की।

## नारनौल में सिलेंडर में लगी आग

### घर में सप्लाई के लिए रखे थे; व्यक्ति झुलसा, स्कूटी और अन्य सामान जला

नारनौल, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में नारनौल शहर के मोहल्ला दया नगर में एक घर में रखे सिलेंडरों में से एक सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में सिलेंडर सप्लाई करने वाला व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। वहीं आग से घर में खड़ी स्कूटी और अन्य सामान भी जल गया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। नारनौल शहर के मोहल्ला दया नगर निवासी जगदीश कुमार भारत गैस एजेंसी के सिलेंडर सप्लाई का कार्य करता है।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: किसी भी काम में पूर्ण बनने के लिए लागातार अभ्यास की जरूरत है। शिक्षा में भी।



## सभी क्षेत्र में साइबर अपराध व महिला थाना स्थापित करने की योजना : सीपी

### बेगमपेट महिला पुलिस थाने के नए भवन का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने राज्य की राजधानी में महिला सुरक्षा और लोगों में पुलिस इंटरफेस को बढ़ाने के उद्देश्य से दो नई सुविधाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने उत्तर क्षेत्र में बेगमपेट महिला पुलिस थाने के नए भवन का उद्घाटन किया। नई सुविधा में कर्मियों के लिए बैरक, आधुनिक कार्य स्टेशन, परामर्श कक्ष और रिकॉर्ड रूम जैसी कई सुविधाएं हैं। ग्राउंड फ्लोर में एडमिन एसआई के कार्यालय, रिसेप्शन काउंटर और पहली मंजिल में एसएचओ कार्यालय, तकनीकी टीमों के लिए वर्क स्टेशन आदि हैं। इसमें आगंतुक अनुकूल डिजाइन, आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र, अलग-अलग एबल्ड के लिए आसान पहुंच इस सुविधा की कुछ प्रमुख विशेषताएं हैं। उत्तर क्षेत्र डीसीपी चंदना दीप्ति और उत्तर क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, सीपी आनंद ने नई सुविधा का निरीक्षण किया। अपने संबोधन के दौरान सीपी आनंद ने महिला थाने के स्टाफ अधिकारियों को संकट में फंसी महिलाओं की शिकायतों के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए। सीपी ने कहा कि आधुनिक इन्फ्रा विकास सेवाओं को प्रभावी ढंग से प्रदान करने में मदद करता है। साइबर अपराधों में वृद्धि को देखते हुए, हम प्रत्येक क्षेत्र में 1 साइबर अपराध थाना और 1 महिला थाना स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। राज्य की राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा में अग्रणी हैदराबाद सिटी पुलिस की इनकॉग्निटो एसएचई टीम यूनिट को सीपी आनंद द्वारा यहां एचएसीए भवन में नए ब्लॉक के उद्घाटन के साथ इंफ्रा, गैजेट्स और मैन पावर के मामले में महत्वपूर्ण वृद्धि मिली है। उद्घाटन के बाद, सीपी आनंद के साथ एडिशनल सीपी, क्राइम एआर श्रीनिवास और अन्य अधिकारियों ने पूरी सुविधा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल स्क्रीन से लैस 5 एवी वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता पैदा करने के लिए इन वाहनों को वार्डों और समुदायों में तैनात किया जाएगा।

## हवाई अड्डे ने नए कोविड दिशा-निर्देशों की घोषणा की

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चीन में कोविड-19 मामलों में तेज वृद्धि देखने के बाद देश में सकर्कता बढ़ाई जा रही है। शुक्रवार को, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरटीआईए) ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए हैदराबाद हवाई अड्डे पर आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। शनिवार से प्रभावी होने वाले दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका पूरी तरह से टीकाकरण हो। इसने आगे कहा कि दो प्रतिशत यात्री आगमन पर बेतरतीब ढंग से आरटी-पीसीआर परीक्षण से गुजरेंगे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने घोषणा की कि कोविड पॉजिटिव यात्रियों को आइसोलेशन प्रोटोकॉल के बारे में सूचित किया जाएगा। एक कंपनी के नए अनुमान के मुताबिक, चीन में पहले से ही हर दिन एक लाख से अधिक नए संक्रमण और कम से कम 5,000 मौतें हो रही हैं।

## अग्रमंच के 100वें अंक का लोकार्पण 1 जनवरी को, 18 विशिष्ट लोग होंगे सम्मानित

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी मासिक अग्रमंच के 100वें अंक का लोकार्पण रविवार 1 जनवरी को दोपहर 3 बजे रेड हिल्स लड़की का पुल स्थित एफटीसीसीआई भवन में होगा। एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त लोकार्पण समारोह के आयोजन समिति के प्रमुख ने बताया कि दिलीप पंसारी के द्वारा प्रकाशित और संपादित दिसंबर का यह अंक अपने आप में विशिष्ट होगा जिसमें 8 की बजाये 24 पृष्ट होंगे। इस अंक में कई महत्वपूर्ण संदेसों के सात कई विज्ञापन और अन्य रोचक सामग्री भी होंगे। इस अवसर पर विशेष उपलब्धि हासिल करने तथा विभीन्न क्षेत्रों में विशेष सेवा प्रदात करने वाले 18 लोगों को सम्मानित किया जायेगा। अवार्ड समिति के प्रमुख मनोज गोयल ने बताया कि हिन्दी भाषा के उपयोग, पयोग तथा जागरूकता हेतु सदैव प्रयत्नरत रहे विश्वेश्वरनाथ गुप्त को मरणोपरान्त अग्रमंच गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। आरपी तोवल कडे चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी बहुमुक्त सेवाओं हेतु अग्रमंच रत्न सम्मान दिया जायेगा।

## राजनीतिक दलों के भ्रष्ट नेताओं का अड्डा है वीआरएस : एनवीएसएस



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष एनवीएसएस प्रभाकर ने आज आरोप लगाया कि बीआरएस पार्टी और कुछ नहीं, बल्कि विभिन्न राजनीतिक दलों के भ्रष्ट नेताओं का मिश्रण है। आम आदमी पार्टी, टीएमसी, सपा जैसे कुछ राजनीतिक दल, जो लोगों विशेषकर किसानों की समस्याओं को कम करने के लिए एक पारदर्शी सरकार प्रदान करने में विफल रहे हैं। उनका एक संगठन बनने जा रहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव राज्य के लोगों की समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह से विफल रहे हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने सीएम केसीआर पर राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका निभाने के नाम पर नई बीआरएस पार्टी बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीआरएस दूसरे दलों से दरकिनार किए गए नेताओं के लिए पुनर्वास केंद्र होगा। प्रभाकर ने आरोप लगाते हुए कि सीएम केसीआर और सीएम की बेटी के कविता सहित अन्य बीआरएस नेता और कुछ मंत्री भ्रष्टाचार के गहरे पानी में डूबे हुए हैं और सभी भ्रष्ट बीआरएस नेताओं को आश्रय देने का प्रयास किया जा रहा है। जब तेलंगाना के लोगों की भावनाओं का इस्तेमाल कर टीआरएस का गठन किया गया था तब स्थिति अलग थी। लेकिन अब लोगों को सीएम केसीआर के खोखले वादों की नौटंकी का एहसास हो गया है। केसीआर तेलंगाना राज्य के किसानों की समस्याओं का समाधान करने में असफल रहे तो वे देश के किसानों की समस्याओं का समाधान कैसे कर सकते हैं। प्रभाकर ने कहा कि वह राज्य के लोगों से एकत्र कर के पैसे का दुरुपयोग करके केवल दूसरे राज्यों के किसानों को चेक वितरित कर सकते हैं। प्रभाकर ने कहा कि जब दुनिया के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की नेतृत्व क्षमता और प्रदर्शन की सराहना कर रहे हैं, तो एक राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने सभी मोर्चे पर अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए मोदी सरकार के खिलाफ तीखा रवैया अपनाया है। पंजाब आप के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और मुख्यमंत्री केसीआर के बीच बैठक लोगों के कल्याण पर चर्चा करने के लिए नहीं है। लेकिन इसका मतलब भ्रष्टाचार के अंधेरे से बाहर निकलने के तरीकों के बारे में सोचना था क्योंकि बीआरएस और आप दोनों दलों के नेता भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम केसीआर अपनी सभी अवैध गतिविधियों की रक्षा के इरादे से बीआरएस का विस्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी और सीबीआई जैसी स्वतंत्र जांच केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ आरोप लगाकर राजनीतिक युद्ध छेड़ते हुए बीआरएस का नाम लिया। तेलंगाना कांग्रेस पार्टी की आंतरिक कलह और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को संकटमोचक के रूप में प्रतिनियुक्त करने का उल्लेख करते हुए, प्रभाकर ने कहा कि यह दिग्विजय सिंह थे जिन्होंने कांग्रेस पार्टी में टीआरएस का विलय करने की कोशिश की थी जब नया राज्य बनाया गया था।

## रामदेवपीर जीवन चरित्र मंचन कार्यक्रम में पधारने का आग्रह



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इब्राहीमपट्टनम रोड, इंजापुर स्थित पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला में आगामी शनिवार को आयोजित रामदेवपीर के जीवन चरित्र मंचन कार्यक्रम में पधारने हेतु विभिन्न समाजीक संस्थाओं के पदाधिकारीयो पधारने का अनुरोध किया गया। आयोजन समिति के किरण पटेल, रमेश पटेल एवं गुणवंत पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में पधारने हेतु श्री जैन सेवा संघ के पूर्व चेयरमेन विनोद किमती, राजस्थानी प्रगति समाज के गोविंद राठी, बीजेपी नेता सोहनलाल कडेल, वल्लभ युथ ओर्गनाईजेशन के अध्यक्ष विनोद पटेल, डेनीश पटेल, अशिष पटेल, अतुल पटेल, प्रवीण पटेल, किरण पटेल, श्री गुजराती सेवा मंडल सिकंदराबाद के ट्रस्टी जसभाई पटेल, मंत्री जनकभाई ब्रह्मभट्ट, हरीश दवे, अजय, दिनेश पटेल (निलकंठ), तरूण महेता, अतुल दढानिया, रानेश पटेल, श्री गुजराती ब्रह्माण समाज के अध्यक्ष तरूण महेता, मयुर पुरोहित तथा श्री कच्छी वागड लेवा पाटीदार समाज के अध्यक्ष धनजीभाई पटेल, रतीलाल पटेल, तेजाभाई पटेल, जिगर पटेल, शामजीभाई पटेल, जगदीश पटेल, श्री हैदराबाद कच्छ कडवा पाटीदार समाज सिकंदराबाद के ट्रस्टी नारायणभाई पटेल, मंत्री पुरुषोत्तम रामाणी, कारोबारी सदस्य केशवलाल चौधरी, लक्षमणभाई रवाणी, महेन्द्र रवाणी, गायत्री महिला मंडल की कल्पना दवे, राधिका भट्ट, कल्पना शाह, स्मीता शाह, राधीका शाह, शितल शाह, श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज महिला मंडल सिकंदराबाद मुसापेट कुकटपल्ली क्षेत्र अध्यक्ष संगीताबेन रवाणी, सहमंत्री दिपा छाभैया, सदस्य वर्षा लिंबाणी, जयश्रीबेन चौधरी, प्रेमीलाबेन लिंबाणी, कमला चौधरी, मिना रवाणी, विजया सेंघाणी, वर्षा पोकार आदि को पत्रिका भेट कर कार्यक्रम मे पधारने का निवेदन किया गया। अवसर पर किरण पटेल, रमेश पटेल, जसमत पटेल, गुणवंत पटेल, रमेश पटेल, दिनेश पटेल, दिनेश लालगुरू, रामकृष्ण पटेल, आर.के. जैन, रिद्धीश जागीरदार आदि ने विभिन्न संस्थाओ को आमंत्रित किया।

## वीरमगुडा गौशाला में श्री गौमाता यज्ञ एवं बारहवां वार्षिकोत्सव कल

### कार्यकर्ताओं ने लिया तैयारी का जायजा



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वीरमगुडा स्थित अमीनपुर मंडल संगारेड्डी जिला के प्राकृतिक वातावरण व धार्मिक स्थल पर बसी श्री ब्रहंरम्भा मल्लिकार्जुना स्वामी गौशाला में श्री कामधेनु जीव रक्षा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री गौमाता यज्ञ महोत्सव एवं बारहवां वार्षिक उत्सव रविवार दिनांक 25 दिसम्बर को भव्यरुप से आयोजित किया जाएगा।

गौशाला चेयरमैन सोहनलाल दायमा व प्रेसिडेन्ट ए.दामोदर रेड्डी ने बताया कि रविवार 25 दिसम्बर प्रात: 9 बजे से हवन-यज्ञ, महाआरती, गौपूजन व दीप प्रज्वलितकर बारहवे वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारम्भ बत्तौर मुख्यअतिथि महिपाल रेड्डी विधायक पटेनचेरु, पांडुरंगा रेड्डी म्युनिसिपल चेयरमैन अमीनपुर, भीम रेड्डी डीएसपी पटेनचेरु, सम्मानित अतिथियों, पदाधिकारीयों व गौभक्तों के सानिध्य मे किया जाएगा। कार्यक्रम मे पधारे गौभक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था मध्यान् 12.15 बजे से कार्यक्रम स्थल पर रहेगी।

महोत्सव को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य एवं मासिक गौदानदाता प्रमुखरुप से उपस्थित रहेंगे। चेयरमैन सोहनलाल दायमा ने बताया कि दक्षिण भारत की सबसे बड़ी गौशालाओं मे से एक जहां एक हजार से ज्यादा गायों व कबूतरों का संरक्षण होता है।

उनकी सेवार्थ गौभक्तों से निवेदन है बारहवें वार्षिकोत्सव मे पधारकर गौपूजन एवं कबूतरों को दाना देकर पुण्य का लाभ प्राप्त करे।

## केंद्र का स्पष्टीकरण : काजीपेट में कोई रेलवे कोच फैक्ट्री नहीं

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की घोर अवहेलना करते हुए, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि तेलंगाना के काजीपेट में रेल कोच फैक्ट्री स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। राज्य सरकार के बार-बार अनुरोध और आवश्यक भूमि के आवंटन के बावजूद, केंद्र काजीपेट में आरसीएफ की स्थापना से बच रहा है।

शुक्रवार को राज्यसभा में बीआरएस सांसद केआर सुरेश रेड्डी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र के रुख को दोहराया कि रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना के लिए भविष्य में कोचों की निरंतर मांग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौजूदा कारखानों में मौजूदा क्षमता और नियोजित वृद्धि निकट भविष्य में भारतीय रेलवे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से केंद्र की भाजपा सरकार ने कहा था कि नए रेलवे कोच कारखाने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि, पिछले आठ वर्षों में, केंद्र सरकार ने दो रेलवे कोच कारखानों को मंजूरी दी - एक पिछले साल महाराष्ट्र के लातूर में और दूसरा दो दिन पहले असम के कोकराझार में। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और मंत्री केटी रामाराव ने हाल ही में रेल कोच फैक्ट्री की मंजूरी में तेलंगाना के प्रति केंद्र के भेदभाव पर निराशा व्यक्त की थी।

## विधायक कांतिलालभाई अमृतिया का नगरागमन आज



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मोरबी मालिया गुजरात के विधायक, लोकलाडिले भाजपा नेता कांतिलालभाई अमृतिया (कानाभाई) का कल शनिवार को नगरागमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा। डोंग्रेजी महाराज गौशाला के जसमत पटेल एवं रिद्धीश जागीरदार ने बताया कि शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंनतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रातः 10 बजे विधायक कांतिलालभाई अमृतिया का स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया, जिसमें युवा मित्र मंडल भाग्यनगर हैदराबाद एवं पूज्यश्री रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला इंजापुर हैदराबाद, लव फॉर काऊ फाउंडेशन, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन, आल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट, पाटीदार समाज हैदराबाद, उमिया पाटीदार समाज, श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज, कच्छी समाज, पटेल एन्ड कम्पनी ग्रुप, पटेल परिवार आदि की ओर से उनका भव्य स्वागत किया जायेगा।

## सीएम केसीआर ने कैकला सत्यनारायण के निधन पर शोक जताया



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को यहां एक बयान में वयोवृद्ध तेलुगु अभिनेता कैकला सत्यनारायण के निधन पर शोक व्यक्त किया और प्रसिद्ध अभिनेता के साथ अपनी दोस्ती को याद किया।

चंद्रशेखर राव ने कहा कि कैकला सत्यनारायण ने तेलुगु फिल्मों में किसी भी तरह के किरदार निभाने की अपनी सहज क्षमता के साथ खुद को तेलुगु लोगों का प्रिय बना लिया है।

उन्होंने सत्यनारायण के निधन को तेलुगू फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया। सीएम ने उनके परिजनों को सांत्वना दी।



विश्वमंगल गौशाला में अमावस्या पर सभी गौ भक्तों ने तन मन धन की सेवा दी और भोजन प्रसादी के लाभार्थी नारायण राम सीरवी मेडचल ग्रुप और उपस्थित रहे दुर्गा रेड्डी, टीवी सुरेश, लूबाराम सीरव,ी गौशाला मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार व अन्य।



अमावस्या पर मेडचल स्थित कालाकल या देवी श्री आइजी एसवीएसटी गौशाला में गौ सेवा करते हुए गौशाला के संस्थापक ताराराम सीरवी, मग्नूराम, मोहन, आशाराम, चुन्नीलाल, चौथाराम, वेनाराम, कालूराम, गणेशराम, प्यारीबाई, अनसीबाई, चौथीबाई, कमलाबाई, अनीता एवं अन्य।

भारतीय रेल
रेलवे विद्युतीकरण

पीयूडी/1138

सार्वजनिक अधिसूचना
प्रारूप 10-01

नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हुए खंड पर स्थित रेलवे लाइंस एवं परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है :

**सेक्शन : सिकन्दराबाद डिवीज़न : सिकन्दराबाद पर सिकन्दराबाद मिलिटरी साइडिंग।** यात्रियों के सार्वजनिक परिवहन हेतु चार लाइन्स ए-मेनलाइन नं. 1 एवं 2, बी - मेन लाइन 1 एवं 2 (**आरकेएम : 4.272 किमी एवं टीकेएम : 7.200 किमी**) को मिलाकर **ओएचई मास्ट लोकेशन** : 194ए/42 (किमी / सीएच 194ए/824/36.70) से एमएस-4/10-10ए (किमी/सीएच. 04/269.60) तक।

दक्षिण मध्य रेलवे के, सिकन्दराबाद मिलिटरी साइडिंग, सिकन्दराबाद, सिकन्दराबाद डिवीज़न में चार लाइन्स ए-मेनलाइन नं. 1 एवं 2, बी - मेनलाइन 1 एवं 2 (**आरकेएम : 4.272 किमी एवं टीकेएम 7.200 किमी**) को मिलाकर **ट्रैक्शन मास्ट लोकेशन** : 194ए/42 (किमी / सीएच 194ए /824/36.70) से एमएस-4/10-10ए (किमी / सीएच : 04/269.60) तक।

दक्षिण मध्य रेलवे के उपरोक्त खंड में 25 केवी वोल्ट, 50 एचजेड, ए.सी. सिरोपरी कर्षण वायरों को **24-12-2022 को या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा** एवं इस तिथि से सिरोपरी कर्षण लाइनें हर वक्त सक्रिय मानी जाएँगी और कथित सिरोपरी लाइन के नजदीक कोई भी गैर अधिकृत व्यक्ति न जाएगा एवं न ही कार्य करेगा।

एसी. 25 केवी कर्षण का आरंभ
प्रारूप 10-02
''सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी''

निम्नांकित सेक्शन के मध्य 25 केवी एसी विद्युत कर्षण प्रारंभ करने के संबंध में जनसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि :

**सेक्शन : सिकन्दराबाद डिवीज़न : सिकन्दराबाद पर सिकन्दराबाद मिलिटरी साइडिंग।** यात्रियों के सार्वजनिक परिवहन हेतु चार लाइन्स ए - मेनलाइन नं. 1 एवं 2, बी - मेन लाइन 1 एवं 2 को मिलाकर **ओएचई मास्ट लोकेशन** : 194ए/42 (किमी / सीएच. 194ए/824/36.70) से एमएस-4/10-10ए (किमी/सीएच. 04/269.60) तक।

अधिक ऊँचाई के लोड्स के सजीव कर्षण तार के संपर्क या खतरनाक सामीप्य में आने से रोकने के मद्देनजर सभी लेवल क्रॉसिंगों पर हाईट गेजों को रोड लेवेल से अधिकतम 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर स्थापित किया गया है।

जनसाधारण को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों की लोडिंग के उद्देश्य के लिए उपरोक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का अवलोकन करें और देखें कि किसी भी परिस्थिति में सड़क वाहनों में ले जा रहे भार हाईट गेजों का उल्लंघन ना करें।

**लोड के अधिक ऊँचाई के खतरे इस प्रकार हैं:**
**हाईट गेज को खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ ही रेलवे लाइन को बाधा।**
**ले जाए जा रहे उपकरण या सामग्रियों या स्वयं वाहन को खतरा।**
**कंडक्टरों के संपर्क में आने या घातक समीप्यता के कारण जान का जोखिम और आग का खतरा।**

A 1509 सीनियर डिवीज़नल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (ट्रैक्शन डिस्ट्रिब्यूशन), सिकन्दराबाद

हार्दिक आभार

राजस्थान झुंझुनू जिले से **अनिलकुमार शर्मा** ओपन हार्ट सर्जरी के लिए **किम्स् हॉस्पिटल सिकंदराबाद** मे ईलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो जाने पर हॉस्पिटल का **34 लाख** का बिल पे कर बॉडी प्राप्त करने मे मृतक परिवार असमर्थ था। ऐसे वक्त मे **बीआरएस युवा नेता गुलाबसिंह राजपुरोहित, विशाल जाट, महिपाल** के विशेष निवेदन पर प्रवासी बन्धुओं की सेवा मे सदैव अग्रणीय रहे।

**बीआरएस मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव**

ने मानव सेवा ही माधव सेवा के तहत अथक प्रयास कर हॉस्पिटल का पूरा बिल माफ कराकर मृतक के पार्थिव शरीर को सुरक्षित राजस्थान पहुँचाने मे विशेष सहयोग करने पर एवं ईलाज के दौरान **ब्लड डोनर** व **एसडीपी डोनर** मंत्री महोदय व सभी सहयोग कर्ताओं का परिवार सदैव आभारी रहेगा।

---- : विशेष सहयोगी : ----



टी.श्रीनिवास यादव गारु | गुलाबसिंहजी राजपुरोहित | विशालजी जाट

महिपालजी | धर्मारामजी ढाका | प्रेमजी कच्छावाह | गोपालजी | हरिरामजी

Mobile No: 8309123167, 8121816639

P.Solankey

# आरक्षण को लेकर लखनऊ खंडपीठ में विचाराधीन याचिका पर आज फिर होगी सुनवाई

लखनऊ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी। खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है।

राज्य सरकार ने दाखिल किए गए अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है? इस पर सरकार ने कहा कि 5 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। जनहित याचिकाओं में निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का उचित लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दे उठाए गए हैं। याचियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

# छपरा नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज

छपरा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छपरा में नगर निगम चुनाव के नजदीक आते हैं चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने जीत के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। छपरा में नगर निगम बनने के बाद दूसरे चरण का चुनाव है। सीधे रूप से मतदाता द्वारा मेयर चुने जाने पर आम जनता भी काफी उत्साहित दिख रही है। इस बीच बीते समय के साथ चुनावी समीकरण और जीत हार का चर्चा जोरों पर है। छपरा नगर निगम में कुल 24 प्रत्याशी मेयर पद के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिसमें से 4 प्रत्याशी मुख्य तौर पर लड़ाई में आगे माने जा रहे हैं। छपरा में 28 दिसंबर को नगर निगम का चुनाव होना है।

छपरा नगर निगम सारण कमिश्नरी मुख्यालय है। जिसको लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। छपरा सारण कमिश्नरी का पहला और एकमात्र नगर निगम है। यहां के मेयर पद पर जीते प्रत्याशी का सारण के राजनीति में मजबूत दखलअंदाजी माना जाएगा। चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी नगर निगम में जीत के साथ कमिश्नरी सहित राज्य के राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इससे पहले जीते वार्ड पार्षदों के समर्थन के बाद मेयर निर्वाचित होते रहे हैं। लेकिन पहली बार मतदाताओं द्वारा सीधे मतदान प्रक्रिया से मेयर चुनने को लेकर मजबूत पकड़ और स्वच्छ छवि की चर्चा जोरों पर है। छपरा में मेयर पैड के लिए प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने के चलते दो ईवीएम मशीन का इस्तेमाल होना है।

छपरा नगर निगम चुनाव में राजनीतिक वर्ग से लेकर व्यवसायिक वर्ग तक के लोग काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। छपरा नगर निगम सीट सामान्य होने के चलते महिला और पुरुष दोनों लोग अपना अपना भागीदारी जता रहे हैं। नगर निगम में मेयर पद के लिए कुल 24 लोगों ने नामांकन कराया था जिसमें सभी लोग के नामांकन मान्य हो गए




और चुनाव में अपना किस्मत आजमा रहे हैं। सितंबर महीने में नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई थी लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद बीच में चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई पुणे से चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के साथ कई प्रत्याशी मैदान मैं अपनी सक्रियता रोक दी।

मेयर प्रत्याशी चुनाव के लिए जातीय और दलीय गोलबंदी के बीच चार उम्मीदवार मुख्य रूप से चुनावी समीकरण में आगे माने जा रहे है। जिसमे राखी गुप्ता, सुनीता देवी प्रिया सिंह और अरुण सिंह प्रमुख चेहरा मने जा रहे हैं।

**राखी गुप्ता**

राखी गुप्ता छपरा के चर्चित स्वर्ण व्यवसाई वरुण प्रकाश की पत्नी है राजनीतिक रूप में राखी का यह पहला चुनाव है। इससे पूर्व वह अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान का संचालन करती रही हैं। राखी वैश्य समाज से आती हैं और शहरी क्षेत्र में वैसे समाज का बड़ी संख्या में वोटर हैं। जिसके चलते वैश्य समाज के मजबूत चेहरा के रूप में राखी गुप्ता के नाम पर चर्चा जोरों पर है। पति वरुण प्रकाश भाजपा में सक्रिय रहे हैं। वह सारण जिला भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक है।

**सुनीता देवी**

सुनीता देवी नगर निकाय के राजनीति में काफी सक्रिय रहे हैं सुनीता देवी पूर्व में तीन बार वार्ड पार्षद और दो बार नगर निगम के मुख्य पार्षद पदों पर रह चुकी है। सुनीता देवी छपरा नगर निगम की निवर्तमान मेयर है। पति शत्रुघ्न राय उर्फ नन्हे राय व्यवसाय के साथ समाजसेवा से जुड़े हुए है। सुनीता देवी यादव समाज से आती है। नगर निगम क्षेत्र में यादव समाज के प्रत्याशी और निवर्तमान मेयर होने के चलते सुनीता देवी ने नाम का चर्चा जोरों पर है।

**प्रिया सिंह**

प्रिया सिंह छपरा नगर निगम की पहली महिला नियर रह चुकी हैं। छपरा नगर पालिका से नगर निगम बनने के बाद प्रिया ने पहला मेयर पद संभाला था। प्रिया देवी के पति मिंटू सिंह व्यवसाय के साथ समाज सेवा में सक्रिय रहे हैं। महिला सीट होने के चलते मिंटू सिंह ने अपने पत्नी प्रिया सिंह को वार्ड पार्षद का चुनाव जीता मेयर बनाया था। प्रिया देवी राजपूत(क्षत्रिय) समाज से आती हैं। शहरी क्षेत्र में राजपूत वोटर्स की संख्या निर्णायक मानी जाती है। पहली मेयर और राजनीतिक सक्रियता के चलते प्रिया सिंह को भी मेयर चुनाव में प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।

**अरुण सिंह**

छपरा नगर निगम में मेयर चुनाव में चर्चित नामों में से अरुण सिंह का नाम एक है। अरुण सिंह एसडीएस कॉलेज के प्राचार्य पद पर रह चुके हैं।

इससे पूर्व निर्दलीय के रूप में छपरा विधानसभा से चुनाव भी लड़ा है। काफी लंबे समय से भाजपा में सक्रिय रहे हैं। अरुण सिंह राजपूत समाज से आते हैं। लेकिन शिक्षा जगत के होने के चलते प्रत्येक वर्ग में अच्छी पकड़ मानी जा रही है।

# हाई कोर्ट में बोली योगी सरकार- ओबीसी आरक्षण के लिए अपनाया गया ट्रिपल टेस्ट फार्मूला

लखनऊ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव का मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में चल रहा है। इसपर 23 दिसंबर को अगली सुनवाई होनी है। दरअसल योगी सरकार ने निकाय चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की थी जिसपर आपत्ति जताई गई थी और स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण देने की मांग की गई।

वहीं हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका में यह भी कहा गया कि निकाय आरक्षण में सरकार ने पिछड़ों के आरक्षण में ट्रिपल टेस्ट का फार्मूला लागू नहीं किया। इसपर योगी सरकार की तरफ से जवाब दिया गया कि ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से जो व्यवस्था अपनाई गई वो सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुझाए गए 'ट्रिपल टेस्ट फार्मूला' जितनी अच्छी है।

**क्या है ट्रिपल टेस्ट फार्मूला**



सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 'ट्रिपल टेस्ट फार्मूला' में राज्य सरकार को प्रदेश के अंदर स्थानीय निकायों के पिछड़ेपन की स्थिति का आंकलन कर डेटा एकत्र करना और इसके लिए विशेष कमीशन का गठन करना शामिल है। कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर राज्य के भीतर ओबीसी आरक्षण लागू होगा। ओबीसी आरक्षण करने से पहले तीन मानकों को परखना जरूरी है। इसमें आवश्यक आरक्षण के अनुपात को देखना होगा। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सीटें कुल सीटों के 50% से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वहीं 2017 में हुए निकाय चुनाव के जब चुनाव हुए थे तो उत्तर प्रदेश नगर निगम (सीटों और कार्यालयों का आरक्षण और आवंटन), 2011 के तहत शहरी विकास विभाग ने ओबीसी के लिए 27%, अनुसूचित जाति के लिए 13% और महिला उम्मीदवारों के लिए 20% (कुल मिलाकर 60) सीटों की घोषणा की थी।

योगी सरकार की तरफ निकाय चुनाव को लेकर जारी की गई अधिसूचना पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने पहले 20 दिसंबर तक रोक लगा दी थी लेकिन सुनवाई की तारीख जैसे-जैसे आगे बढ़ी, स्टे की समय सीमा भी बढ़ती रही। अब इस मामले की सुनवाई 23 दिसंबर को होगी। अगर अदालत राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाता है तो यूपी निकाय चुनाव जनवरी में हो सकते हैं। वहीं अगर कोर्ट का फैसला योगी सरकार के खिलाफ आता है तो संभव है कि चुनाव अप्रैल-मई तक हों।

# बिहार में जानलेवा हुई ठंड, 2 की मौत

## गया और भागलपुर सबसे ठंडा, कोहरे से कई ट्रेनें लेट, हवाई यात्रा पर भी पड़ा असर



पटना, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार में शीतलहर की वजह से कनकनी बढ़ गई है। सीवान और लखीसराय में ठंड के चलते 2 लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर 'येलो' अलर्ट भी जारी किया है। पटना, भागलपुर, पूर्णिया, मोतिहारी, सीतामढ़ी समेत कई इलाकों में सुबह-सुबह घना कोहरा छाया रहा है। कोहरे के चलते ट्रेनों और विमानों के अलावा दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। गुरुवार को दिल्ली से पटना आने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस 47 मिनट लेट आई। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस भी 30 मिनट लेट हो गई। वहीं पटना एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की फ्लाइट 8721 करीब सवा घंटा लेट आई। गो एयर का दिल्ली जाने वाला विमान 22 मिनट देरी से आया। वहीं एयर इंडिया की दिल्ली की फ्लाइट करीब 27 मिनट से आई। वहीं मौसम विभाग की माने तो पहाड़ी इलाकों में चल रही बर्फीली हवा का प्रकोप जारी है। जिसकी वजह से प्रदेश के कई जिलों में कनकनी बढ़ गई है। मौसम विभाग की ओर से यह कहा गया है कि आने वाले अगले सप्ताह में मौसम भले ही साफ रहेगा लेकिन सुबह और रात के समय कोहरा छाया रहेगा। गाड़ियों को सावधानी से ड्राइव करना जरूरी है, क्योंकि विजिबिलिटी पूरी तरह कम हो जाएगी।

मौसम विभाग के द्वारा ठंड और शीतलहर को लेकर 'येलो' अलर्ट भी जारी किया गया है। इधर, बिहार के कई 10 जिलों की हवा जहरीली हो चुकी है, एक्यूआई 400 के पार हो चुका है, जिसमें बेगूसराय, पटना समेत अन्य शहर शामिल हैं।

# बरेली के सरकारी स्कूल में कराई जा रही थी 'मेरे अल्लाह' प्रार्थना, प्रिंसिपल सस्पेंड

लखनऊ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली के सरकारी स्कूल में इस्लामिक तरीके से प्रार्थना कराने पर दो टीचरों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। स्कूल में 'मेरे अल्लाह बुराई से बचाना' प्रार्थना का वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों ने केस दर्ज कराया गया। जिसके बाद राज्य के शिक्षा विभाग ने प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया।

**टीचरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

संगठनों ने आरोप लगाया कि मुस्लिम टीचर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे है। प्रार्थना का वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी टीचरों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सुबह की प्रेयर के दौरान मुहम्मद इकबाल की कविता



'लब पे आती है दुआ' का पाठ करते हुए छात्रों का एक वीडियो वायरल होने के बाद उत्तर प्रदेश के बरेली में एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षा मित्र पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। शिक्षा विभाग ने स्कूल के प्रिंसिपल नाहिद सिद्दीकी को भी निलंबित कर दिया है और शिक्षा मित्र वज़ीरुद्दीन के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।

**वीएचपी के पदाधिकारी ने की थी शिकायत**

सिद्दीकी और वज़ीरुद्दीन के खिलाफ फरीदपुर पुलिस स्टेशन में एक स्थानीय विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के पदाधिकारी सोमपाल सिंह राठौर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि धर्म परिवर्तन के लिए सरकारी स्कूल में स्टूडेंट्स से धार्मिक प्रार्थना का पाठ करवाया गया था।

**बीएसए ने दिए जांच के आदेश**

बरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) विनय कुमार ने कहा, "एक प्रार्थना पढ़ी जा रही थी जिसमें कुछ ऐसा कहा जा रहा था, "अल्लाह इबादत करना'। यह निर्धारित प्रार्थना नहीं है इसलिए स्कूल के प्रिंसिपल नाहिद सिद्दीकी को निलंबित कर दिया गया है।

मैंने शिक्षा मित्र के खिलाफ भी जांच के आदेश दिए हैं।"

# रईस पर हमला करने वाला चवन्नी गिरफ्तार

## एमएलसी प्रत्याशी पर एके47 से हमले में था नामजद, कोलकाता में पकड़ाया

सीवान, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अप्रैल में चुनाव के दरम्यान सीवान में एमएलसी प्रत्याशी रईस खान पर हमले का आरोपी यूपी का चवन्नी सिंह कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया। एमएलसी प्रत्याशी रहे रईस खान के काफिले पर वोटिंग के दिन एके47 से हमला हुआ था। इसमें एक राहगीर की मौत हो गई थी। इस केस में मऊ निवासी उदय प्रताप सिंह के बेटे चवन्नी सिंह के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के बाद से वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। अब गुप्त सूचना के आधार पर सीवान पुलिस ने पश्चिम बंगाल की कोलकाता पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया है। चवन्नी वहां नाम बदल कर रह रहा था। 4 अप्रैल 2022 को एमएलसी पद से निर्दलीय प्रत्याशी रईस खान चुनाव के दिन समर्थकों के साथ ग्यासपुर जा रहे थे तो महुवल के पास उनके काफिले पर एके47 से हमला हुआ था। रईस को तो कुछ नहीं हुआ, लेकिन फायरिंग के दौरान उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। केस में कई लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पहले भी कुछ लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब चवन्नी सिंह को कोलकाता पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया है।

शुक्रवार दोपहर बाद सीवान एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने मीडिया के सामने चवन्नी सिंह को पेश करते हुए बताया कि इसपर बिहार के साथ उत्तर प्रदेश में भी कई केस दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि यूपी के मऊ में कांड संख्या 1651/2009, 392/411, गाजीपुर में 635/2009, 325/25 और 636/2021 दर्ज है, जबकि नगर थाना कांड संख्या में भी यही आरोपी है। चवन्नी पर धारा 302 का भी केस है।

# तेजस्वी ने मछुआरों से पूछा- अब खुश हैं ना!

## मछुआरों की तोड़ी गई दुकानों की जगह पक्की दुकानें तैयार, नया अस्थायी आश्रम बनाने का निर्देश

पटना, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गुरुवार को आधी रात के समय राजधानी में मछुआरों के लिए बनवाए गए मछली मार्केट का निरीक्षण करने पहुंचे। पटना के हड़ताली मोड़ के समीप निर्माणाधीन पुल के कराए मछली मार्केट में मछुआरों की दुकानें तोड़ी गई थीं। लेकिन अब उसी स्थान के पास नई जगह चिन्हित कर मछली मार्केट की पक्की दुकानें सरकार की ओर से तैयार करवायी गई हैं। मछली दुकानदारों को यहां पुनर्स्थापित किया गया है ताकि इनकी आजीविका पूर्व की भांति चलती रहे।

**50 बेड का अस्थायी आश्रम बनवाने का निर्देश दिया**

तेजस्वी देर रात यहां पहुंचे और मछुआरे दुकानदारों से पूछा- 'अब



खुश हैं ना! पहले कोई पूछबो करता था!' औचक निरीक्षण के क्रम में ठेला आदि चलाने वालों ने तेजस्वी यादव से मांग की कि रात में सड़क किनारे रहने में काफी दिक्कत होती है। तेजस्वी यादव ने अपने रणनीतिकार संजय यादव से कहा फोन लगाइए। संजय यादव ने अफसर को फोन लगाया।

तेजस्वी ने निर्देश दिया कि मछली मार्केट विश्वशरैया भवन व अटल पथ के पास 50 लोगों के लिए अस्थायी आश्रम ठंड तक के लिए बनवा दें, ताकि लोगों को रात में ठंड का सामना नहीं करना पड़े। तेजस्वी ने अफसर से कहा कि लोगों का कहना है कि ईको पार्क के पास वाला अस्थायी आश्रम भरा हुआ रहता है इसलिए वहां रहने के लिए जगह नहीं मिल रही है। इसलिए यहां नया अस्थायी आश्रम लोगों के लिए बनवायी जाए।

**कुछ दिन पहले भी आधी रात के समय निकले थे गरीबों का हाल जानने**

बता दें कि कुछ दिन पहले भी तेजस्वी यादव आधी रात के समय शहर के गरीबों का हाल जानने निकले थे। उन्होंने अस्थायी आश्रम का भी निरीक्षण किया था और सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश अफसरों को दिया था। लोगों की मांग पर वहां मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट के साथ ही वाई-फाई की सुविधा देने का निर्देश भी दिया था। तब तेजस्वी ने सड़क किनारे ठंड में रात गुजार रहे लोगों के बीच कंबल भी बांटे थे।

# बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी रैगिंग कांड में व्हाट्सएप चैट से नया खुलासा

झांसी, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में रैगिंग कांड में नया खुलासा हुआ है। जूनियर्स पर हमला प्री प्लान था। 7 दिन पहले ही तय हो गया था कि हमला कैसे किया जाएगा। ये साजिश हॉस्टल के अंदर बनाई गई थी। पहले जूनियर्स की फोटो और वीडियो बनाकर सीनियर्स को भेजी गईं। एक व्हाट्सएप चैट में इसका खुलासा हुआ है।

फिर उन्हीं जूनियर को टारगेट करके हमला किया गया। हॉस्टल में रहने वाले एक छात्र ने इसकी जानकारी एक लड़की को 3 दिन पहले ही दे दी थी। जो विश्वविद्यालय में पढ़ती है, और छात्र की दोस्त है। अब दोनों के बीच हुई चैटिंग सामने आई है। पीड़ित जूनियर्स ने चैटिंग की कॉपी भी कुलपति को सबूत के तौर पर दी है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय प्रबंधन ने 5 छात्रों को 2 महीने के लिए निष्कासित किया था। लेकिन इस मामले में विश्वविद्यालय के अफसरों की लापरवाही पर चुप्पी साध ली। 2 छात्र गुटों के बीच कई दिनों से चिंगरी सुलग रही थी। छात्रों ने जिम्मेदार अफसरों को जानकारी भी दी, लेकिन वे मामले को हल्के में ले गए और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके नतीजे में बवाल हो गया। बीटेक सेकेंड ईयर के छात्र हर्षित जयसवाल ने 19 अक्टूबर को नवाबाद थाना में एफआईआर कराई। बताया कि लॉर्ड बुद्धा हॉस्टल के खुर्शीद खान, शैलेश पटेल, शुभम गुप्ता, उत्कर्ष त्रिपाठी, तनुज गैंगवार, हर्ष पांडे, दुर्गेश चौरसिया और अन्य ने धारदार हथियार से मेरी ऊपर हमला किया। हमले में हर्षित का सिर फूट गया।

बीएससी एग्रीकल्चर फर्स्ट ईयर के छात्र अर्पित सिंह चौहान ने एफआईआर कराई। बताया कि सीनियर दुर्गेश लॉर्ड बुद्धा हॉस्टल में रहते हैं। 20 मई को दुर्गेश से हॉस्टल में मिलकर लौट रहा था। हॉस्टल के गेट पर श्रेष्ठ द्विवेदी, हर्ष पांडेय, उदयराज सैनी, शिवम विश्वकर्मा समेत 25 युवकों ने घेरकर मारपीट की।

# मुख्तार अंसारी की ईडी स्पेशल कोर्ट में पेशी

## पूछताछ के लिए 5 दिन की रिमांड बढ़ी, प्रयागराज में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से माफिया डॉन हुआ पेश

प्रयागराज, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्वांचल के माफिया डॉन और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की ईडी स्पेशल कोर्ट में शुक्रवार को पेशी हुई। ईडी के सब जोनल ऑफिस से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराई। ईडी के अधिवक्ता ने 5 दिन की और कस्टडी रिमांड की अर्जी दी थी। इसे ईडी स्पेशल कोर्ट ने मंजूर कर ली और मुख्तार अंसारी की कस्टडी रिमांड 5 दिन और बढ़ा दी। अब 27 दिसंबर तक ईडी की कस्टडी रिमांड पर मुख्तार अंसारी रहेगा। ईडी के अधिवक्ता ने बताया कि मुख्तार अंसारी पूछताछ में ज्यादा सहयोग नहीं कर रहा है। अर्जी में कहा गया है कुछ अन्य



तथ्यों पर मुख्तार अंसारी से पूछताछ करना बाकी है। हालांकि मुख्तार अंसारी के वकीलों ने कस्टडी रिमांड बढ़ाए जाने का विरोध किया है। ईडी स्पेशल कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 5 दिन कस्टडी रिमांड बढ़ा दी है। सेशन जज संतोष राय की कोर्ट ने कस्टडी रिमांड बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। अर्जी में कहा गया है कि कुछ अन्य तथ्यों पर मुख्तार अंसारी से पूछताछ करना बाकी है। हालांकि मुख्तार अंसारी के वकीलों ने कस्टडी रिमांड बढ़ाए जाने का विरोध किया। ईडी ने पिछले साल भी मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में मुख्तार अंसारी से पूछताछ की थी। इस बार ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत मुख्तार को गिरफ्तार किया है। मुख्तार को एजेंसी ने पेशी वारंट के आधार पर प्रयागराज की एक कोर्ट में पेश किया था। मुख्तार अंसारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला यूपी पुलिस की दर्ज कई एफआईआर के बाद निकला है। इसके अलावा विकास कंस्ट्रक्शन नाम की कंपनी के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थीं। इसे मुख्तार की पत्नी और साले समेत दो रिश्तेदार चला रहे थे।

# तीसरी मंजिल से गिरते हुए सीसीटीवी में नजर आई छात्रा

कानपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर के चकेरी के हरजेंदरनगर में एक विधि छात्रा ने मोबाइल पर बात करने के बाद अचानक मकान की छत (तीसरी मंजिल) से कूदकर जान दे दी। सूचना पर फोरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए। मूलरूप से कन्नौज के तिर्वा के गांव सेगरन पुरवा निवासी सुभाष बाथम टैंपो चालक हैं। उनकी बेटी रजनी (24) ब्रह्मानंद कॉलेज से विधि की द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। चार माह पहले ही रजनी चकेरी के हरजेंदरनगर निवासी अजय गुप्ता के मकान में किराये पर रहने आई थी। गुरुवार दोपहर को रजनी मकान की दूसरी मंजिल स्थित अपने कमरे में मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इस बीच वह फोन काटकर छत पर पहुंची और नीचे छलांग लगा दी।

घटना के बाद जब पुलिस जांच पड़ताल करने छात्रा के कमरे पहुंची तो बिस्तर पर खाने की प्लेट में खिचड़ी रखी हुई थी। जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि छात्रा घटना से पहले खाना खाते हुए किसी से फोन पर बातचीत कर रही थी। वहीं बिस्तर पर ही अंतरराष्ट्रीय विधि और एसएससी (सीजीएल) द्वितीय वर्ष के माडल पेपर की किताब रखी थी। पुलिस को छात्रा के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फोन पर ही कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद छात्रा ने अचानक जान देने का फैसला कर लिया।

मकान मालिक अजय गुप्ता व अन्य किरायेदार डाली, रमेश आदि ने बताया कि छात्रा मिलनसार व खुश मिजाज थी। वह हमेशा हंसकर बोलती थी। वहीं छात्रा के कमरे में उसकी और परिवार के अन्य सदस्यों की फोटो लगी हुई है। जिसे देखकर यह प्रतीत होता है कि छात्रा खुशमिजाज थी। पुलिस के मुताबिक, छात्रा के फोन पर बात करने के दौरान आत्महत्या की बात सामने आई है। छात्रा के मोबाइल से सीडीआर के आधार पर सामने आएगा कि वह किससे बात कर रही थी और उससे ही आत्महत्या के कारणों का पता भी चलेगा। तीन मंजिला बिल्डिंग ऊंचाई करीब 40 फीट है। सुरक्षा के लिए तीसरी मंजिल पर करीब साढ़े तीन फीट ऊंची लोहे की ग्रिल लगी है। इससे नीचे कूदना किसी के लिए इतना सहज नहीं है। अगर यह ग्रिल ऊपर चढ़कर कूदती तो पेट या पैर के बल जमीन पर कुछ दूर जाकर गिरती।

# ट्रेन के पार्सल वैन से चोरी

कटिहार, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। ट्रेन के पार्सल वैन का लॉक खोलकर लाखों का सामान ट्रैक्टर से लादकर ले गए चोर, वह भी बिहार के एक महत्वपूर्ण जंक्शन के आउटर सिग्नल पर। आउटर पर ट्रेन को घंटाभर रोकने के लिए कुख्यात कटिहार जंक्शन पर जब ट्रेन पहुंची तो पार्सल-ब्रेकवैन खाली दिखा। रेलवे में भी सीमा विवाद है, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। जंक्शन है कटिहार, आउटर सिग्नल क्षेत्र है सोनपुर मंडल का, घटना हुई गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि के बाद, ट्रेन थी आम्रपाली एक्सप्रेस। चोरों ने 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस के पार्सल-ब्रेक वैन में वारदात को अंजाम दिया कटिहार में रानीघाट के पास। गुरुवार रात करीब दो बजे कटिहार जंक्शन के आउटर सिग्नल पर यहां ट्रेन करीब घंटाभर रुकी होगी। चोरों को पता था कि आउटर पर ट्रेन लंबे समय तक ग्रीन सिग्नल के इंतजार में रुकती है। चोरों का गैंग ट्रैक्टर, ऑटो, ई-रिक्शा लेकर यहां पहुंचा और सिग्नल का इंतजार कर रही आम्रपाली एक्सप्रेस के पार्सल-ब्रेक वैन का ताला तोड़कर उसमें से सारा सामान निकाल लिया। आउटर सिग्नल के अंदर कटिहार रेल मंडल है, जबकि बाहर सोनपुर रेल मंडल का क्षेत्र है। नवगछिया रेल थाना क्षेत्र के लालपुल से सटे रानीघाट में चोरों ने पार्सल वैन को खाली कर दिया।

# सुजलाम अंतरराष्ट्रीय जल महोत्सव 27 से

## मोहन भागवत ,सीएम शिवराज, सिंधिया समेत कई नेता होंगे शामिल

उज्जैन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में 27 दिसंबर से सुजलाम जल महोत्सव का आगाज होगा। इसमें सरसंघचालक मोहन भागवत, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत कई दिग्गज नेता भाग लेंगे। हाकाल मंदिर में सुजलाम जल महोत्सव अंतर्गत 26 दिसंबर को सामाजिक न्याय परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। समापन पर देश की 314 पवित्र नदियों के जल से भगवान महाकाल का महाअभिषेक होगा। वृहद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 27 से 29 दिसंबर तक देशभर के 800 जलविद् जल संरक्षण को लेकर मंथन करेंगे। महाकाल मंदिर समिति सदस्य राजेंद्र शर्मा गुरु ने बताया कि देश में पंच महाभूत- धरती, अग्नि, जल, वायु एवं आकाश पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिव को जल प्रिय है इसलिए सुजलाम जल महोत्सव का आयोजन पृथ्वी के नाभि केंद्र पर स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में हो रहा



है। पांच दिसंबर से शुरू हुए जल महोत्सव में प्रतिदिन देशभर के वैदिक विद्वान चतुर्विद पारायण कर रहे हैं। आयोजन की इस श्रृंखला में 26 दिसंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी। हरसिद्धि की पाल पर देशभर से आए 313 प्रमुख प्रतिनिधि इन कलशों को लेकर महाकाल मंदिर की ओर रवाना होंगे। यहां से यात्रा हरसिद्धि मंदिर के रास्ते बड़ा गणेश मंदिर के सामने से महाकाल मंदिर के उत्तरीय द्वार से कोटितीर्थ कुंड पर पहुंचेगी। यहां 313 प्रतिनिधि शिप्रा सहित 314 नदियों के जल को कोटितीर्थ कुंड में अर्पित करेंगे। इसके बाद कोटितीर्थ कुंड से जल का कलश भरा जाएगा और इस जल से भगवान महाकाल का अभिषेक किया जाएगा।

**भैयाजी जोशी व मुख्यमंत्री करेंगे जल सम्मेलन का शुभारंभ**

देशभर में 27 दिसंबर से पंच महाभूत पर आधारित कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। इसी श्रृंखला में उज्जैन में सुजलाम जल महोत्सव मनाया जा रहा है। जनअभियान परिषद् के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री विभाष उपाध्याय ने बताया देश के प्रमुख स्थानों के साथ उज्जैन में 27 दिसंबर को इंदौर रोड स्थित मालगुड़ी डेज में अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी तथा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन 29 दिसंबर को होगा।

**देश का पहला 'जल स्तंभ' स्थापित किया जाएगा**

इस मौके पर शहर में देश का पहला 'जल स्तंभ' स्थापित किया जाएगा। महाकाल मंदिर में स्थापित होने वाले जल स्तम्भ को पत्थर से बने 13 फुट ऊंचे व 2 फुट व्यास के 60 किलो चांदी से जड़ित कर स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### हिज्बुल मुजाहिदीन के 5 मददगार गिरफ्तार

कुपवाड़ा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सुरक्षाबलों ने हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों की मदद करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कश्मीर पुलिस के एक प्रेस नोट के अनुसार, जिला पुलिस कुपवाड़ा और सेना को सैन्य खुफिया और अन्य खुफिया एजेंसियों से विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) का एक आतंकी मॉड्यूल क्रालपोरा इलाके में सक्रिय है। यह मॉड्यूल न केवल आतंकवादियों की मदद कर रहा है, बल्कि उन्हें सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के साथ-साथ हथियार और गोला-बारूद सहित अन्य रसद भी प्रदान करता है। इस सूचना के आधार पर, पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान क्रालपोरा इलाके के मोहम्मद मलिक के पुत्र रऊफ़ मलिक, कादिर पेयर के पुत्र अल्ताफ़ अहमद पेयर और मोहम्मद यूसुफ लोन के पुत्र रियाज़ अहमद लोन शामिल हैं।

# आरोपी की नार्को रिपोर्ट तैयार

## सोमवार को दिल्ली पुलिस लेगी आफताब का वॉइस सैंपल



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के श्रद्धा मर्डर केस में आरोपी आफताब की नार्को रिपोर्ट तैयार हो गई है। एफएसएल ने मामले की जांच कर रहे अधिकारी को रिपोर्ट लेने के लिए सूचित किया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले में नया खुलासा हो सकता है। आफताब का वॉइस सैंपल सोमवार को सीबीआई मुख्यालय में लिया जाएगा। साकेत कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। दरअसल मामले में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से एक दिसंबर को कराने की एप्लीकेशन लगाई थी। अभी तक नार्को टेस्ट के लिए पांच दिसंबर को करने की डेट फाइनल थी। अब शुक्रवार को आरोपी आफताफ की नार्को रिपोर्ट तैयार हो गई है। अधिकारी को रिपोर्ट लेने के लिए सूचित किया गया है। नार्को टेस्ट के जरिए अगर कोई रिकवरी होती है वो कोर्ट में एडमिसेबल होता है। नार्को टेस्ट रिपोर्ट आने से कुछ उम्मीद जगी है। इससे कुछ और रिकवरी के चांस हो सकते हैं।

इससे पहले आरोपी का पॉलीग्राफिक टेस्ट पूरा हो चुका है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, श्रद्धा की मिसिंग कंप्लेंट मुम्बई में दर्ज होने के बाद जब वो मुम्बई पुलिस की पूछताछ में शामिल होने जा रहा था, तब भी आफताब के फ्रीज में बॉडी के कुछ टुकड़े थे। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 13 हड्डियां बरामद हुई हैं। जो जंगल के आसपास के इलाके से मिली हैं। नार्को टेस्ट भी नार्मल एडमिसेबल नहीं होता।

### 'बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 'बमबारी' कर दूंगा', ट्वीट कर दहशत फैलाने वाला छात्र गिरफ्तार

बेंगलुरु, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) पुलिस की एक संयुक्त टीम ने केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (केआईए) पर बमबारी के एक ट्वीट के सिलसिले में एक 20 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र को गिरफ्तार किया है। कुडलू गेट निवासी आरोपी वैभव गणेश इलाहाबाद के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) में इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष का छात्र है। 10 दिसंबर की रात 10।15 बजे, गणेश ने ट्वीट किया कि मैं बेंगलुरु एयरपोर्ट पर बमबारी करूंगा ताकि वे मेरे घर के करीब इसका पुनर्निर्माण कर सकें। केआईए की टर्मिनल मैनेजर रूपा मैथ्यू ने बीआईएएल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिन्होंने आईपीसी की धारा 505 (सार्वजनिक शरारत करने वाले बयान) और 507 (गुमनाम संचार द्वारा आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) अनूप ए शेट्टी ने आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। तकनीकी मदद से पुलिस ने मंगलवार को गणेश का पता लगाया और उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया जिससे उसने बमबारी के बारे में ट्वीट किया था।

# ओंकारेश्वर में नंदी को कैद देख भड़कीं उमा भारती

## जाली तोड़ पुरातत्व विभाग को दी एफआईआर करने की चुनौती

खंडवा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री और फायरब्रांड नेता उमा भारती पुरातत्व विभाग पर बरस पड़ी। दरअसल, पुरातत्व विभाग ने ममलेश्वर मंदिर में नंदी जी के पास जाली लगा दी थी। इससे रोड डायवर्शन हो गया था। इसी बात को लेकर उमा भारती नाराज हो गई। उन्होंने पुरातत्व विभाग से अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त अंदाज में कहा कि हर मंदिर का वास्तु होता है। द्वादश ज्योतिर्लिंग में ममलेश्वर वृषभ राशि के स्वामी हैं। वास्तु के हिसाब से नंदी के दाईं ओर से ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन का रास्ता जाना है। आपने इसे बंद कर मंदिर का वास्तु बिगाड़ रखा है। मैंने आज इसे हटा दिया है। अब यह दोबारा नहीं लगेगा। आपके अधिकारी को सूचना दे दीजिए कि मुझ पर एफआईआर दर्ज करा दें। मैं जेल जाने को तैयार हूं।

**धरोहरों के साथ खिलवाड़ का लगाया आरोप**

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग दर्शन के दौरान जाली में कैद नंदी प्रतिमा को लेकर अफसरों पर भड़क गई। उन्होंने पुरातत्व विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से कहा कि हजारों



साल पहले विद्वानों ने वास्तु के अनुसार मंदिरों का निर्माण किया था। आज ऐसे विद्वानों को चुनौती देकर धरोहरों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अगर कुछ परिवर्तन जरूरी भी है तो इसके लिए वैदिक विद्वानों से सुझाव लेकर किए जाएं।

**यह है दर्शन का वास्तु**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में मुख्य ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर ही हैं। सामने ऊपर पहाड़ी पर तो विश्व के स्वामी ओंकार बिंदु संयुक्त बैठे हैं। ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग वृषभ राशि के स्वामी हैं। सामने नंदी भी वास्तु के हिसाब से बैठे हैं। वास्तु अनुसार मुझे दाएं होकर मंदिर में प्रवेश करना है लेकिन आपने रास्ता बंद कर रखा है। मुझे छोड़ दें लेकिन देशभर से नंगे पैर आने वाले भक्तों की आस्था से खिलवाड़ हो रहा है। मैं यह नहीं होने दूंगी।

**कर्मचारियों ने मांगा आवेदन, भारती ने किया विरोध**

पूर्व सीएम भारती के कहने पर भक्तों ने नंदी के चारों ओर लगी जाली हथोड़े से हटवा दी। उन्हें रोकते हुए पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि आप आवेदन दे दीजिए। हम अफसरों तक पहुंचाकर निराकरण कराएंगे। इस पर वे फिर भड़क उठीं। उन्होंने कहा मैं क्या, कोई भक्त भी आवेदन नहीं देगा। मैंने जाली तोड़ी है। आप अफसरों को सूचना देकर एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। मैं जेल जाने को तैयार हूं। लेकिन जाली दोबारा नहीं लगेगी। पूर्व सीएम के तेवर देख पुरातत्व विभाग के भी कर्मचारी डरे सहमे नजर आए।

**सोशल मीडिया पर उमा भारती ने कहा-**

आज मैं ओंकारेश्वर में हूं, बहुत ही सुंदर तरीके से परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। आदि शंकराचार्य जी की दीक्षा गुफा भी पहले की तुलना में बहुत ही साफ-सुथरी एवं व्यवस्थित मिली। द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक भगवान अमलेश्वर एवं ममलेश्वर हैं इसमें ओंकारेश्वर तो विश्व के मूल हैं एवं भगवान अमलेश्वर वृषभ राशि के स्वामी ज्योतिर्लिंग हैं। आज जब मैं वहां दर्शन करने के लिए पहुंची तो वहां कोरोना काल की, की गई प्रतिबंधित व्यवस्था जस की तस थी। पुजारियों को, यात्रियों को इस व्यवस्था से बहुत परेशानी थी एवं मंदिर का वास्तु पूरा बिगड़ गया था। कोरोना तो चला गया लेकिन सबके विरोध के बाद भी यह व्यवस्था बनी रही जो कि अनावश्यक थी, नियम विरुद्ध थी,

परंपराओं का हनन कर रही थी तो मैंने अपने हाथ से ही वह व्यवस्था हटा ली। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि भारत पर कोरोना का संकट ना आए। यदि कभी ऐसा हुआ तो फिर से पुरातत्व विभाग अपनी व्यवस्था को मान्यताओं से खिलवाड़ किए बगैर बहाल कर ले। कोरोना भारत की ओर नहीं झांकेगा ऐसा मुझे विश्वास है।

# कुछ साजिश तो नहीं कर रहा पाक

## भारत की सीमा में लगातार भेज रहा ड्रोन

चंडीगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान की नापाक साजिश को एक बार फिर विफल कर दिया है। बीएसएफ जवानों ने पंजाब के अमृतसर की भारत-पाकिस्तान सीमा पर भारतीय क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को मार गिराया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार सुबह 7।45 बजे बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर सेक्टर के बीओपी पुलमोरां के पास भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की तरफ से आते एक ड्रोन की आवाज सुनी। घुसपैठ को विफल करने के प्रयास में बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोलीबारी के बाद पूरी घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और इसके बाद आसपास के इलाके में नाकाबंदी कर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान गोलीबारी में नीचे गिरे एक ड्रोन को खेत से बरामद किया गया। इस पूरी कार्रवाई को बीएसएफ की 22 सीमांत बटालियन ने अंजाम दिया। फिलहाल आसपास के इलाकों में अभी भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि ड्रोन से लाए गए किसी भी संदिग्ध सामग्री को बरामद किया जा सके। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इससे पहले पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में भी पाक ने घुसपैठ की कोशिश की थी। बीएसएफ की चंदू वडाला चौकी पर 250 मीटर की ऊंचाई पर भारतीय क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया था। हालांकि भारतीय जवानों ने फायरिंग करके इस ड्रोन को वापस पाकिस्तान की तरफ खदेड़ दिया था। हालही में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर में पाकिस्तानी तस्करों के नापाक मंसूबों पर पानी फेरा था।

अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास जवानों ने ड्रोन से गिराई गई 4।490 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी। बीएसएफ ने इस मामले की जानकारी दी थी। बीएसएफ ने बताया था कि बीएसएफ के जवानों ने पंजाब के अमृतसर जिले में सीमावर्ती गांव दाओके के आसपास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जवानों को खेत में एक पीले रंग का पैकेट मिला। पैकेट को खोलने पर उसमें से 4।490 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। बताया जा रहा है कि ये हेरोइन ड्रोन के जरिए सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में गिराई गई थी।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बोलीं

## सीबीआई जांच की जरूरत नहीं, एसआईटी कर रही ठीक काम

देहरादून, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बीजापुर गेस्ट हाउस में उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों की आयोग अध्यक्ष व सदस्यों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड मामले में एसआईटी ठीक से काम कर रही है। ऐसे में इस प्रकरण में सीबीआई जांच की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग पुरानी परिपाटी को छोड़कर नए तरीके से काम कर रहा है। पहले महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर ही काम किया जा रहा था, लेकिन अब महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, दक्षता विकास, महिलाओं को आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में मजबूत बनाने पर भी काम किया जा रहा है। आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश के सभी राज्यों को पोषण अभियान के तहत आर्थिक रूप से सहयोग किया जा रहा है। महिला आयोग महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई तरह के अभियान भी चला रहा है। एंटी ह्यूमन



ट्रैफिकिंग के तहत सभी राज्यों में ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे मानव तस्करी को रोका जा सके। बैठक में विभिन्न राज्यों से सुझाव भी मांगे गए, ताकि महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत उन्हें आर्थिक और राजनीतिक रूप से और मजबूत किया जा सके।

**महिलाओं को समाज में फिर से स्थापित करने का प्रयासः कुसुम कंडवाल**

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि बैठक में महिलाओं के हित में जो सुझाव एवं निर्णय सामने आएं हैं उन्हें लागू किया जाएगा। आयोग सुधार गृह खोलने और वेश्यावृत्ति से उबर कर आई एवं अन्य पीड़ित महिलाओं को समाज में फिर से स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, उड़ीसा से मिनाती बेहरा, कर्नाटक से परमिला, सदस्य सचिव कामिनी गुप्ता, अधिवक्ता दयाराम सिंह, नेहा सिंह, सृष्टि आदि मौजूद रही।

**उत्पीड़न के खिलाफ अब बोलने लगी हैं महिलाएं**

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि महिला अपराध का ग्राफ बढ़ने की एक वजह यह है कि पहले मुकदमें नहीं होते थे, लेकिन अब महिलाएं उत्पीड़न के खिलाफ खुलकर बोलने लगी हैं। महिलाएं अपनी बात कह रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिना लाइसेंस एसिड की बिक्री पर रोक के बाद भी यह ऑनलाइन बिक रहा है।

### 'तेजाब हमले की पीड़िता को 35 लाख रुपये मुआवजा दे सरकार', उत्तराखंड हाई कोर्ट का निर्देश

देहरादून, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को एसिड अटैक सर्वाइवर को 35 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का निर्देश दिया है। हाल ही में एक याचिकाकर्ता के मामले पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने यह निर्देश दिया। कोर्ट में न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि याचिकाकर्ता को पहले से भुगतान की गई राशि के अलावा 35 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए, उसके लिए यह उचित और पर्याप्त होगा। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अगर याचिकाकर्ता कुछ करने को तैयार है तो उसे कुछ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि एसिड अटैक सर्वाइवर के ऑपरेशन, यात्रा और रहने का पूरा खर्च भी उत्तराखंड सरकार की ओर से वहन किया जाना चाहिए। कोर्ट में कहा गया, मुआवजे और व्यावसायिक प्रशिक्षण की पूर्वोक्त राशि के अलावा, राज्य सरकार पीड़ित को मुफ्त चिकित्सा उपचार भी प्रदान करेगी क्योंकि यह भी हमारे ध्यान में लाया गया है कि एसिड अटैक सर्वाइवर को सर्जरी से भी गुजरना पड़ता है,

# रिश्वत मामले में एडीजीपी आलोक कुमार के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट खारिज

### कोर्ट खुद करेगा जांच



बेंगलुरू, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार व अन्य दो अधिकारियों के खिलाफ सबूतों के अभाव में पेश की गई क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। तीनों पर कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप था। इस मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस द्वारा अदालत में क्लोजर रिपोर्ट लगाई गई थी। विशेष अदालत ने अपने आदेश में क्लोजर रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा है कि अदालत शिकायत की जांच दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 200 के तहत करेगी। यह धारा अदालत को शिकायत का संज्ञान लेने और स्वयं परीक्षा शुरू करने की अनुमति देता है।

**2014 का है मामला**

एक व्यक्ति मल्लिकार्जुन एमबी ने इस मामले में 2014 में शिकायत दर्ज कराई थी। कहा गया था कि वह 2014 में ऑरेंज बार एंड रेस्तरां में हुई लड़ाई में शामिल थे। उस समय, व्यलीकावल पुलिस स्टेशन में तैनात कांस्टेबल चंद्रशेखर ने इस मामले को रफा-दफा करने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत ली थी। इसके बाद तत्कालीन एसीपी दानेश्वर राव और व्यालिकवाल पुलिस इंस्पेक्टर शंकरचारी पर चंद्रशेखर के माध्यम से 5 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। घटना के अगले दिन उन्होंने कथित तौर पर तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक कुमार के नाम पर मल्लिकार्जुन से 1 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी। उन्होंने कथित तौर पर मल्लिकार्जुन को 48 घंटे के भीतर भुगतान नहीं करने पर गंभीर आपराधिक आरोपों के तहत मामला दर्ज करने की धमकी दी थी।

**मार्च में लगाई गई थी क्लोजर रिपोर्ट**

इस मामले में लोकायुक्त पुलिस ने जांच पूरी करके सात साल बाद 19 मार्च, 2022 को मामले में कोई सबूत नहीं होने की बात कहते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। इसके बाद शिकायत करना मल्लिकार्जुन ने इसी साल मार्च में क्लोजर रिपोर्ट को लेकर विरोध ज्ञापन दाखिल किया था।

# सीबीआई में ज्वाइनिंग के लिए आईजी का फर्जी लेटरः सीआरपीएफ से बर्खास्त

**सिपाही गिरफ्तार, दो साल से लापता होने के बाद अचानक ज्वाइन करने पहुंचा**

भोपाल, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कैंप बंगरसिया में बर्खास्त कॉन्स्टेबल आईजी का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर लेकर सेक्टर कार्यालय में ज्वाइन करने पहुंच गया। उसने डीआईजी के आदेश में लिखा कि उसे ज्वाइनिंग कराकर सीबीआई में पदस्थ किया जाए। लेटर में सील, साइन स्कैन किए हुए लगे मिलने पर अधिकारियों को संदेह हुआ। जांच में पाया गया कि मुख्यालय ने इस तरह का कोई ज्वाइनिंग लेटर जारी नहीं किया है। न ही ड्यूटी ज्वाइन के लिए मुख्यालय से आदेश किया गया है। अधिकारियों ने बर्खास्त सिपाही को तुरंत ही पकड़ लिया। इसके बाद मिसरोद पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, नागेन्द्र प्रसाद गौतम सीआरपीएफ आईजी ऑफिस एमपी सेक्टर बंगरसिया कैंप में इंस्पेक्टर हैं। उन्होंने पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि हीरापुर, जिला धनबाद, झारखंड निवासी विक्रम सोलंकी एमपी सेक्टर मुख्यालय के अधीन 155 बटालियन में सिपाही के पद पर पदस्थ रहा है। दो साल पहले वह अचानक गैरहाजिर हो गया। ज्वाइन के लिए उसे विभाग की तरफ से कई बार पत्र लिखे गए, लेकिन उसने कभी लेटर रिसीव नहीं किया। न ही विभाग को गैरहाजिर होने की सूचना दी।

# तमिलनाडु में भगवा कपड़ों में बाबा साहेब अंबेडकर के पोस्टर पर विवाद, हिंदू संगठन के नेताओं पर लगा गुंडा एक्ट

चैन्नई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में संविधान निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर के भगवा कपड़ों में पोस्टर लगाने पर विवाद जारी है। अब इस मामले में आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में हिंदू संगठन इंदू मक्कल काची आईएमके के कुंभकोणम जिला सचिव गुरुमूर्ति को गिरफ्तार किया था। अब गुरुमूर्ति पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। अभी तक कुंभकोणम उप जेल में बंद कर थे। अब उन्हें तिरुचि केंद्रीय कारागार में भेज दिया गया है। मंगलवार (21 दिसंबर) को तंजावुर



के जिला कलेक्टर दिनेश पोनराज ओलिवर के आदेशों के आधार पर गुंडा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। बता दें कि तमिलनाडु के कुंभकोणम जिले में ये पोस्टर 6 दिसंबर को बाबा साहेब की पुण्यतिथि के मौके पर लगाए गए थे। इन विवादित पोस्टरों में बाबा साहेब को भगवा रंग के कपड़ों में दिखाया गया था। उनके माथे पर विभूति से त्रिपुंड बनाकर कुमकुम से टीका लगाया गया था। इन पोस्टरों पर विवाद शुरू हो गया था। विदुतलई चिरुतैगल काची (वीसीके) के सदस्यों ने इसके खिलाफ प्रदर्शन किया था। वीसीके का कहना था कि इन पोस्टरों के जरिए उन्हें दक्षिणपंथी दिखाने की कोशिश की जा रही है। लोगों ने आईएमके के संस्थापक अर्जुन संपत की गिरफ्तारी की मांग की थी। वहीं, अर्जुन संपत ने इन पोस्टरों का समर्थन करते हुए कहा था कि डॉ। अंबेडकर पूरे देश के नेता हैं। विवाद बढ़ने पर इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इंदू मक्कल काची के कुंभकोणम जिला सचिव गुरुमूर्ति को हिरासत में ले लिया था। गुरुमूर्ति के अलावा विवादित पोस्टर छापने वाले प्रेस मालिक मणिकंदन को भी गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि कि 6 दिसंबर को भारत के संविधान निर्माता कहे जाने वाले डॉ। भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई जाती है। बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ तमाम बड़े राजनेताओं ने उनको श्रद्धांजलि दी थी। अपने जीवन में डॉ। अंबेडकर ने दलितों, मजदूरों और महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कई बड़े सुधारों की नींव रखी। आजाद भारत में प्रगतिशील सोच को बढ़ावा देने के लिए उनके संघर्ष ने देश की मौजूदा सामाजिक और कानूनी व्यवस्था को आकार देने में बड़ी भूमिका निभाई।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 24 दिसंबर, 2022

# चीन में दवाएं 100 गुना तक महंगी, लोग इलाज के लिए तरसे

चीन में कोरोना के केस बढ़ने से दवाओं की कमी हो गई है। अस्पतालों में भीड़ है और सड़कें खाली हैं। लोग सोशल मीडिया पर दवा न मिलने और कीमत से 200 प्रतिशत तक महंगी मिलने की शिकायत करने लगे हैं। मशहूर हस्तियां भी अपनों का इलाज नहीं करा पा रही हैं। चीन के टीवी एक्टर वांग जिनसोंग ने बुधवार शाम को एक मैसेज में लिखा है, 'कोरोना की वजह से उन्होंने अपनी मां को खो दिया है। पिता को भी चार दिन से तेज बुखार था। दवाएं नहीं मिल रहीं, मैं बहुत मायूस हूं। यह दिन का वह वक्त है जब मैं अपनी मां के साथ वीडियो चैट करता हूं। अब वह वीडियो कॉल कभी कनेक्ट नहीं होगी।'

चीन के जानकार वहां के हालात को लेकर बहुत सी बातें बताईं। लेकिन नाम न देने की ताकीद भी की। सोर्सेज ने बताया कि बुखार कम करने के लिए इस्तेमाल होने वाली इबुप्रोफेन की एक गोली के लिए लोगों को 50 युआन तक देने पड़ रहे हैं। एक युआन में मिलने वाला इंजेक्शन 100 गुना ज्यादा कीमत पर मिल रहा है।

लंदन की ग्लोबल हेल्थ इंटेलिजेंस कंपनी एयरफिनिटी के मुताबिक, चीन में हर रोज कोरोना के 10 लाख केस मिल रहे हैं। सोर्सेज के मुताबिक, हुबेई, चेंदू और बीजिंग के हॉस्पिटल मरीजों से भर गए हैं। लोग लंबी लाइनों में खड़े हैं। कई शहरों में दवाओं की कमी हो चुकी है। बुखार में काम आने वाली इबुप्रोफेन और लियानहुआ क्विंगवेन जैसी दवाएं हैं ही नहीं। कई हॉस्पिटल महंगी दवाएं नहीं रखते, इससे लोगों को इलाज नहीं मिल रहा।

एक युआन में मिलने वाले इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन के लिए लोग 10 से 100 गुना तक ज्यादा कीमत चुका रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें वक्त पर इंजेक्शन नहीं मिल रहा है। महंगी दवाओं की वजह से कई लोग इलाज नहीं करवा पा रहे हैं।

कोरोना से हालात बिगड़ने के बावजूद चीनी सरकार ने एयर ट्रैवल पर कोई गाइडलाइंस जारी नहीं की हैं। कोई पाबंदी न होने से चीन के लोग जापान, ताइवान, थाईलैंड, यूरोपीय देश और अमेरिका जा रहे हैं। 2019 में कोरोना की शुरुआत में भी यही हुआ था। लोग चीन से दूसरे देशों में गए और वहां संक्रमण के मामले मिलने लगे। एयर ट्रैवल पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन ने भी गाइडलाइंस जारी नहीं की हैं। डब्ल्यूएचओ इस बार सिर्फ लोगों से अपील कर रहा है कि वे ट्रैवल करने से बचें।

एक्टर वांग जिनसॉन्ग के साथ भी यही हुआ। सामान्य लोगों के मुकाबले बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उनकी मां को दवाएं नहीं मिल पाईं। कई जगह जरूरी दवाओं की कीमत 200% से ज्यादा बढ़ गई है। लोग अपने मरीज का बुखार



कम करने के लिए इबुप्रोफेन की एक गोली देने के लिए 50 युआन तक दे रहे हैं। लोग दवाएं न मिलने की वजह से सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। वे अपनी कहानियां भी शेयर कर रहे हैं। एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि लॉकडाउन की वजह से वो काम पर नहीं जा सकते। अगर काम पर नहीं जाएंगे तो उन्हें पैसे नहीं मिलेंगे और वे दवा नहीं खरीद सकते।

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी कहा है कि सरकार उन लोगों को अरेस्ट क्यों नहीं करती है, जो दवाएं महंगे में बेच रहे हैं? एक और यूजर ने लिखा है कि मैं एक महीने में जितना कमाता हूं, वह इलाज और दवा पर खर्च करने के बराबर नहीं है। हर कोई मौत से डरता है। ये बीमारी बहुत दर्दनाक है और दवाएं समस्या। हमारे गांव के ज्यादातर लोग जान बचाने वाली दवाएं जैसे इबुप्रोफेन और लियानहुआ किंगवेन नहीं खरीद सकते।

वनट्यूब डेली के सर्वे के मुताबिक, पाबंदियां हटाए जाने के बाद चीन के ज्यादातर रीजन में कोविड इन्फेक्शन अचानक बढ़ा है। ये सर्वे 517 लोगों पर किया गया। इनमें 73% मेल थे। इनमें 35% की उम्र 31 से 50 साल के बीच है। सर्वे में शामिल 50.3% लोग संक्रमित मिले। इनमें से 49.4% को दिसंबर में संक्रमण हुआ है।

लंदन की ग्लोबल हेल्थ इंटेलिजेंस कंपनी एयरफिनिटी के मुताबिक, अभी चीन में रोजाना 10 लाख कोरोना केस सामने आ रहे हैं। 24 घंटे में 5 हजार मौतें हो रही हैं। यही रफ्तार रही तो जनवरी में डेली केस बढ़कर 37 लाख पर पहुंच जाएंगे। मार्च में यह आंकड़ा 42 लाख हो सकता है।

इसके पहले एयरफिनिटी ने अपने अनुमान में बताया था कि चीन में जीरो कोविड पॉलिसी खत्म होने के बाद 21 लाख मौतें हो सकती हैं। हालांकि, सरकार की ओर से जारी ऑफिशियल डेटा में गुरुवार को महज 4 हजार नए मामले बताए गए।

शंघाई के एक अस्पताल ने अनुमान लगाया है कि चीन में अगले हफ्ते के आखिर तक 2.5 करोड़ लोग कोरोना से संक्रमित होंगे। एक्सपर्ट्स के अनुसार चीन में अगले साल तक 10 लाख से ज्यादा मौतें हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि उसे चीन से नए कोरोना मरीजों का कोई डेटा नहीं मिला है। हेल्थ एजेंसी के मुताबिक, चीनी सरकार कोरोना केसेस की गिनती नहीं कर पा रही है। दुनिया में भी केस बढ़ रहे हैं। यूएस में संक्रमितों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार पहुंचा। जापान में 8 महीने में 41 बच्चों की जान जा चुकी है।

चीन के अस्पतालों में बेड कम पड़ रहे हैं। सामूहिक अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं। इस बीच सरकार ने एक बार फिर बॉर्डर सील करना शुरू कर दिया है। युन्नान प्रांत में म्यांमार से सटे रुइली शहर में सीमा पार करने वालों पर नजर रखने के लिए कैमरे और अलार्म लगा दिए गए हैं। इतना ही नहीं मोशन सेंसर और इलेक्ट्रिफाइड फेंसिंग भी लगाई है।2021 में भी चीन ने सीमाएं सील कर दी थीं।

दूसरे देशों से गैरकानूनी तरीके से आने वाले लोगों को रोकने के लिए सीमा पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी। रूस से सटे शहर हीये में कोविड के जिम्मेदार लोगों की सूचना देने पर 15 लाख का इनाम तक रखा गया था।

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी की शुरुआत से अब तक अमेरिका में कोरोना संक्रमितों की संख्या 10 करोड़ पार कर गई है।

यहां कोरोना के 70% मामलों के लिए ओमिक्रॉन के नए सब-वैरिएंट्स को ही अहम वजह माना जा रहा है।

चीन के बाद जापान में कोरोना का खतरा बढ़ गया है। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां 8वीं लहर आ चुकी है और ओमिक्रॉन वैरिएंट के कारण बच्चों की मौत हो रही है। 8 महीने में 41 बच्चों की जान जा चुकी है। चीन में बिगड़ते हालात ने जापान की चिंता को बढ़ा दिया है।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि ओमिक्रॉन का नया वैरिएंट जानलेवा साबित हो सकता है। ओमिक्रॉन ने अब तक 41 बच्चों की जान ली है। इनमें से 15 बच्चे पहले से बीमार नहीं थे। इन 15 में से 4 बच्चों की उम्र एक साल से कम थी। 2 बच्चों की उम्र एक से 4 साल के बीच थी और 9 बच्चे 5 साल की उम्र से ज्यादा के थे। आंकड़ों के मुताबिक साउथ कोरिया और फ्रांस में पिछले 24 घंटों में 1 लाख 25 हजार से ज्यादा नए केस मिले हैं। साउथ कोरिया में नए केसों की संख्या 75 हजार 744 और फ्रांस में आंकड़ा 49 हजार 517 है। फ्रांस में 120 और साउथ कोरिया में 62 लोगों की जान गई है।ब्राजील में 24 घंटे में 43 हजार 392 केस सामने आए हैं। यहां 165 मौतें हुई हैं। जर्मनी में 41 हजार 431 केस सामने आए। यहां मौतों का आंकड़ा 187 है। दोनों देशों में मौतों की संख्या 352 है।

# नकली दवाओं की भरमार

मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की। यही वजह है कि मरीज दवा खा कर भी और बीमार हो रहे हैं। जानकारों के अनुसार आज नक्कालों ने नकली दवाइयों से बाजार को पाट दिया है। नकली दवाओं को लेकर समय-समय पर सरकारों ने भी चिंता जताई है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। हालांकि कुछ अंतराल के बाद छापेमारी आदि जैसी कड़ी कार्रवाई के टोटके किए जाते हैं। लेकिन नक्कालों पर इसका कोई असर नहीं दिखाई देता। यही वजह है कि नकली दवाओं का उत्पादन और बिक्री साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। अकूत कमाई के इस धंधे में कुछ दवा विक्रेता से लेकर डाक्टर तक शामिल हैं। ऐसा आए दिन देखने व सुनने को मिल जाता है जब चिकित्सक कमीशन के लोभ में मरीजों को महंगी जांच और नकली दवाएं लिखते हैं। ऐसा ही एक मामला दिल्ली में देखने को मिला है, जिसमें एक अदालत ने आरोपी दवा विक्रेता को फटकार लगाते हुए कहा कि नकली दवा बेचना हत्या और आतंकवाद से कम नहीं है। आरोप है कि वह दवा विक्रेता बांग्लादेश में बनी कैंसर की एक ऐसी दवा बेचता था, जो भारत में प्रतिबंधित है। अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका भी रद्द कर दी है। यही सूरते हाल देश भर में है। नकली दवा कारोबारियों के खिलाफ इसी तरह सख्ती बरती जाए तो हो सकता है कि उनमें शासन के प्रति भय पैदा हो और वे यह गंदा धंधा छोड दें। कैंसर जैसी बीमारी में भी कोई चिकित्सक और दवा विक्रेता अगर अपने मुनाफे की हवस में अंधा होकर नकली दवा उपलब्ध कराए, तो निस्संदेह इसे जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। भारत जैसे देश में, जहां ज्यादातर मरीज चिकित्सक की भाषा समझ नहीं पाते, वे आंख बंद कर उसकी पर्ची पर विश्वास करते हैं। उन्हें यह भी पता नहीं होता कि चिकित्सक उन्हें जो दवा दे रहा है, वह वास्तव में सही है या नहीं। इसलिए उन्हें ठगना बेहद आसान होता है। इसी का फायदा उठा कर चिकित्सक और दवा विक्रेता परस्पर मिलीभगत कर मरीजों को नकली दवा देकर अपना धंधा मजबूत कर रहे हैं। कई दवा विक्रेताओं में तो यहां तक ढिठाई बैठी हुई है कि चिकित्सक जो दवा लिखता है, मरीज को वह न देकर उसी से मिलते-जुलते तत्त्वों से बनी दूसरी दवा थमा देते हैं। तर्क यह होता है कि दोनों के तत्त्व समान हैं। जबकि ऐसी ज्यादातर दवाएं नकली होती हैं। नकली दवाओं में आमतौर पर घटिया रासायनिक तत्त्व इस्तेमाल किए जाते हैं, जिनके गलत प्रभाव की आशंका अधिक रहती है। कई बार ऐसी दवाएं मरीज के शरीर से प्रतिक्रिया कर जानलेवा साबित होती हैं। शर्मनाक है कि इस जोखिम से वाकिफ होते हुए भी चिकित्सक और दवा विक्रेता संवेदनशून्य हो गए हैं। उन्हें अपने काले धंधे को बढ़ाने के लिए मरीजों की जान की भी परवाह नहीं है। नकली दवाओं के कारोबार के फलने-फूलने की बड़ी वजह दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण और बिक्री पर नजर रखने वाले सरकारी तंत्र की शिथिलता भी है। देखा जाए तो हर इलाके में स्वास्थ्य अधिकारियों का एक महकमा तैनात किया जाता है, उनका काम होता है कि वे दवा कारोबार पर नजर रखें। नकली दवा के कारोबार पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि उनकी भी नजर हमेशा काले कारोबारियों के गल्ले पर ही होती है। हमारे देश में यह कारोबार इतने बड़े पैमाने पर और सरेआम हो रहा है कि आम आदमी तक को मालूम है लेकिन जिम्मेदार महकमें को ही नहीं है। यही वजह है कि नकली दवाओं की खेप दर खेप निर्बाध गति से विक्रेताओं तक पहुंच रही है। अनेक अध्ययनों से जाहिर है कि नकली दवाओं का कितना बड़ा कारोबार है और कौन-कौन-सी दवाएं मानव शरीर के अनुकूल नहीं हैं। इसके बावजूद उन दवा बेचने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। केवल कुछ अदालती मामलों में कड़ाई से इस मर्ज को दूर नहीं किया जा सकता। सरकारों को भी चार कदम बढ़ कर राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखानी पड़ेगी तभी नकली कारोबारियों की मुश्कें बांधी जा सकती हैं।

# सभ्यताओं के लिए खतरनाक युद्ध की आशंका



संजीव ठाकुर

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। । इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है।

ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है।

# समझदारी और सतर्कता बचाएगी ग्राहक धोखाधड़ी




डॉ. प्रितम भी. गेडाम

किसी भी प्रकार के उत्पाद या वस्तु सर्च इंजन से ढूंढ़ने पर हमारे सामने स्क्रीन पर जेन्युइन ई-कॉमर्स कंपनी के साथ ही ढेर सारी फेक ई-कॉमर्स वेबसाइट की लिस्ट खुलती है, जो अत्यंत अल्प दरों में वस्तुओं की कीमत दर्शाती है। ऐसी वेबसाइट कंपनी का तो नाम भी कभी सुना नहीं होता है, इनसे संपर्क हेतु एक बंद मोबाइल नंबर और एक फेक ईमेल आयडी दर्शायी होती है, अधिकतम उनके दिए गए पते पर कोई भी रजिस्टर्ड कंपनी या ऑफिस नहीं होता है। दुनिया भर में धड़ल्ले से ऐसे फ्रॉड वेबसाइट के जाल फैलाकर ग्राहकों को खूब लुटा जाता है। सोशल मीडिया, नेटवर्किंग साइट पर बहुत बार ऐसी फेक लिंक दिखाई जाती है, हमेशा जेन्युइन ई-कॉमर्स कंपनी से ही खरीदारी करनी चाहिए। लोग हमेशा बिना कुछ सोचे-समझे लुभावने ऑफर के चक्कर में अपना विवेक खो देते है और फेक बातों को सच मानकर पैसा गंवाते है साथ ही अपने परिचित लोगों में भी फेक लिंक या फेक ऑफर शेयर करते हैं। आये दिन हमें ऐसे झूठे कॉल, मैसेज, ईमेल आते रहते है, किसी पर भी तुरंत भरोसा करना महंगा पड़ सकता है। सतर्क और जानकर न होने का हर्जाना हमें भुगतना पड़ता है। हम कोई भी वस्तु खरीदते है तो हमें उस वस्तु सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी होनी ही चाहिए, उदाहरण के लिए उस वस्तु की अधिकतम कीमत, उसका वजन, सम्मिलित पदार्थ गुणधर्म व मात्रा, पैकिंग दिनांक, अंतिम दिनांक, संपर्क विवरण, मान्यताप्राप्त संस्थान का नाम व अन्य जानकारी भी ध्यान से पढें। वस्तु पर दर्शायी गई अधिकतम कीमत से ज्यादा ग्राहक द्वारा भुगतान कानून का उल्लंघन है। दुकानदार से वस्तु का पक्का बिल मांगे, सम्पूर्ण संतुष्टि होने पर ही वस्तु खरीदें। देश में पिछले तीन वर्षों के अंतर्गत 16 लाख से अधिक साइबर अपराध की घटनाएं हुई हैं, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा लोकसभा को सूचित किया गया। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, 2022 की पहली और दूसरी तिमाही के बीच साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी, बाद में इसमें 34 फीसदी की बढ़ोतरी हुयी। आरबीआई के मुताबिक, सितंबर 2022 को खत्म हुए वित्त वर्ष में यूपीआई पेमेंट में 1200 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एक्सपेरियन के ग्लोबल आइडेंटिटी एंड फ्रॉड रिपोर्ट 2022 सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग एक तिहाई भारतीय उपभोक्ता ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। सर्वेक्षण में शामिल अधिकतम भारतीय पिछले एक साल में ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सबसे अधिक असुरक्षित महसूस करते हैं ऐसा पता चला है, मुख्य रूप से सोशल मीडिया साइटों (38%), भुगतान प्रणाली प्रदाताओं (30%), और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म (30%) पर धोखाधड़ी का अनुभव किया। ओपसेक सिक्योरिटी के शोध अनुसार, साल 2020 में 86% उपभोक्ता पहचान की चोरी, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी या डेटा उल्लंघन का शिकार हुए हैं, जो साल 2019 के मुकाबले 80% से अधिक बढ़ गया है। फेडरल ट्रेड कमीशन ने बताया कि अमेरिकी उपभोक्ताओं ने पिछले साल 2021 में धोखाधड़ी से 5.8 बिलियन डॉलर खो दिया, जो कि 2020 के मुकाबले 70% से अधिक की वृद्धि है। मायक्रोसॉफ्ट 2021 ग्लोबल टेक सपोर्ट स्कैम रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, भारत में उपभोक्ताओं ने 2021 में 69% की ऑनलाइन धोखाधड़ी की उच्च दर का अनुभव किया। लोकल सर्कल्स निजी फर्म द्वारा पता चला है कि सर्वेक्षण में शामिल भारतीयों में से 42% ने पिछले 3 वर्षों में वित्तीय धोखाधड़ी का अनुभव किया, और उनमें से 74% पैसे वापस पाने में विफल रहे।

आरबीआई अनुसार, सामूहिक रूप से, बैंक धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप भारत को पिछले 7 वर्षों में हर दिन कम से कम 100 करोड़ का नुकसान हुआ है। ग्राहक के हित में सुरक्षा और उनके द्वारा किये गए भुगतान को योग्य न्याय मिले इसके लिए उन्हें कुछ अधिकार दिए है जैसे :- सुरक्षा का अधिकार, सूचना पाने का अधिकार, चुनने का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, शिकायत निवारण का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार। उपभोक्ता संरक्षण कानून अंतर्गत ग्राहक कहीं से भी शिकायत दर्ज करने का अधिकार प्राप्त करता है, उत्पाद दायित्व के तहत मुआवजा मांगने का अधिकार है, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करके सुनवाई का अधिकार है और यह जानने का अधिकार कि उसकी शिकायत क्यों खारिज की गयी। उपभोक्ता संरक्षण कानून ग्राहक से लेकर उत्पाद निर्माता, उत्पाद विक्रेता, उत्पाद सेवा प्रदाता, व्यापारी, विज्ञापन एजेंसियां, समर्थनकर्ता और ई-कॉमर्स विक्रेता पर लागू होता है।

उपभोक्ता संरक्षण हेतु अनेक अधिनियम बनाये गए है जैसेः- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986, भारतीय अनुबंध अधिनियम 1972, माल बिक्री अधिनियम 1930, खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम 1954, ट्रेड मार्क अधिनियम 1999 व अन्य। उपभोक्ता शिकायत हो तो आप अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए 1800-11-4000 या 1915 (टोल फ्री) पर कॉल कर सकते हैं, या 8800001915 इस नंबर पर एसएमएस करें। केवल साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के लिए 1930 क्रमांक डायल करें। हर जगह अपनी निजी जानकारी साझा न करें, हमेशा बैंकिंग अकाउंट सम्बन्धी जानकारी देने से बचें, आरबीआई द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, हमेशा सतर्क रहें, अपने अधिकारों को समझें और जागरूक ग्राहक बने रहें।

# रंगीलाल के रंगारंग कार्यक्रम



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमारे एक दोस्त हैं रंगीलाल। बड़े साहब हैं। राजस्व विभाग में पैसों से नहाते हैं। किंतु आज वे बड़ी देर से रोये जा रहे हैं। लगता है मानों बाढ़ इन्हीं की आँखों में आयी है। कहते कम हैं रोते ज्यादा हैं। रहते तो हमारी कॉलोनी में ही हैं लेकिन कमाई इतनी कि अपने लोगों से मिलने की फुर्सत नहीं है। उनका मानना है कि अपनों से मिलने पर मान घट जाता है। दूर अमेरिका में बैठे अनजान से चैट कर लेंगे लेकिन पड़ोस में रहने वाले गुप्ता अंकल के एक्सीडेंट होने पर मिजाजपुर्सी करने कतई नहीं जायेंगे। भला स्टेटस भी कोई चीज़ होती है। मुँह उठाए किसी के घर चल देना निकम्मेपन की पहली निशानी है। वे तो कान, मुँह, हाथ पर एप्पल चिपकाए दुनिया भर की पल-पल की खबर रखते हैं। हाँ तो मैं आपको बता रहा था कि वे निर्बाध गति से रोए जा रहे हैं। मैंने केवल हाल पूछने की गलती क्या कि उनका छुटका रोतू मुँह भाखड़ा नंगल की तरह पूरा खुल गया। बोले – हमें कल रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जबकि हमारे हाथों का रंग हमेशा से वही था जो अब है। मैं भ्रष्टाचार विभाग को लाख समझाकर थक गया कि यही मेरे हाथों का रंग है, लेकिन वे हैं कि मानते नहीं। न जाने उनको मेरे इस रंग से क्या खुन्नस है कि हाथ धोकर पीछे पड़ गए हैं। रंग तो रंग है। इतने रंगों में एक रंग यह भी सही। सुखी जीवन के लिए इससे बढ़िया रंग और क्या हो सकता है। मेरा बस चले तो इसे पूरे बदन भर लगा लूँ। फिर भी जितना मिलता है उससे काम चला लेता हूँ। मुझ जैसा आत्मसंतुष्ट कोई हो सकता है भला? यह रंग एक बार जिसके हाथ लग जाए वह जीवन भर उसे छुड़ाने की कोशिश न करे। वैसे भी हमने देने वालों से कभी कुछ माँगा नहीं। देने वालों ने भी कभी देते समय हमसे कुछ पूछा नहीं। वे धर देते थे हम उठा लेते थे। हमारा लेना देने वाले को और देने वाले को हमारा लेना कभी अखरा नहीं। हम दोनों में कुछ यूँ अंडरस्टैंडिंग थी कि शादी कर लेते तो मरते दम साथ नहीं छोड़ते। लेकिन भ्रष्टाचार विभाग यह बात समझे तो। भ्रष्टाचार विभाग ने लेन-देन को अपने शब्दों में इसे रिश्वत कहा। भला लक्ष्मी कब से रिश्वत कहलाने लगी। लक्ष्मी का काम ही एक स्थान से दूसरे स्थान आना-जाना होता है। कभी इधर तो कभी उधर। लक्ष्मी अपने स्वामी को और स्वामी अपनी लक्ष्मी को खुले में ढूँढ़ ले तो यह भला रिश्वत का पाप कैसे कहलाएगा। क्या लक्ष्मी के लिए स्वामी हाथ नहीं बढ़ा सकता? मैंने देने वाले के लिए कई काम किए थे। सरकारी ठेकों के नाम पर व्यर्थ के रुपए गंवाने से बचाया था। जो बचाए थे उसी में से कुछ पाया था। जो बचा उसी में से लेना भला रिश्वत कैसे कहला सकता है? मैं बरसों से यही काम कर रहा हूँ दुर्भाग्य से परसों-परसों बना भ्रष्टाचार विभाग अब मुझे पैसों के लिए 'तरसो' कह रहा है। मैंने कहा लक्ष्मी जिसे तरसाए वह गरीब जरूर हो सकता है लेकिन रिश्वतखोर कतई नहीं।

# आदर्श राजनीति पर सदैव अटल



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भारत रत्न अटल बिहारी वा ज पे यी अजातशत्रु थे। इसका कारण यह था कि उन्होंने सदैव सिद्धान्तों को महत्व दिया। किसी के प्रति उनका व्यक्तिगत रागद्वेष नहीं था। विपक्ष और सत्ता धर्म दोनों का उन्होंने बखूबी निर्वाह किया। वह कांग्रेस पार्टी की जम कर आलोचना करते थे,लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया तो वह कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार के साथ खड़े हुए। आज के नेताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। देश के विकास में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भारत को उन्होंने परमाणु शक्ति बनाया। एक नेता के रूप में,सांसद के रूप में, मंत्री के रूप में और प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी हमेशा सभी के लिए आदर्श रहे है. वह महान वक्ता अजातशत्रु, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों के वाहक,राष्ट्रवादी कवि, कुशल प्रशासक थे. नेतृत्व में राष्ट्र में देश ने सुशासन को क्रियान्वित होते देखा। जहां एक ओर उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना जैसे विकासशील कार्य किए, वहीं दूसरी ओर पोखरण परीक्षण एवं करगिल विजय से मजबूत भारत की नींव रखी। देश के लिए उनकी दूरदृष्टि आगामी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। राजनीति और राजनीति शास्त्र दोनों अलग क्षेत्र है। राजनीति में सक्रियता या आचरण का बोध होता है, राजनीति शास्त्र में ज्ञान की जिज्ञासा होती है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इन दोनों क्षेत्रों में समान रूप से आदर्श का पालन किया। राजनीति में आने से पहले वह राजनीति शास्त्र के विद्यार्थी थे। कानपुर के डीएवी कॉलेज में नई पीढ़ी भी उनकी यादों का अनुभव करती है। अटल जी उन नेताओं में शुमार थे,जिनके कारण किसी पद की गरिमा बढ़ती है। डीएवी में जाने पर अनुभूति होती है कि यहीं कभी अटल जी विद्यार्थी के रूप में उपस्थित रहते थे। कालेज के प्रथम तल पर कमरा नम्बर इक्कीस में वह बेंच पर बैठते थे। डीएवी कानपुर में अटल जी के गुरु रहे प्रो. मदन मोहन पांडेय के निर्देशन में मुझे पीएचडी करने का सौभग्य मिला। अक्सर बातचीत में वह अटल जी की चर्चा करते थे। इससे यह पता चला कि अटल जी बहुत होनहार विद्यार्थी थे, उनमें ज्ञान के प्रति जिज्ञासा थी। प्रो.पांडेय के निर्देशन में पीएचडी करने के बाद शिक्षक के रूप में मेरी नियुक्ति इसी विभाग में हुई। यहां प्रवेश करते ही अटल जी की फोटो दिखाई देती है। नीचे पूर्व प्रधानमंत्री नहीं,बल्कि पूर्व छात्र लिखा है। यहां बैठने पर ऊपर एक सूची पट्ट दिखाई देता है। उन्नीस सौ सैंतालीस पर नजर टिक जाती है। इसमें विद्यार्थी का नाम लिखा है-अटल बिहारी वाजपेयी..डिवीजन प्रथम, पोजिशन द्वितीय। यह वह समय था जब कानपुर विश्वविद्यालय अस्तित्व में नहीं था। डीएवी आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध था। इतने बड़े विश्वविद्यालय में अटल जी ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। अटल जी ने राजनीति शास्त्र में एमए करने के बाद यहीं अगले वर्ष एलएलबी में दाखिला लिया था। सरकारी नौकरी से अवकाश ग्रहण करने के बाद उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी लाल वाजपेयी ने भी विधि स्नातक करने का निर्णय किया था। डीएवी छात्रावास में पिता-पुत्र एक ही कमरे में रहते थे। कभी पिताजी को देर होती तो अटल से पूछा जाता कि आपके पिताजी कहां हैं। जब अटल जी को देर हो जाती तो पिताजी से पूछा जाता आपके साहबजादे कहां हैं। लेकिन हंसी मजाक का यह दौर ज्यादा नहीं चला। एक वर्ष बाद ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से मिले दायित्व को संभालने के लिए अटल जी लखनऊ आ गए विधि स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी। अटल जी राजनीति शास्त्र में डिग्री हासिल करना चाहते थे। लेकिन उनके पिता आर्थिक रूप से खर्च वहन करने में असमर्थ थे। तत्कालीन राजा जीवाजी राव सिंधिया को जानकारी हुई तो उन्होंने वाजपेयी जी को छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था की। छात्रवृत्ति लेकर कानपुर आए और डीएवी कॉलेज से राजनीति शास्त्र में परास्नातक किया। इस दौरान अटल जी को हर माह पचहत्तर रुपए मिलते रहे। डीएवी में प्रो मदन मोहन पांडेय नियमित क्लास लेते थे। अटल भी छुट्टी नहीं लेते थे। लेकिन इतने मात्र से उनकी जिज्ञासा शांत नहीं होती थी। अटल जी कर्मयोगी थे। विद्यार्थी थे, तब ज्ञान प्राप्त करने में पूरी ऊर्जा लगा दी। पत्रकारिता में गए तो उसे भी पूरी क्षमता से अंजाम दिया। राजनीति में गए तो उच्च मर्यादाओं की स्थापना कर दी। उन्होंने उस दौर में राजनीति शुरू की थी, जब जनसंघ सत्ता की लड़ाई से बहुत दूर थी। माना जाता था कि यह पार्टी विपक्ष में रहने के लिए बनी है।

# घर में मेंढक के इस उपाय से आएगी सुख-समृद्धि, अपनाएं ये फेंगशुई टिप्स



इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई परेशान रहता है। लोग सुख व शांति के लिए तमाम उपाय करते हैं परंतु परेशानी कम होने का नाम नहीं लेती। यही वजह है कि पिछले कुछ सालों में वास्तु शास्त्र की तरफ लोगों का झुकाव बढ़ा है। फेंगशुई में ऐसे अनेक उपाय बताए गए हैं, जो जीवन में सुख-समृद्धि व शांति के साथ सफलता के कारक होते हैं।

ऐसा ही एक उपाय है फेंगशुई मेंढक का। फेंगशुई मेंढक को सुख-समृद्धि व सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि फेंगशुई मेंढक को घर में रखने से पॉजिटिव एनर्जी आने लगती है और घर में खुशहाली का माहौल बना रहता है। आइये जानते हैं फेंगशुई मेंढक को किस दिशा में रखना शुभ होता है।

**फेंगशुई मेंढक की खास बातें**

फेंगशुई मेंढक को अंग्रेजी में मनी फ्रॉग कहते हैं। मनी फ्रॉग की तीन टांग होती हैं और इसके मुंह में एक सिक्का रहता है। फेंगशुई शास्त्र में मनी फ्रॉग को धन, सुख-समृद्धि व सौभाग्य का प्रतीक माना गया है, इसलिए इसे घर पर रखना बेहद शुभ होता है। मनी फ्रॉग को घर पर शुभ दिशा में रखने से धन का अभाव नहीं रहता है और व्यापार में लाभ होने लगता है।

**कहां रखें मनी फ्रॉग**

फेंगशुई शास्त्र के अनुसार, फेंगशुई मेंढक को घर के मुख्य दरवाजे के पास रखना चाहिए, इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास नहीं होगा और हमेशा पॉजिटिव एनर्जी बनी रहेगी। फेंगशुई मेंढक वास्तु दोष दूर करने में भी सहायक है। इसको शुभ दिशा में रखने से घर के वास्तु दोष दूर होते हैं। साथ में धन के सभी द्वार खुलते हैं।

# शनिवार के इन उपायों से प्रसन्न होंगे शनि देव



आज शनिवार का दिन कर्मफलदाता शनि देव की पूजा का है। आज के दिन आप शनि देव को प्रसन्न करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी, बिजनेस में भी तरक्की होगी। जो लोग लोहे से जुड़े बिजनेस में हैं, उनको शनिवार के उपाय करने चाहिए क्योंकि लोहा शनि देव की प्रिय धातु है। तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ। कृष्ण कृमार भार्गव से जानते हैं शनिवार के उपाय, जो भाग्य को भी मजबूत करते हैं।

**शनिवार के उपाय**

1। शमी का पौधा शनि देव को प्रिय है। शनिवार को इस पौधे को जल दें और इसकी सेवा करें और शाम के समय में इसके पास एक सरसों के तेल का दीपक जलाएं। इसे शनि देव प्रसन्न होंगे और घर में धन आगमन भी होगा।

2। शनिवार को पीपल के पेड़ को जल अर्पित करें। उसके बाद एक कच्चा सूत लेकर सात बार परिक्रमा करते हुए पेड़ में लपेट दें। शनि देव का स्मरण करके उनसे परिवार के सुख और समृद्धि की प्रार्थना करें।

3। यदि आप शनि दोष, साढ़ेसाती या ढैय्या से परेशान हैं तो आप शनि देव के बीज मंत्र ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं शनैश्चराय नमः का कम से कम 108 बार या एक माला जाप करें। इस मंत्र का जाप आप शनि मंदिर में जाकर करें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

4। शनिवार का व्रत करने और शनि देव की पूजा करने से बहुत लाभ होता है। पूजा के समय शनिवार व्रत कथा पढ़ें। इससे आपके ग्रह दोष भी दूर होंगे और कष्ट भी मिट जाएंगे।

5। सबसे आसान उपाय यह है कि आप बुरी संगत और बुरी लत को छोड़ दें। जुआ, शराब, चोरी, व्यभिचार जैसे बुरी चीजों का त्याग करें। असहाय लोगों की मदद करें। ऐसे भी आपका शनि ग्रह सही होगा।

6। यदि आप जाने या अनजाने में ही असहाय लोगों, महिलाओं, बच्चों को कष्ट देते हैं। कौआ, कुत्ता, गाय समेत दूसरे जानवरों को परेशान करते हैं। माता और पिता के साथ बड़े-बुजुर्गों का अपमान करते हैं तो इन आदतों को तुरंत छोड़ दें। उस दिन से ही आपका शनि सकारात्मक प्रभाव देने लगेगा।

7। अपने माथे पर लाल चंदन का तिलक करें और हर शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें। आपको शनि पीड़ा से राहत मिलेगी और जीवन में उन्नति के मार्ग खुलेंगे।

# घमंड से अच्छे काम और रिश्ते बिगड़ जाते हैं

जब किसी व्यक्ति के स्वभाव में घमंड आ जाता है तो उसके अच्छे काम भी बिगड़ जाते हैं। अहंकार की वजह से व्यक्ति को सही-गलत का ध्यान नहीं रहता है और वह कुछ ऐसा कर देता है, जिससे बने-बनाए काम भी असफल हो जाते हैं। इस बुराई को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए। ये बात हम प्रजापति दक्ष की गलतियों से सीख सकते हैं।

प्रजापति दक्ष का सभी देवताओं और बड़े-बड़े ऋषि-मुनि भी सम्मान करते थे। एक दिन एक यज्ञ हो रहा था। यज्ञ में सभी देवी-देवता और ऋषि-मुनि बैठे हुए थे।

उस समय प्रजापति दक्ष यज्ञ स्थल पर पहुंचे तो वहां बैठे सभी लोग उनके सम्मान में खड़े हो गए, लेकिन शिव जी बैठे हुए थे। शिव जी दक्ष पुत्री सती के पति थे, इस रिश्ते से दक्ष शिव जी के ससुर थे। दक्ष अहंकारी था। उसने सभी को अपने सम्मान में खड़े देखा तो वह बहुत खुश हुआ, लेकिन जैसे ही उसकी नजर शिव जी पर पड़ी तो वह क्रोधित हो गया। शिव जी आंखें बंद करके ध्यान में बैठे हुए थे।

दक्ष के सम्मान में शिव जी नहीं उठे तो दक्ष ने सोचा कि ये मेरे दामाद हैं, मेरी संतान की तरह हैं। इस रिश्ते से इन्हें मेरे सम्मान में उठना था। इतना सोचने के बाद अहंकार दक्ष ने शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया।

शिव जी शांत थे और दक्ष की बातें सुन रहे थे, लेकिन उस समय वहां मौजूद नंदीश्वर शिव जी का अपमान सहन नहीं कर पाए और उन्होंने दक्ष को शाप दे दिया। नंदीश्वर के शाप से भृगु ऋषि गुस्सा हो गए, उन्होंने नंदी को शाप दे दिया। कुछ ही देर में पूरा यज्ञ बिगड़ गया। सभी एक-दूसरे से झगड़ने लगे थे।

**जीवन प्रबंधन**

इस घटना से संदेश मिलता है कि घमंड को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए। जो लोग घमंड करते हैं, उन्हें कहीं भी मान-सम्मान नहीं मिलता है। अहंकार की वजह से हमारे अन्य सभी गुणों का महत्व खत्म हो जाता है। इस बुराई को जल्दी से जल्दी छोड़ दें।

# शनिवार को हनुमान जी को क्यों चढ़ाते हैं लाल सिंदूर ?

जय श्रीराम



हनुमान जी को लाल सिंदूर चढ़ाने से शनि देव की कृपा बरसती है। उनकी वक्र दृष्टि से राहत मिलती है परंतु क्या आपको पता है कि शनिवार को हनुमान जी को लाल सिंदूर चढ़ाने का यह उपाय शनि देव से कैसे जुड़ा है? अगर नहीं! तो जानते हैं इसके बारे में। पंडित रामचंद्र जोशी के अनुसार, पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि एक बार शनि देव और रावण का हुआ था भयंकर युद्ध, जो लंबे समय तक चला क्योंकि दोनों ही अत्यंत बलवान थे परंतु अंत में रावण ने भगवान शिव के द्वारा दिए हुए बाण का प्रहार शनि देव पर किया। शनि देव उससे बचने में सामर्थ्यवान तो थे परंतु शिव जी का मान रखने के लिए वे उस बाण से घायल हुए।

**रावण ने लटकाया शनि देव को अंधे कुएं में**

उसके बाद रावण उन्हें बंदी बनाकर लंका ले आया और वहीं एक अंधे कुएं में उन्हें उल्टा लटका दिया और बहुत प्रताड़ित करने लगा। तब शनि देव ने भगवान शिव से विनती की और भगवान शिव ने वहां आकर उन्हें आश्वासन दिया कि उनका उग्र रूप हनुमान कुछ दिनों में वहां आएगा और उन्हें रावण के चंगुल से मुक्ति दिलाएगा।

**हनुमान ने किया शनि देव को मुक्त**

इधर जब हनुमान जी महाराज लंका पधारे तो वहां देवर्षि नारद ने उन्हें शनि देव के बारे में अवगत करा उन्हें मुक्ति दिलाने को कहा। जिस पर हनुमान जी शनि देव के उस कुएं के निकट पहुंचे और उन्हें प्रणाम करते हुए उन्हें जैसे ही छूने के लिए आगे बढ़े, तभी शनि देव ने उन्हें रोका और कहा, "हनुमान!

अगर तुमने मुझे ऐसे ही स्पर्श किया तो मेरी शक्ति के कारण तुम्हारा नाश हो जाएगा। अतः तुम अपने ऊपर लाल सिन्दूर लगाकर आओ, तब मेरी शक्ति का असर तुम पर नहीं होगा।" यह सुनते ही हनुमान जी समुद्र तट पर पहुंचे और जल में गीले होकर अपने पूर्ण शरीर पर लाल सिन्दूर लपेट लिया तथा शनि देव को अंधे कुएं से बाहर निकाल रावण की कैद से मुक्त किया।

**शनि देव ने दिया हनुमान को आशीर्वाद**

इस पर शनि देव हनुमान जी पर प्रसन्न होकर बोले, "हनुमान मैं तुम्हारा आभारी हूं और आज से जो भी भक्त शनिवार के दिन तुम्हें सिन्दूर अर्पित कर उसमें से प्रसाद स्वरूप लेकर उसका तिलक करेगा, मेरी वक्र दृष्टि नहीं सताएगी। जो तुम्हारी शरण में आएगा, वह मेरी ही शरण में आ गया।" यह कहकर शनि देव ने हनुमान जी को आगे के कार्य के बारे में समझाया। ऐसी मान्यता है कि शनि देव कि वक्र दृष्टि के ही कारण रावण का समूल नाश हुआ था।

# यहां लिखी थी महर्षि वेदव्यास ने गीता

उत्तराखंड के चमोली जनपद में पंच बद्री (बद्रीनाथ, भविष्य बद्री, आदि बद्री, योग ध्यान बद्री और वृद्ध बद्री) भगवान विष्णु को समर्पित धाम है। तो चलिए आज आपको सबसे पहले पंच बद्री में से एक महत्वपूर्ण बद्री आदि बद्री के बारे में बताते हैं।

**आदि बद्री मंदिर**

कर्णप्रयाग से 17 किलोमीटर तथा चांदपुर गढ़ी से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर भगवान विष्णु का एक भव्य मंदिर है, जहां नारायण आदि बद्री के नाम से जाने जाते हैं। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। आदि बद्री में जागेश्वर मंदिर समूह के जैसे 16 मंदिरों का समूह हुआ करता था, जो मौजूदा वक्त में 14 ही रह गए हैं। युगों-युगों से यह मंदिर भक्तों का कल्याण करता आ रहा है। वक्त के कई दौर देखने के बाद भी यहां मंदिर आज भी ज्यों का त्यों खड़ा है। आदि बद्री मंदिर के अंदर भगवान विष्णु की तीन फुट ऊंची मूर्ति है, जिसकी शोभा देखने भक्त दूर-दूर से आते हैं। इस मंदिर के पुजारी थपलियाल परिवार के हैं, जो पीढ़ियों से इस मंदिर की देखरेख व पूजा-अर्चना कर रहे हैं। भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया, जिससे न सिर्फ मंदिर को सुरक्षित रखा गया है बल्कि उन्होंने यह भी बताया कि यह मंदिर पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा की अहम कड़ी है।

**आदि बद्री की संरचना**





आदि बद्री में अभी 14 मंदिरों का समूह है। भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के अनुसार, इनकी संख्या पहले 16 थी। आदि बद्री मंदिर की वास्तुकला की बात करें तो सभी मंदिर पिरामिड शंकु आकार के हैं, जो कई हद तक गढ़वाल के अन्य मंदिरों से संरचना में भी दिखाई देते हैं। मुख्य मंदिर काफी बड़ा है, जहां भगवान विष्णु की छवि एक काली शिला पर है। वह दर्शन मुद्रा में खड़े हैं। वहीं मुख्य मंदिर के ठीक सामने भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ का मंदिर है, जो एक छोटे शंकु के आकार के मंदिर के अंदर विराजमान हैं। इसके अतिरिक्त यहां भगवान सत्यनारायण, लक्ष्मीनारायण, भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, मां गौरी, मां काली, मां अन्नपूर्णा, भगवान भोलेनाथ और कुबेर के मंदिर भी स्थित हैं। हालांकि कुबेर का मंदिर मूर्ति विहीन है।

**मंदिर से जुड़ी पौराणिक मान्यताएं**

कहा जाता है कि इस मंदिर की नींव 8वीं सदी में शंकराचार्य द्वारा रखी गई थी, ताकि चारों दिशाओं में तीर्थाटन के लिए जाया जा सके। भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण 8वीं से 11वीं सदी के बीच कत्यूरी राजाओं द्वारा कराया गया था। आदि बद्री मंदिर के बारे में यह भी बताया जाता है कि यहां भगवान विष्णु तीन युग (सतयुग, द्वापर और त्रेतायुग) में बद्रीनाथ के रूप में रहते थे और कलयुग में वे बद्रीनाथ धाम चले गए। वर्तमान में उत्तराखंड में पंच बद्री बद्रीनाथ, भविष्य बद्री, आदि बद्री, योग ध्यान बद्री, वृद्ध बद्री भगवान विष्णु को समर्पित हैं। किंवदंतियों के अनुसार, जब कलयुग का अंत होगा तो भगवान बद्रीनाथ से भविष्य बद्री में अंतर्ध्यान हो जाएंगे।

**कब से कब तक खुलते हैं मंदिर के कपाट ?**

मंदिर के कपाट दिसंबर के बीच से और 14 जनवरी तक बंद कर दिए जाते हैं और मकर सक्रांति में पुनः कपाट खोल दिए जाते हैं।आदि बद्री मंदिर में भी पूजा का विधि विधान बद्रीनाथ मंदिर के समान ही है। यहां प्रातः भगवान विष्णु को स्नान कराने और साज-सज्जा के बाद कपाट खोले जाते हैं और आरती की जाती है। वहीं संध्या में भी भगवान की आरती के बाद मंदिर के द्वार बंद कर लिए जाते हैं। भगवान बद्रीनाथ के मंदिर दर्शन से पहले आदि बद्री मंदिर के दर्शन की मान्यता है। मान्यता है कि जो आदि बद्री मंदिर के दर्शन के बाद तुलसी से बना चरणामृत ग्रहण करता है, भगवान विष्णु की सदैव उस पर कृपा दृष्टि बनी रहती है।

हिना खान



# हिना खान जल्द ही टैलीप्ले 'षड्यंत्र' में दिखाई देंगी

हिना खान छोटे से लेकर बड़े पर्दे और वेब सीरीज में भी हाथ आजमा चुकी है। अब वह एक नए माध्यम में कदम रखने जा रही है। वह जल्द ही टैलीप्ले 'षड्यंत्र' में दिखाई देगी, जिसे मनोवैज्ञानिक साजिश से भरा एक सस्पैंस थ्रिलर बताया गया है। यह लालच, महत्वाकांक्षा, आत्म-संरक्षण और बदले की कहानी है और इसमें चंदन रॉय सान्याल और कुणाल रॉय कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

कहानी एक शादीशुदा जोड़े रोहन तिवारी और नताशा मल्होत्रा तिवारी की आंखों से कही गई है। नताशा एक निर्माण कम्पनी की उत्तराधिकारी है. लेकिन वह व्यावसायिक साजिशों से दूर एक सुखी जीवन जीती है। नताशा का जीवन हमेशा के लिए बदल जाता है, जब एक चौंकाने वाली हत्या होती है और जांच करने वाले पुलिस अधिकारी मोहन खन्ना रहस्य को सुलझाने के लिए आते हैं।

हिना नाटक में अपने पहले अनुभव के बारे में कहती है, मुझे खुशी है कि एक नाटक में काम करने की मेरी इच्छा पूरी हो गई है और मैं 'षड्यंत्र' के साथ थिएटर में अपनी शुरूआत कर रही हूं। उसने बताया. ₹नताशा, का जो किरदार मैंने निभाया है. उसने आगे कहा, मैं हमेशा थिएटर करना चाहती थी, इसलिए मैंने इस किरदार को निभाने और पूरी प्रक्रिया का जम कर लुत्फ उठाया। इस टैलीप्ले ने मुझे थिएटर समुदाय में शामिल होने का अवसर दिया है और मुझे उम्मीद है कि मैं भविष्य में और टैलीप्ले का हिस्सा बनूंगी।'

गौरतलब है कि हिना को गत वर्ष फिल्म 'लाइन्स' में देखा गया था, जिसके लिए उसने कान्स फिल्म फैस्टिवल में पोस्टर का अनावरण किया था। फिल्म ने यू.के.-एशियन फिल्म फैस्टिवल में भी अपनी पहचान बनाई थी। सोशल मीडिया पर भी हिट इंस्टाग्राम पर उसके 18.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं और सूत्रों की मानें तो इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट के लिए वह 12 से 13 लाख रुपए के बीच वसूल करती है। सबसे अधिक फीस पाने वालों में से एक हिना मनोरंजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्रियों में से एक है। इस साल उसकी कुल सम्पत्ति 10 मिलियन डॉलर (लगभग 82.57 करोड़ रुपए) रही हैं।

## भारती सिंह ट्रेंडिंग सॉन्ग पतली कमरिया पर जमकर थिरकीं



'लाफ्टर क्वीन' के नाम से मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह इन दिनों सिंगिंग रिएलिटी शो 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' को होस्ट कर रही हैं। इसी बीच शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें भारती डांस करती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में कॉमेडियन ट्रेंडिंग सॉन्ग 'पतली कमरिया बोले' पर अपनी कमर मटकाती हुई दिखाई दीं और उनके साथ वह पर मौजूद सभी लोग उनका साथ देते हुए नजर आए। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा का चैट शो 'मूविंग इन विद मलाइका' इन दिनों चर्चा में हैं। इस बीच शो का एक प्रोमो वीडियो सामने आया है जिसमें भारती सिंह शो में बतौर गेस्ट पहुंची थी। इस एपिसोड में कॉमेडियन ने मलाइका पर भद्दे कमेंट करने वालों को करारा जवाब भी दिया था। भारती ने कहा ट्रोलर्स के लिए भी एक शो होना चाहिए।

# थैंक यू इंडिया मुझे वह सब देने के लिए जिसका मैने सपना देखा व उससे भी अधिक मिला

ईरान की राजधानी तेहरान में जन्मी एलनाव नौरोजी ने जीवन में कई समस्याओं का सामना किया, जिसके बाद अंततः लोकप्रिय वेब सीरीज सैक्रेड गेम्स' से उसने सबका ध्यान खींचा। एलनाज के जन्म के कुछ समय बाद ही उसका परिवार ईरान से जर्मनी आकर रहने लगा था। एलनाज का कहना है कि जर्मनी आने की वजह से ही यह आज स्वतंत्र और अपने पैरों पर खड़ी है। यदि ईरान में होती तो शायद वह भी वहां महिलाओं को पाबंदियों में रखने की परम्परा का शिकार बन जाती। जब से ईरान में महिलाएं हिजाब के खिलाफ विद्रोह पर उतरी हैं, तभी से एलनाज ईरानी महिलाओं की बुरी स्थिति के खिलाफ दुनिया का ध्यान खींच रही है। उसके इसी कार्य के लिए एलनाज को एक मैग्जीन ने वर्ष 2022 की 100 महिलाओं की सूची में जगह दी है।

इस बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी देते हुए उसने लिखा, "मुझे फोकस मैग्जीन को 100 वूमन ऑफ द ईयर 2022* लिस्ट में रखा गया है। मैग्जीन लिखती है उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित करने के साथ ही सीमाओं को तोड़ने की पहल की है। हर तरह की बाधाओं के खिलाफ आगे बढते हुए उन्होंने काम किया है। जानिए उन महिलाओं के बारे में जो दूसरों के लिए आवाज उठती हैं। ये वे महिलाएं हैं जिन्हें हमें सुनना चाहिए - बचपन से ही मैं हमेशा लोगों को प्रेरित करना चाहती थी। मैं हमेशा साहसी होने और सही के लिए लड़ने में विश्वास करती थी। मेरे इन प्रयासों को इतनी बड़ी स्वीकृति से मेरा दिल खिल उठा है।

वह आगे कहती है, पिछले कुछ दिनों में मुझे ईरान और उसके लोगों के समर्थन में खड़े होने के लिए दुनिया द्वारा पुरस्कृत और स्वीकार किया गया है। दूसरी ओर ईरान में ऐसा ही करने वाले साथी कलाकारों को हिरासत में लिया और अपने लोगों के साथ एकता में खड़े होने के लिए जेल में डाल दिया गया है। यह शर्म की बात है और हम ईरान में अधिकारियों से उन सभी की रिहाई की मांग करते हैं जो केवल आजादी मांगते है।

हाल ही में उसे इंडिया फैशन अवाड्र्स में भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस बारे में उसने बताया, ईरानी महिलाओं के लिए अपनी आवाज उठाना कुछ ऐसा था और है जिसके बारे में मुझे दो बार नहीं सोचना पड़ा- इंडस्ट्री में कई लोग/सहयोगी थे, यहां तक कि दोस्त और परिवार भी, जो मुझे ऐसा करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे... कुछ मेरी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे तो कुछ मेरे करियर को लेकर... लेकिन मेरे लिए यह केवल समानता और महिलाओं के लिए लड़ाई तक सीमित नहीं है, ईरान में लगभग 44 वर्षों से वास्तव में क्या चल रहा है, यह इसे लेकर जागरूकता पैदा करने में मदद के बारे में है। ऐसे में ईरानी महिलाओं के लिए जीवन की गुणवत्ता और स्वतंत्रता की लड़ाई में मेरे योगदान के लिए इंडिया फैशन अवार्ड जीतना एक सुंदर एहसास है।

"मैं उस दिन का इंतजार नहीं कर सकती जब मैं इस पुरस्कार के साथ आजाद ईरान वापस जा सकूं और इसे अपने परिवार को दिखा सकूं। "इस पुरस्कार का मतलब सब कुछ है, न केवल इसलिए कि यह मेरा पहला पुरस्कार है, बल्कि जिस कारण यह मुझे मिला है, वह भी खास है। थैंक यू इंडिया मुझे वह सब कुछ देने के लिए, जिसका मैंने सपना देखा और उससे भी बहुत अधिक। मुझे एक मंच दिया गया है और जब तक मेरी आवाज से अंतर पड़ता है, मैं हार नहीं मानूंगी।'

एलनाज नौरोजी



## एक फिल्म ने बदल दिया मेरा नजरिया

**एलनाज का** कहना है कि वह फिल्मों में रोल की लम्बाई नही देखती, बल्कि उसका महत्व देखती है। वह कहती है कि यहां मेरी भूमिका के महत्व पर निर्भर करता है और इसलिए यह स्क्रिप्ट और निर्देशक के बारे में है। अगर मेरे पास किसी हिंदी फिल्म में कैमियों है, जिसका बहुत अधिक प्रभाव है, तो मैं इसे करूंगी।

वह एक ऐसी फिल्म का उदाहरण देती है जिसने उसका नजरिया बदल दिया। वह कहती है, मुझे उस फिल्म का नाम तो याद नहीं है लेकिन तब मैं अपने अगले करियर के बारे में सोच रही थी। मैं एक ऐसी फिल्म देखने गई थी जिसमें बहुत सारे कलाकार थे। रोल को लेकर उसमें पलक झपकाओं और तुम चूक जाओगे वाला हिसाब था। एक अभिनेता के पास सबसे कम समय था लेकिन उन्होंने सीन लिया। इसने मुझे झकझोर दिया। उनके पास केवल एक सीन था और महज 5 सेकेंड में वह ऐसा करने में कामयाब हो गए।उसने अभिनय के प्रति मेरा नजरिया बदल दिया। यदि आप ऐसा करने में कामयाब हो जाते हैं, तो एक एक्टर के रूप में आपका काम हो जाता है। मैंने निष्कर्ष निकाला है कि मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहती हूं, कि मैं जो कुछ भी कर रही हूं, लोग उसे महसूस कर सके।

# नहीं रहे तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर कैकला सत्यनारायण

## 87 साल की उम्र में हुआ निधन, करीब 750 फिल्मों में किया था काम




तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर कैकला सत्यनारायण का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। सत्यनारायण के यूं चले जाने से पूरी इंडस्ट्री गम में डूब गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार कल 24 दिसंबर को महाप्रस्थानम में होगा।

कैकला के निधन पर कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया के जरिए शोक व्यक्त किया है। जहां राम चरण ने लिखा, 'कैकला सत्यनारायण गारू के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हो रहा है। हमारी फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।' वहीं चिरंजीवी ने तेलुगु का एक नोट शेयर करते हुए लिखा, 'भगवान आपकी आत्मा को शांति दे। श्री कैकला सत्यनारायण गरु।' इसके साथ ही उन्होंने कैकला के साथ कुछ फोटोज भी शेयर की हैं।

कैकला ने 10 अप्रैल 1960 को एक्ट्रेस नागेश्वरम्मा से शादी की थी। कपल के 4 बच्चे हैं, जिनमें 2 बेटी और 2 बेटे हैं। उन्होंने अपने करियर में करीब 750 फिल्मों में काम किया है। वो एक्टर होने के साथ-साथ फिल्म प्रोड्यूसर भी थे। उन्हें तेलुगु की ब्लॉकबस्टर फिल्म KGF भी प्रस्तुत की थी। कैकला इसके अलावा पॉलिटिक्स से भी जुड़े हुए थे। वो 1996 में मछलीपट्टनम निर्वाचन क्षेत्र के सांसद भी रह चुके हैं। फिर अगला चुनाव हारने के बाद कैकला सत्यनारायण ने राजनीति छोड़ दी और इसके बाद से वो फिल्मों तक ही सीमित हो गए।

# अमिताभ बच्चन की तरह टैलेंटेड नहीं हैं अभिषेक- तस्लीमा नसरीन

## जवाब में अभिषेक बोले- बिल्कुल सही मैम, कोई उनके आस-पास भी नहीं आ सकता



बांग्लादेशी मूल की लेखिका तस्लीमा नसरीन ने कहा है कि अभिषेक बच्चन अपने पिता अमिताभ बच्चन जितने टैलेंटेड नहीं हैं। इसके जवाब में अभिषेक ने कहा है कि तस्लीमा का कहना बिल्कुल सही है क्योंकि टैलेंट या किसी भी चीज में उनके पिता के कोई आस-पास भी नहीं है। वो बेस्ट हैं और बेस्ट ही बने रहेंगे। अभिषेक के इस मैच्योर रिप्लाई का सोशल मीडिया यूजर्स काफी तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि अभिषेक भले ही अपने पिता जैसे न हो लेकिन उनका काम कई बॉलीवुड एक्टर्स से बेहतर है।

तस्लीमा नसरीन सोशल मीडिया पर अपने बेबाज अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने लिखा, 'अमिताभ बच्चन जी अपने बेटे अभिषेक बच्चन से इतना प्यार करते हैं कि उन्हें लगता है कि उनके बेटे को उनका सारा टैलेंट विरासत में मिला है और वो सबसे बेस्ट है। अभिषेक ठीक हैं लेकिन अमित जी जितना टैलेंटेड नहीं हैं।'

अभिषेक ने दिल जीत लेने वाला रिप्लाई दिया

अभिषेक ने भी तस्लीमा को रिप्लाई देते हुए लिखा, 'बिल्कुल सही, मैम। टैलेंट या किसी भी चीज में कोई उनके करीब भी नहीं आता है। वो हमेशा बेस्ट बने रहेंगे। मुझे उनका बेटा होने पर गर्व है।' सुनील शेट्टी ने अभिषेक के इस पोस्ट पर दिल वाला इमोजी पोस्ट किया। अभिषेक और तस्लीमा के इस पोस्ट पर काफी सारे यूजर्स के रिएक्शन आए। एक यूजर ने लिखा,'अभिषेक को शायद इसलिए वो सम्मान नहीं मिल पाता जिसके वो हकदार हैं क्योंकि लोग उन्हें अमिताभ बच्चन से कंपेयर करते हैं। वो अधिकांश एक्टर्स से बेहतर है।' एक यूजर ने लिखा, 'मैडम, अमिताभ बच्चन जैसे लोग जेनरेशन में एक बार पैदा होते हैं।'

### अभिषेक बच्चन को मिला है बेस्ट एक्टर का अवार्ड

बता दें कि अभिषेक बच्चन ने हाल ही में अपनी फिल्म दसवीं के लिए 2022 का फिल्मफेयर ओटीटी बेस्ट एक्टर का अवार्ड जीता है। दसवीं को बेस्ट फिल्म का भी अवार्ड मिला है। इसी को लेकर अमिताभ बच्चन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए लिखा था, 'मैं काफी खुश हूं। तुम्हारा मजाक बनाया गया तुम्हें चिढ़ाया गया लेकिन तुमने चुपचाप अपना काम करना जारी रखा। तुम बेस्ट थे और बेस्ट रहोगे।' अभिषेक बच्चन इसके अलावा ब्रीद इनटू द शैडो के तीसरे सीजन में नजर आएं हैं। इस सीरीज में उनके काम की काफी तारीफ हो रही है। उनके साथ इस सीरीज में अमित साध ने भी काम किया है।

# 'बाहुबली' को छोड़ मशहूर डॉयरेक्टर की दुल्हन बनने जा रही है अनुष्का शेट्टी!



अनुष्का शेट्टी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं जिन्होंने हमेशा अपने हर एक अंदाज और अपने सादगी भरे अवतार में लोगों का दिल बखूबी जीता है। फिल्म 'बाहुबली' में अपने अभिनय से उन्होंने हर दर्शक को उनकी तारीफ करने पर मजूबर कर दिया। अनुष्का शेट्टी का नाम एक बार फिर से चर्चा में बना हुआ है, लेकिन इस बार उनके किसी फिल्म या प्रोजेक्ट को लेकर नहीं बल्कि उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

अनुष्का शेट्टी की शादी को लेकर आए दिन कोई न कोई खबर आती ही रहती है और इसी तरह से अब एक बार फिर से उनकी शादी की चर्चा जोरों पर बनी हुई है। दरअसल, इन दिनों फिल्मी गलियारों में उड़ती उड़ती खबर आ रही है कि अनुष्का शेट्टी जल्द ही शादी करने वाली है और उन्होंने अपने हमसफर को भी चुन भी लिया है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, अनुष्का शेट्टी तेलुगु डायरेक्टर से शादी करने वाली है। बता दें कि ये तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर डायरेक्टर है जिनके साथ एक्ट्रेस दो हिट फिल्में कर चुकी है और अब उनके साथ अपना पूरा जीवन बिताने के लिए वो तैयार नजर आ रही है। खबरों की मानें तो अनुष्का शेट्टी की शादी में उनके करीबी दोस्त और दोनों के तरफ के परिवार वाले शामिल होंगे।

अनुष्का शेट्टी की बात करें तो, वो अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती है। इससे पहले अनुष्का का नाम साउथ एक्टर नागा चैतन्य के साथ जुड़ चुका है, लेकिन अनुष्का ने इन खबरों का खंडन कर दिया था। इसके बाद अनुष्का शेट्टी और प्रभास को 'बाहुबली' में साथ देखकर फैंस को इनकी जोड़ी काफी पसंद आने लगी।

अनुष्का और प्रभास को लेकर अक्सर डेटिंग की खबरें सामने आती रही। इतना ही नहीं खबरों तो यहां तक आई थी कि ये दोनों शादी करने वाले है, लेकिन बढ़ती अफवाहों को देखते हुए अनुष्का ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा था कि वो प्रभास को करीब 15 सालों से जानती है और वो उनके खास दोस्तों में से एक हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने कहा था कि अगर उन दोनों के बीच कुछ होता तो सबको पता चल गया होता। इन सबके बाद फिलहाल तो अनुष्का शेट्टी अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में छाई है। अब इन बातों में कितनी सच्चाई है, ये तो शायद वक्त आने पर पता चलेगा।

# प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद पहली बार दिखीं गौहर खान



टीवी एक्ट्रेस गौहर खान ने हालही में फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की थी। गौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। इस बीच गौहर को एक इवेंट में स्पॉट किया गया जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में गौहर ग्रीन कलर की ड्रेस में नजर आईं। हालांकि इस दौरान उनका बेबी बंप नजर नहीं आया।

भले ही एक्ट्रेस ने अपने बेबी बंप को मीडिया में फ्लॉन्ट नहीं किया हो, लेकिन उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी का ग्लो साफ नजर आ रहा है। बता दें उनकी शॉर्ट मूवी सॉरी भाई साहब ने बेस्ट शॉर्ट मूवी का अवॉर्ड अपने नाम कर लिया। फिल्म को शॉर्ट फिल्म अवॉर्ड मिलने से वो खासी खुश नजर आईं। एक्ट्रेस ने जबसे अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की है तब से उन्हें सोशल मीडिया पर लगातार बधाईयां मिल रही हैं। गौहर और जैद ने दिसंबर 2020 की में शादी रचाई थी। वहीं, अब शादी के दो साल बाद दोनों जल्द अपने पहले बच्चे का स्वागत इस दुनिया में करने वाले हैं। गौहर खान जैद दरबार से उम्र में 12 साल का अंतर है। एक्ट्रेस अपने शौहर से 12 साल बड़ी हैं, जिसे लेकर गौहर ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ गई थीं।






# उनादकट की 12 साल बाद वापसी

## तीन रणजी सीजन में 115 विकेट चटकाए; बतौर कप्तान विजय हजारे ट्रॉफी भी जीती

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत ने कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठाकर सभी को चौंका दिया। ये फैसला कितना सही था, ये तो मैच के बाद ही पता लगेगा। लेकिन, अहम बात ये है कि उनकी जगह जयदेव उनादकट को शामिल किया गया।

उनादकट भारत के लिए दूसरा ही टेस्ट मैच खेल रहे हैं। पहला टेस्ट उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2010 में खेला था। उन्होंने 12 साल बाद भारतीय टीम में कमबैक किया है। बतौर कप्तान उनादकट ने सौराष्ट्र को इसी साल विजय हजारे ट्रॉफी भी जिताई। फाइनल में टीम ने महाराष्ट्र को हराया था। इस खबर में हम टीम इंडिया में उनके सिलेक्शन और घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन पर नजर डालेंगे।

**इस टेस्ट में उनकी परफॉर्मेंस देखते हैं...**

मीरपुर टेस्ट में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। भारत ने जयदेव उनादकट को मौका दिया। उन्होंने पारी के 15वें ओवर में ही भारत को दूसरी सफलता दिला दी। उन्होंने ओवर में ओपनर जाकिर हसन को ऑफ साइड के बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉलिंग कर सेट किया। फिर पांचवीं बॉल इन-स्विंगिंग शॉर्ट बॉल फेंक दी। जाकिर इसे समझ नहीं सके और ठीक से खेल नहीं पाए। बॉल उनके बैट से लगकर स्लिप में खड़े कप्तान राहुल के पास चली गई। राहुल ने कोई गलती नहीं की और कैच कर लिया।

ये उनादकट के टेस्ट करियर का पहला विकेट था। इसके बाद उन्होंने विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम को भी पवेलियन भेजा। उन्होंने ऑफ साइड के बाहर शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ बॉल फेंकी। मुश्फिकुर कट करने गए। बॉल ने बैट का बाहरी किनारा लिया और विकेटकीपर पंत के हाथों में चली गई।



# वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैम्पियन बने ईरान के हादी चूपन, एंड्रिया बनीं मिस ओलंपिया

मिस्टर ओलंपिया दुनिया के सबसे बड़ा बॉडी बिल्डिंग कॉम्पिटिशन है. जिसमें इस बार पुरुषों कैटेगरी में ईरान के हादी चूपन ने अपना दम दिखाया है. उन्होंने खिताब अपने नाम किया है. जबकि महिलाओं की कैटेगरी में एंड्रिया शॉ चैम्पियन बनी हैं.

दुनिया के सबसे बड़े बॉडी बिल्डिंग कॉम्पिटिशन में पुरुषों में ईरान के हादी चूपन और महिलाओं में एंड्रिया शॉ ने अपना दम दिखाया है. चूपन ने गत विजेता 'बिग रैमी' को हराकर 2022 का मिस्टर ओलंपिया का ख़िताब टाइटल अपने नाम कर लिया है.

बॉडीबिल्डिंग के महासंग्राम कहे जाने वाले टूर्नामेंट के 58वें संस्करण में चूपन ने अपनी पहली जीत दर्ज की है. 2022 मिस्टर ओलंपिया मध्य दिसंबर को अमेरिका के नेवादा के लास वेगास में प्लैनेट हॉलीवुड रिजॉर्ट एंड कसीनो में आयोजित हुआ था. चूपन के अलावा मिस ओलंपिया का खिताब एंड्रिया शॉ ने अपने नाम किया है.

**क्या होता है मिस्टर ओलंपिया ?**

दुनिया के सबसे बड़ा बॉडी बिल्डिंग कॉम्पिटिशन का नाम मिस्टर ओलंपिया है. मिस्टर ओलंपिया , जो वीडर के ओलंपिया फिटनेस एंड परफॉर्मेंस वीकेंड में पेशेवर पुरुषों की बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के



विजेता को सम्मानित किया जाता है. इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस सालाना इस अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन करता है. मिस्टर ओलंपिया 1965 में शुरू हुआ था, और इसकी स्थापना के बाद से केवल 16 बॉडीबिल्डर्स ने यह खिताब अपने नाम किया है.

मिस्र के 'बिग रैमी' ने यह टाइटल 2020 और 2021 में लगातार जीता था. मिस्टर ओलंपिया की गद्दी पर पिछले दो सालों से राज कर रहे 'बिग रैमी' के प्रशंसक उम्मीद कर रहे थे कि वह 2022 में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखेंगे. लेकिन 'बिग रैमी' पांचवे स्थान पर रहे. हादी जजस को इम्प्रेस करने में सफल रहें. उन्होंने मेन्स ओपन ट्रॉफी जीतने के लिए डेरेक लंसफोर्ड को हराया.

**खिताब जीतकर चूपन ने इतिहास रच दिया**

'दि परसियन वोल्फ' के नाम से जाने जाने वाले चूपन इस प्रतियोगिता में शीर्ष पुरस्कार लेने वाले पहले ईरानी बन गए हैं. चूपन मिस्टर ओलंपिया 2019 में तीसरे स्थान पर रहे थे और 2020 में उनकी रैंक चौथे स्थान पर थी. पिछले साल, चूपन ने तीसरा स्थान हासिल किया और अब आखिरकार उन्होंने चैंपियनशिप जीत ली है. 1987 में ईरानी गांव एब्नो में पैदा हुए, 35 वर्षीय हादी चूपन ने कई खिताब जीते हैं और कई चैंपियनशिप में भाग लिया है. खबर लिखते समय चूपन के इंस्टाग्राम पर करीब 3.4 मिलियन फॉलोअर्स थे.

ओलिम्पिया 2022 के जीत की धन राशि व दुनिया के सबसे बड़े बॉडी बिल्डिंग कॉम्पिटिशन के विनर को इवेंट की ही तरह शानदार धनराशि भी मिलती है. हादी चूपन को 4 लाख डॉलर मीले।

मिस ओलंपिया 2022 : दूसरी ओर एंड्रिया शॉ मिस ओलंपिया प्रतियोगिता जीती और 50,000 अमेरिकी डॉलर अपने नाम किया. एंजेला यिओ उपविजेता रही, जबकि हेले ट्रेविनो ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्रमशः 20,000 अमरीकी डालर और 12,000 अमरीकी डालर की पुरस्कार राशि जीती.

# युवा खिलाड़ियों पर भड़के कपिल देव

## बोले- दबाव नहीं झेल सकते तो केले की दुकान लगाओ, अंडे बेचो



**भारत को अपनी** कप्तानी में 1983 विश्व कप जिताने वाले कपिल देव ने एक बार फिर युवा खिलाड़ियों पर निशाना साधा है। कपिल हमेशा से ही दबाव और वर्कलोड मैनेजमेंट जैसे मुद्दों को लेकर युवा खिलाड़ियों की आलोचना करते रहे हैं। इस बार उन्होंने कहा है कि जो खिलाड़ी दबाव नहीं झेल पा रहे हैं उन्हें क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए। इन खिलाड़ियों को जाकर केले की दुकान लगा लेनी चाहिए और अंडे बेचना चाहिए।

कपिल ने कहा कि आजकल खिलाड़ी कहते हैं कि आईपीएल में बहुत प्रेशर है। अगर आप प्रेशर ने नहीं निपट सकते तो जाकर केले की दुकान लगाओ, अंडे बेचो। कपिल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस इस पर अपने विचार रख रहे हैं। कोलकाता में एक सभा के दौरान कपिल देव ने कहा 120 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में जब आपको क्रिकेट खेलने का मौका मिलता है तो इससे खिलाड़ियों को खुश होना चाहिए।

कपिल ने कहा, "खिलाड़ी कहते हैं कि हम आईपीएल खेल रहे हैं इसलिए बहुत दबाव है। यह शब्द सामान्य हो गया है। ऐसे खिलाड़ियों से मैं कहता हूं कि मत खेलो। आपके साथ कौन जबरदस्ती कर रहा है? अगर आप उस लेवल पर खेल रहे हैं तो दबाव होगा। आपकी आलोचना होगी तो प्रशंसा भी होगी। अगर आप आलोचना से डरते हो तो मत खेलो। आप देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आप पर दबाव है? यह कैसे संभव है? 100 करोड़ के देश में से केवल 20 लोगों को खेलने का मौका मिलता है और आप कहते हैं कि दबाव है? इसके बजाय आपको गर्व होना चाहिए। आपको लोगों का इतना प्यार मिल रहा है। आपको गर्व होना चाहिए कि मैंने इतनी मेहनत की है और मुझे सफलता मिली।"

कपिल ने आगे कहा, प्रेशर एक अमेरिकी शब्द है। अगर आप काम नहीं करना चाहते हैं तो ना करें। क्या कोई आपको मजबूर कर रहा है? जाकर केले की दुकान लगाओ। अंडे बेचो। आपको एक मौका मिला है तो आप इसे दबाव के रूप में क्यों ले रहे हैं।

इसका मजा लीजिए। जिस दिन आप ऐसा करना शुरू कर देंगे तो आपको काम आसान लगने लगेगा। लेकिन अगर आप ऐसा मानकर चलेंगे कि दबाव है तो इससे अच्छे नतीजे नहीं मिलने वाले।

# जर्सी स्पॉन्सरशिप डील खत्म करना चाहता है 'बायजू', किट स्पॉन्सर 'एमपीएल' भी निकलना चाहता है बाहर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के दो बड़े प्रयोजक 'बायजू' और एमपीएल स्पोर्ट्स ने बोर्ड से नाता तोड़ने का मन बना लिया है। दोनों अपने करार को खत्म करना चाहते हैं। जून में बायजू ने बीसीसीआई के साथ करीब 289 करोड़ (35 मिलियन डॉलर) में स्पॉन्सरशिप के लिए करार किया था। इस एडटेक कंपनी ने नवंबर 2023 तक बोर्ड के साथ करार को आगे बढ़ाया था। अब वह अलग होना चाहता है, लेकिन बीसीसीआई ने उसे मार्च 2023 तक करार जारी रखने के लिए कहा है।

बीसीसीआई के अनुसार, "बायजू ने बोर्ड को चार नवंबर 2022 को एक ईमेल भेजा था। इसमें उसने कहा था कि वह टी20 विश्व कप के साथ अपने करार को समाप्त करना चाहता है। इसके बाद बीसीसीआई और बायजू के बीच लंबी बातचीत हुई। बायजू के साथ हमारी चर्चा के अनुसार हमने उन्हें मौजूदा व्यवस्था जारी रखने और इस भागीदारी को कम से कम 31 मार्च 2023 तक जारी रखने को कहा है।"

बुधवार (21 दिसंबर) को



बीसीसीआई शीर्ष परिषद में इस बारे में चर्चा हुई। बायजू ने 2019 में 'ओप्पो' की जगह ली थी। बायजू कतर में 2022 फीफा विश्व कप के प्रायोजकों में शामिल था।

टीम किट और 'मर्चेंडाइज' प्रायोजक एमपीएल ने भी बोर्ड को बताया कि वह अपने अधिकार 'केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड (केकेसीएल)' को देना चाहता है। उसका मौजूदा अनुबंध 31 दिसंबर 2023 तक वैध है। एमपीएल ने नवंबर 2020 में 'नाइक' की जगह ली थी।

बीसीसीआई की नोट के अनुसार, "एमपीएल स्पोर्ट्स ने बीसीसीआई को दो दिसंबर 2022 को ईमेल भेजा था जिसमें उसने अपना करार (टीम और मर्चेंडाइज) पूरी तरह से 31 दिसंबर 2023 तक 'केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड' (एक फैशन ब्रांड) को देने की मांग की है। हमने एमपीएल स्पोर्ट्स से 31 मार्च 2023 तक करार जारी रखने को कहा है या फिर आंशिक करार देने को कहा है जिसमें केवल दायीं छाती पर लगा 'लोगो' शामिल हो लेकिन किट बनाने का करार शामिल नहीं हो।"

# मुंबई के सामने पोलार्ड की जगह भरने की चुनौती

## स्टोक्स और कैमरून ग्रीन पर टीम की नजर




**आईपीएल की** सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस के लिए पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। टीम 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ सबसे अंत में 10वें स्थान पर रही थी। इस बार मुंबई वापसी करना चाहेगा। आगामी सीजन से पहले रोहित शर्मा की टीम की नजर नीलामी में अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से अंजाम देने पर होगी।

मुंबई के सामने इस छोटी नीलामी में अपने पूर्व सीनियर खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड की जगह को भरने की चुनौती होगी। साथ ही मुंबई की नजर जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे स्टार खिलाड़ियों के सही-बैकअप तलाशने पर भी होगी। पिछले सीजन में टाइमल मिल्स, जयदेव उनादकट और बासिल थम्पी जैसे खिलाड़ियों पर दांव लगाया, लेकिन वह सही साबित नहीं हुआ।

मुंबई इंडियंस की मौजूदा टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), टिम डेविड, रमनदीप सिंह, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अरशद खान, कुमार कार्तिकेय, ऋतिक शौकीन, जेसन बेहरेनडोर्फ, आकाश मधवाल।

**मुंबई के पर्स में कितने रुपये शेष?**

मुंबई के पास 20.55 करोड़ रुपये बचे हुए हैं। उसकी टीम में नौ स्थान खाली है। इनमें तीन विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।

**मुंबई को नीलामी में क्या चाहिए?**

मुंबई की टीम इस बार कीरोन पोलार्ड के बगैर उतरेगी। उन्होंने नीलामी से पहले कुछ तेज गेंदबाजों और कुछ बैक-अप स्पिनरों को भी जाने दिया है। ऐसे में उन्हें एक ऑलराउंडर और कुछ बैक-अप खिलाड़ियों की जरूरत है। ट्रेंट बोल्ट के जाने के बाद उनके पास पावरप्ले में कोई स्विंग स्टार नहीं है। हालांकि, जोफ्रा आर्चर फिट हो गए हैं, लेकिन टीम उनके बैक-अप के रूप में किसी को जरूर चुनना चाहेगी।

**मुंबई किन खिलाड़ियों के लिए लगा सकती है जोर?**

मुंबई ऑलराउंडर की जगह के लिए इंग्लैंड के बेन स्टोक्स या सैम करन और ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन के लिए बोली लगा सकती है। स्पिनर्स के लिए एडम जम्पा, तबरेज शम्सी और आदिल रशीद विकल्प हो सकते हैं। भारतीय स्पिनरों में मयंक मार्कंडे और मुरुगन अश्विन (दोनों को मुंबई ने रिलीज किया है) के अलावा श्रेयस गोपाल और अमित मिश्रा में से किसी को टीम खरीद सकती है।

तेज गेंदबाजी आक्रामण में ऑस्ट्रेलिया के रिले मेरेडिथ को जोफ्रा आर्चर के बैक-अप में टीम दुबारा से शामिल कर सकती है। उसने मेरेडिथ को नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। श्रीलंका के दुष्मंथा चमीरा टीम के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। वहीं, विकेटकीपिंग के लिए एन जगदीशन पर फ्रेंचाइजी की नजर होगी। भारतीय तेज गेंदबाजों में शिवम मावी और विद्वथ कावेरप्पा के लिए फ्रेंचाइजी बोली लगा सकती है।

# अमित मिश्रा ऑक्शन में सबसे उम्रदराज, अफगानिस्तान का 15 साल का खिलाड़ी सबसे युवा



आईपीएल 2023 के लिए नीलामी होगी। इस साल 15 साल से लेकर 40 साल की उम्र तक के खिलाड़ी ऑक्शन में उतर रहे हैं। कुल 405 खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा हैं, जिसमें से अधिकतम 87 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। भारत समेत 14 देश के खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा हैं। ऐसे में 10 टीमों के बीच खिलाड़ियों को खरीदने की होड़ देखने लायक होगी।

इस साल ऑक्शन में 24 साल की उम्र के सबसे ज्यादा 38 खिलाड़ी हैं। वहीं, 26 और 27 साल की उम्र के 35-35 खिलाड़ी हैं। 25 साल की उम्र के 33 और 28 साल की उम्र के 30 खिलाड़ी हैं। इस साल ऑक्शन के सबसे युवा खिलाड़ी 15 साल के अफगानिस्तान के अल्लाह मोहम्मद गजानफर हैं। गजानफर मूलतः दाएं हाथ के स्पिनर हैं। उन्होंने अब तक कुल तीन टी20 खेले हैं और पांच विकेट झटके हैं। 15 रन देकर चार विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। टी20 में गजानफर का इकोनॉमी रेट 6.22 का है। यह गेंदबाज ऑक्शन में सरप्राइज पैकेज साबित हो सकता है। भारत के पांच खिलाड़ी और इंग्लैंड के युवा सनसनी रेहान अहमद शामिल हैं। रेहान को छोड़कर बाकी खिलाड़ियों ने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। पांच भारतीय खिलाड़ियों में शेख रशीद, निशांत सिंधु, दिनेश बाना, कुमार कुशाग्र, साकिब हुसैन शामिल हैं। शेख रशीद इस साल वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के उपकप्तान रहे थे। उन्होंने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, निशांत सिंधु और दिनेश बाना भी इसी टीम का हिस्सा थे। विकेटकीपर बल्लेबाज बाना ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, ऑलराउंडर निशांत यश ढुल और रशीद की गैरमौजूदगी में कुछ मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की थी।

**अमित मिश्रा ऑक्शन में उतरने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर**

वहीं, 40 साल के भारत के दिग्गज लेग स्पिनर अमित मिश्रा ऑक्शन के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर हैं। अमित मिश्रा ने 154 आईपीएल मैचों में 166 विकेट झटके हैं। 17 रन देकर पांच विकेट आईपीएल में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। ऑक्शन में दूसरे सबसे उम्रदराज अफगानिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी हैं। 38 साल के नबी अब तक 17 आईपीएल मैच खेल चुके हैं।


# राजस्थान रॉयल्स ने चहल-धनश्री की सालगिरह पर शेयर किया फनी वीडियो

## बटलर और उनकी पत्नी से जोड़ा खास रिश्ता

**भारत के स्टार** स्पिनर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा शादी की दूसरी सालगिरह मनाये हैं। चहल और धनश्री दोनों ने तस्वीरें शेयर कर एकदूसरे को बधाई भी दी है। धनश्री ने तस्वीरें शेयर कर कैप्शन में लिखा- अपने स्पिनिंग स्टार के साथ 730 दिन पूरे। वहीं, चहल ने कैप्शन में लिखा- हैप्पी एनिवर्सरी वाइफी। दोनों ने 22 दिसंबर 2020 को शादी की थी। हालांकि, इन दोनों से ज्यादा राजस्थान रॉयल्स का एक पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। चहल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा हैं। ऐसे में आरआर ने वीडियो शेयर कर दोनों को अनोखे अंदाज में बधाई दी है।

राजस्थान रॉयल्स ने वीडियो में सलमान खान की फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' के एक गाने को एडिट किया है। साथ ही राजस्थान रॉयल्स में ही चहल के साथी इंग्लैंड के जोस बटलर और उनकी पत्नी लुईस बटलर, रविचंद्रन अश्विन और उनकी पत्नी प्रीति नारायणन से खास रिश्ता जोड़ा है।


वीडियो में राजस्थान रॉयल्स ने कैप्शन में लिखा- हैप्पी एनिवर्सरी युजवेंद्र चहल और धनश्री। राजस्थान रॉयल्स ने फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' का गाना 'पहले दुल्हन तुम इनसे मिलो जी' गाने को एडिट किया है। इसमें जोस बटलर को धनश्री का 'ससुर' और लुईस बटलर को 'सास' बताया है। साथ ही



इन दोनों के साथ चहल की मस्ती का वीडियो भी दिखाया है। इसके बाद फिर अश्विन को धनश्री का 'नन्दोई' और प्रीति को 'ननद' बताया है।

वीडियो के अंत में धनश्री को चहल से मिलवाया जाता है। साथ ही यह भी बताया जाता है कि चहल का अंदाज बेहद खास है। इसमें चहल के सिग्नेचर मैदान पर लेटने वाले पोज को भी दिखाया गया है। राजस्थान रॉयल्स के इस वीडियो को खूब पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो पर अश्विन की पत्नी प्रीति ने कमेंट भी किया। उन्होंने लिखा- मैं बहुत कन्फ्यूज हूं। एडमिन कृपया ट्रांसलेट करें और एक्सप्लेन करें। वहीं, धनश्री ने भी कमेंट किया। उन्होंने लिखा- एडमिन मैं तुमसे मिलने आ रही हूं। चहल ने कमेंट कर लिखा- बहुत अच्छा काम किया है एडमिन।

चहल और धनश्री क्रिकेट के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। इन दोनों की तलाक की खबरें सामने आई थीं। बाद में चहल और धनश्री दोनों ने फिर पोस्ट कर इन खबरों को अफवाह बताया था और कहा था कि दोनों अलग-अलग नहीं हो रहे हैं। धनश्री टी20 वर्ल्ड कप के दौरान टीम इंडिया के मैच देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया भी पहुंची थीं।





## इच्छा के विरुद्ध यात्रियों के टिकट की श्रेणी घटाने पर एयरलाइन को देना होगा मुआवजा, जल्द आएंगे नियम

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उन यात्रियों को मुआवजा देने के लिए नियम जारी करेगा जिनमें एयरलाइनों की ओर से यात्रियों को जारी किए गए टिकटों को अनैच्छिक रूप डाउनग्रेड कर दिया गया। डीजीसीए ने यह घोषणा हवाई यात्रियों की ओर से शिकायतें मिलने के बाद की है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) नागर विमानन आवश्यकता (सीएआर) में संशोधन करने की प्रक्रिया में है, जो विमान में सवार



होने से इनकार, उड़ानों के रद्द होने और उड़ानों में देरी के कारण एयरलाइनों की ओर से यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "संशोधन से यात्री, जिसे उसकी बुक की गई श्रेणी के टिकट से अनैच्छिक रूप से डाउनग्रेड किया गया है, उसे एयरलाइन से रिफंड के रूप में करों सहित टिकट का पूरा मूल्य प्राप्त करने की अनुमति मिल जाएगी। साथ ही, एयरलाइनों को अगली उपलब्ध श्रेणी में यात्री को मुफ्त में यात्रा करने की सुविधा देनी होगी।

हितधारकों के परामर्श के बाद एयलाइन सोवाओं की नियामक संस्था डीजीसीए की ओर से अंतिम नियम जारी किए जाएंगे।

| स्थान | 22 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | 24 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | सील्वर (1केजी) |
|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |
| बैंगलोर | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |
| केरल | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |
| विशाखापत्तनम | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |

| स्थान | पेट्रोल पर लीटर | डीजल पर लीटर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 109.67 रुपये | 97.82 रुपये |
| दिल्ली | 96.72 रुपये | 89.62 रुपये |
| चेन्नई | 102.63 रुपये | 94.24 रुपये |
| मुंबई | 106.31 रुपये | 97.28 रुपये |
| बेंगलुरू | 101.94 रुपये | 87.89 रुपये |

# शेयर बाजार भरभराया: 3 दिनों में निवेशकों के डूबे 13.5 लाख करोड़, दुखों की बारिश लाया दिसंबर

नई दिल्ली , 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इसी साल 1 दिसंबर को सेंसेक्स ने 63,583.07 पर पहुंचकर अपना नया ऑल टाइम हाई बनाया था। इसी दिन निफ्टी ने भी 18,887.60 पर अब तक का सबसे उच्चतम शिखर पा चुकी थी। दुनियाभर में मंदी की खबरों, और रूस-यूक्रेन युद्ध के गहराने जैसी चर्चाओं का भारतीय शेयर बाजार पर ज़रा भी असर नहीं दिख रहा था। लेकिन अगले 20-22 दिनों में हालात बदल गए। बाजार अपने हाई के ऊपर नहीं जा पाया और धराशायी होता गया। अगर हम पिछले 3 सेशन्स की बात करें तो निवेशकों ने 13.5 लाख करोड़ रुपये का झटका झेला है। इन तीन दिनों में सेंसेक्स 2,000 अंकों से अधिक गिर चुका है तो निफ्टी 50 में 600 से ज्यादा अंकों की गिरावट आई है। आज, सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन, शुक्रवार को सेंसेक्स




और निफ्टी दोनों ही सूचकांक डेढ़ फीसदी से अधिक गिरकर कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में निवेशक भयभीत हैं और बाजार लगातार गिरता जा रहा है। सभी सेक्टर लाल निशान में हैं। केवल शुक्रवार को ही निवेशकों का नुकसान 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। पिछले 7 कारोबारी सेशन्स में निवेशकों ने 16 लाख रुपये का नुकसान उठाया है। बीएसई का बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के 280.55 लाख करोड़ रुपये से घटकर 275.01 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

**कोरोना की डराने वाली तस्वीर**

इस गिरावट के पीछे सबसे बड़ी वजह कोविड-19 के नए वेरिएंट के चलते फैले भय को माना जा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन में रोजाना लगभग 1 लाख केस सामने आ रहे हैं और 5 हजार लोग प्रतिदिन मर रहे हैं। इसी तरह कुछ यूरोपियन देशों में भी कोरोना फिर से हावी होता दिख रहा है। कल, गुरुवार को, भारत में भी बीएफ 7 का एक मामला सामने आया है। निफ्टी के स्मॉल कैप, मेटल और पीएसयू बैंक्स के शेयरों में आज भारी बिकवाली देखने को मिली है। डर का मीटर इंडिया विक्स तेजी से ऊपर की तरफ बढ़ रहा है। आज इसने एक बार फिर से 16 का स्तर छू लिया है और आज यह 5 फीसदी बढ़ा हुआ है।

**2023 के लिए चल रही लड़ाई**

दिसंबर में अब तक के प्रदर्शन को देखने के बाद, बी एन पी परिबास के रिसर्च हेड संजीव होटा को लगता है कि यह 2023 में सकारात्मक और नकारात्मक के बीच एक करीबी लड़ाई होने जा रही है। उन्होंने कहा, 'बढ़ती वैश्विक मैक्रो अनिश्चितताओं और कोविड के डर के फिर से उभरने के इस चरण में, 2023 में वैश्विक विकास मंदी की लगभग एक आम सहमति है। वैश्विक इक्विटी बाजारों पर कोविड की दहशत जारी रहेगी।'

## दुनिया के फेमस यूट्यूबर ने एलोन मस्क से पूछा

### 'क्या में ट्विटर का बन सकता हूं सीईओ', मस्क ने दिया यह दिलचस्प जवाब

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे फेमस यूट्यूबर 'मिस्टर बीस्ट' डोनाल्डसन ने ट्विटर के सीईओ बनने की इच्छा जताई है। हाल ही में ट्विटर के मौजूदा सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर के सीईओ पद के लिए एक पोल आयोजित किया था। इस पोल में मस्क ने जनता से पूछा था कि वह ट्विटर के सीईओ पद पर बने रहे या उसे छोड़ दें। इसके बाद करीब 17 लाख लोगों में से 57 फीसदी लोगों ने मस्क को पद छोड़ने की सलाह दी थी। एलन मस्क ने पोल से पहले यह कहा था कि वह इस पोल के रिजल्ट का पालन करेंगे। इसके बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह जल्द ही ट्विटर के सीईओ पद को छोड़ सकते हैं। इस मामले पर जानकारी देते हुए मस्क ने कहा था कि जिस दिन



उन्हें ट्विटर को चलाने के लिए कोई 'मूर्ख' मिल जाएगा वह इस पद को छोड़ देंगे। इसके साथ ही मस्क ने यह कहा था कि वह केवल सॉफ्टवेयर और सर्वर टीमों को संचालित करेंगे। दुनिया के सबसे फेमस यूट्यूबर जिसके यूट्यूब पर कुल 12 मिलियन सब्सक्राइबर हैं और ट्विटर के 16 मिलियन सब्सक्राइबर हैं उन्होंने ट्विटर के सीईओ बनने की इच्छा जाहिर की है। दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले यूट्यूबर ने मस्क से पूछा कि क्या वह ट्विटर के सीईओ बन सकते हैं। ऐसे में ट्विटर के मालिक मस्क ने इस सवाल का बेहद दिलचस्प जवाब दिया है। आइए जानते हैं इस बारे में। एलन मस्क ने मिस्टर बीस्ट के इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह सवाल से बाहर का जवाब नहीं है। आपको बता दें अक्टूबर 2022 में एलन मस्क ने ट्विटर का टेकओवर कर लिया था। मस्क ने कुल 44 बिलियन डॉलर ट्विटर डील को पूरा किया है। इसके बाद उन्होंने मौजूदा सीईओ पराग अग्रवाल को नौकरी से निकाल दिया था। मस्क के टेकओवर के बाद से ट्विटर में कई बदलाव आ चुके हैं। मस्क ने हाल ही ट्विटर के आधे से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। इसके अलावा ट्विटर में ब्लू टिक के लिए पेड सब्सक्रिप्शन आदि जैसे कई बदलाव मस्क के आने के बाद लिए गए हैं।

## 2023 में रुपये पर अधिक दबाव रहने का अनुमान

### 85 तक टूट सकता है रुपया

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 2023 में रुपये को लेकर बड़ी अस्थिरता रहने वाली है।इकॉनोमिक्स कैपिटल ने अनुमान लगाया है कि



रुपया साल 2023 में डॉलर के मुकाबले 85 तक गिर सकता है। साथ ही रिसर्च हाउस ने यह भी कहा है कि 2023 के अंत तक यह 80 तक रिकवरी करेगा, जबकि 2024 के आखिरी महीने तक यह डॉलर के मुकाबले 78 तक आ सकता है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के सीनियर मार्केट इकोनॉमिस्ट जोनास गोल्टरमैन ने एक नोट में कहा कि नवंबर में तेज गिरावट के बाद डॉलर पिछले एक महीने में स्थिर बना हुआ है। ऐसे में हम यह सोच रहे हैं कि धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था और मार्केट की स्थिति 2023 की पहली छमाही में डॉलर में एक और लेग-अप को बढ़ावा देगी। इकॉनोमिस्ट ने आगे कहा कि डॉलर अन्य देशों की करेंसी के मुकाबले आने वाले तिमाही में और मजबूत होगा। ऐसा इस कारण क्योंकि जोखिम लेने वालों की संख्या में कमी हुई है और वैश्विग विकास की गति भी धीमी बनी हुई है। रिसर्च हाउस ने रुपये को इस महीने के अंत में डॉलर के मुकाबले 83 पर व्यापार करने और मार्च 2023 के अंत में 84 तक फिसलने का अनुमान लगाया है। साथ ही जून के अंत तक 85 तक गिरने की संभावना जताई है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के अनुमान के अनुसार, मुद्रा के 2023 की दूसरी छमाही में कुछ रिकवरी की संभवना है, जो वर्ष के अंत तक डॉलर के मुकाबले 80 पर बंद होगी और 2024 के अंत तक रुपया बड़ी रिकवरी के साथ बढ़कर 78 हो जाएगा।विश्व में मंदी की आशंका के कई देशों की मुद्रा में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। रुपया भी तेजी से गिरा है। यह इस साल एक डॉलर के मुकाबले 83 पर नए निचले स्तर पर गिर चुकी है।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में कॉरपोरेट पावर लिमिटेड के खिलाफ केस दर्ज

### 4000 करोड़ रुपये की गड़बड़ी के आरोप

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सीबीआई ने कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ 4,000 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी मामले प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने नागपुर, मुंबई, रांची, कोलकाता, दुर्गापुर, गाजियाबाद और विशाखापत्तनम सहित कई शहरों में बृहस्पतिवार को 16 स्थानों पर छापेमारी की। कोलकाता स्थित कंपनी ने कथित तौर पर 20 बैंकों के कंसोर्टियम से जुड़े 4037.87 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी की थी। सीबीआई की ओर से बताया गया है कि है कि वर्ष 2009 और 2013 के बीच उक्त उधारकर्ता ने परियोजना लागत विवरण में हेरफेर किया था और बैंक फंड को डमी खातों में डायवर्ट किया था।

यह भी आरोप लगाया गया था कि मुख्य रूप से संबंधित पार्टियों और धन के लेनदेन सहित व्यापार प्राप्तियों को विभिन्न कंपनियों के खातों में भेज दिया गया जो डमी खाते थे; उन खातों से उधारकर्ता धन निकालने में सक्षम था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है कि एजेंसी ने प्राथमिकी में कंपनी और उसके प्रवर्तकों तथा निदेशकों को नामजद किया है।

## गूगल ने जुर्माने के खिलाफ एनसीएलएटी में दायर की याचिका, क्यों हुई थी कार्रवाही

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में सीसीआई की ओर से एंड्रॉइड को लेकर दिए गए आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। कंपनी के प्रवक्ता की ओर से ये जानकारी दी गई है। बता दें, अक्टूबर माह में कम्पटीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने एंड्रॉइड मोबाइल उपकरणों के संबंध में कई बाजारों में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 1337।76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था और इसके साथ कंपनी को सभी अनफेयर बिजनेस प्रैक्टिस को बंद करने और रोकने का आदेश दिया।

**कंपनी ने दायर की याचिका**

गूगल के प्रवक्ता की ओर से




समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया गया कि हमने सीसीआई द्वारा एंड्रॉइड को लेकर दिए गए फैसले के खिलाफ याचिका दायर करने का फैसला किया है। हमें लगता है कि यह हमारे भारतीय यूजर्स के लिए एक बड़ा धक्का है, जो कि एंड्रॉइड की सुरक्षा पर विश्वास करते हैं। इससे मोबाइल उपकरणों की लागत में इजाफा हो सकता है। हम अपने मामले को एनसीएलएटी ले जाने का फैसला किया है। हम हमेशा अपने ग्राहकों और यूजर्स के लिए प्रतिबंध हैं।

**एंड्रॉइड पर कंपनी का मत**

सूत्रों का कहना है कि गूगल मानता है कि सीसीआई, एंड्रॉइड से ओईएम और डेवलपर को हुए फायदे को परखने में विफल साबित हुआ है। एंड्रॉइड से भारत समेत सभी पक्षों को फायदा हुआ है। सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि एंड्रॉइड ने हर किसी के लिए कई विकल्प खोले हैं। इसके साथ ही दुनिया के भारत में हजारों व्यापारों को समर्थन दिया है। सूत्रों ने दावा किया कि सीसीआई का निर्णय भारतीय उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व सुरक्षा जोखिमों के लिए उजागर करता है और यह भारत में एंड्राइड उपकरणों को आज की तुलना में अधिक महंगा, कम कार्यात्मक और कम सुरक्षित बना देगा।

## कुछ फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस के लिए खत्म हो सकती है पैन कार्ड अनिवार्यता, आधार से हो जाएगा काम

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। आगामी बजट में सरकार लोगों को राहत देने के लिए पैन कार्ड की आवश्यकता हो खत्म की जा सकती है। अगर आधार कार्ड पहले से मौजूद है तो पैसों के लेनदेन में पैन की आवश्यकता को खत्म की जा सकती है। हालांकि ऐसा कुछ ही वित्तीय लेनदेन के लिए किया जाएगा। बैंकों ने सरकार के सामने यह प्रस्ताव पेश किया है। बैंकों का कहना है कि चूंकि खाते आधार से जुड़े हुए हैं, इसलिए पैन की कोई आवश्यकता नहीं है। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जानकारी मिली है और उनकी जांच की जा रही है और बजट के दौरान इसपर विचार किया जा सकता है। अगर पैन कार्ड नहीं दिया जाता है तो आयकर अधिनियम की धारा 206एए के अनुसार, ट्रांजेक्शन पर 20 फीसदी तक का टैक्स लगाया जाएगा, चाहे इसके लिए लागू दर कुछ भी हो।

अधिकारी ने कहा कि कुछ उधारदाताओं ने आयकर अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया है, क्योंकि बैंकों से लोन को लेकर कुछ समस्या भी पैदा हो रही है। इकॉनोमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैन की आवश्यकता को खत्म करने के लिए तर्क दिया गया है कि लगभग सभी बैंक खाते पहले से ही आधार संख्या से लिंक हैं और आयकर अधिनियम की धारा 139ए(5इ) के तहत, कुछ लेनदेन के लिए पैन के बजाय आधार की अनुमति है।

## डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए इंडीगो का हॉलीडे सेल, इतना सस्ता हो गया टिकट

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडिगो एयरलाइंस यात्रियों के लिए स्पेशल हॉलीडे सेल लेकर आया है। आज से तीन दिन के सेल में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल टिकट की कीमत 2,023 रुपये और 4,999 रुपये से शुरू होगी। यह सेल 15 जनवरी 2023 से लेकर 14 अप्रैल 2023 तक की यात्रा के लिए वैलिड है। इसका मतलब है कि अगर कोई 15 जनवरी से 14 अप्रैल के दौरान यात्रा के लिए आज से तीन दिन तक टिकट खरीदता है तो उसे टिकट पर छूट मिलेगा।

इंडीगो की वेबसाइट के अनुसार, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री 23 दिसंबर 2022 को 6 बजे से लेकर 25 दिसंबर 2022, 23:59 बजे तक टिकट बुक करा सकते हैं।

## इन विचारों के दम पर वॉरेन वफेट बने शेयर बाजार के जादूगर, कमाए 105 अरब डॉलर

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया में वॉरेन वफेट का नाम शायद ही आज के समय में कोई निवेशक न जानता हो। शेयर बाजार में छोटे निवेशक के रूप में शुरुआत करने के बाद उन्होंने अरबों डॉलर की संपत्ति अर्जित की है। इसी कारण से उन्हें शेयर बाजार का जादूगर भी कहा जाता है, जिस वजह से आज के समय हर निवेशक उनके जैसे बनना चाहता है। आज की हम अपनी रिपोर्ट में वॉरेन वफेट उन प्रेरणादायक कोट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी अच्छा निवेशक बनाने में मदद करेंगे।

**बाजार के उतार -चढ़ाव को समझें अपना दोस्त**

ये वॉरेन वफेट की ओर से दिए गए सबसे प्रसिद्ध कोट्स में से एक है। वफेट कहते हैं कि हर निवेशक को बाजार को अपना दोस्त समझना चाहिए, न कि दुश्मन, क्योंकि शेयर बाजार में पैसा लंबे समय तक शेयरों में टिकने पर ही बनता है।

**प्राइस और वैल्यू में अंतर**

वफेट का कहना है कि हर निवेशक को



प्राइस और शेयर की वैल्यू में होने वाले अंतर समझना चाहिए। हमेशा ऐसे शेयरों में निवेश करना चाहिए, जिनमें वैल्यू बाजार में ट्रेड किए जाने वाले प्राइस से अधिक हैं।

**कंपनी को समझ कर निवेश करें**

शेयर बाजार में निवेशक अक्सर जल्द अच्छे रिटर्न के चक्कर में ऐसी कंपनियों में भी निवेश कर देते हैं, जिनके व्यापार के बारे में वे जानते ही नहीं हैं। इस पर वफेट का कहना है कि कभी भी ऐसी कंपनी में निवेश नहीं करना चाहिए, जिनके व्यापार के बारे में वे जानते हैं और निवेश से पहले कंपनी को अच्छे से समझ लेना चाहिए।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-शिशिरदिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा **- 12 -07** तक उपरान्त द्वितीया
मास - पौष शुक्ल पक्ष , शनिवार **Dec 24**
नक्षत्र - पूर्वाषाढा **- 22-15** तक उपरान्त उ.षाढा
योग - वृध्दि **-09 - 26 -** तक उप ध्रुव
करण- बव - **12 - 07 -** तक उप- बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार -

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | में | धनु--- | 06-14 | बजे |
| चंद्र- | धनु | में | मकर- | 08-14 | बजे |
| मंगल | वृष | में | कुंभ - | 10-15 | बजे |
| बुध- | धनु | में | मीन... | 11-43 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मेष-- | 13-18 | बजे |
| शुक्र- | धनु | में | वृष-- | 15-04 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मिथुन.. | 17-05 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कर्क... | 19-16 | बजे |
| केतु- | तुला | में | सिंह... | 21-29 | बजे |
| | | | कन्या.. | 22-39 | बजे |
| | | | तुला | 01-45 | बजे |
| | | | वृश्चिक | 03-56 | बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल**
**09:30** से **10:53** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:46 - 08:07 | अशुभ | लाभ. | 17:47 - 19:24 | शुभ |
| शुभ | 08:07 - 09:30 | शुभ | उत्पात | 19:24 - 21:02 | अशुभ |
| रोग | 09:30 - 10:53 | अशुभ | शुभ | 21:02 - 22:39 | शुभ |
| उत्पात | 10:53 - 12:16 | अशुभ | अमृत | 22:39 - 00:16 | शुभ |
| चंचल | 12:16 - 13:39 | शुभ | चंचल | 00:16 - 01:53 | शुभ |
| लाभ | 13:39 - 15:01 | शुभ | रोग | 01:53 - 03:30 | अशुभ |
| अमृत | 15:01 - 16:24 | शुभ | काल | 03:30 - 05:07 | अशुभ |
| काल | 16:24 - 17:44 | अशुभ | लाभ | 05:07 - 06:46 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आज आप ऊर्जा से भरपूर हैं और काफी मेहनत करने के लिए तैयार भी हैं ।आपकी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ओरों को भी प्रभावित करेगा आपकी टीम को आपसे बेह्तर काम करने के लिए प्रेरणा मिलेगी ।घर पर भी आज आप सामान्य से अधिक जिम्मेदारियां उठाएंगे ।इससे आपके करीबियों को ख़ुशी होगी।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आप किसी भी प्रकार का नियंत्रण पसंद ना करते ।आपको ऐसा करने की जरूरत भी नही है ,इसके स्तान पर ख़ुशी और प्यार दें और आपको भी बदले में खूब ख़ुशी और प्यार मिलेगा ।अपनी काम की मारामारी वाली जिन्दगी में अपने सहकर्मियों के साथ किसी छोटी सी यात्रा पर जाकर रंग भर सकते हैं ।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आप इस वक़्त अलौकिक घटनाओं से प्रभावित रहेंगे ।आप आज अपना दिन किसी रहस्यमयी मुद्दे की खोजबीन में बिताना चाहते हैं और कोई रहस्यमयी फिल्म या उपन्यास देख/पढ़ सकते हैं ।आप किसी रहस्य पर से पर्दा उठाने का फैसला भी ले सकते हैं या किसी स्थिति/व्यक्ति के बारे में और अधिक जानने की कोशिश करेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज आपको ईमानदारी से काम लेना है। आज का दिन अपने काम की बारीकियों पर ध्यान देने और उन महत्वपूर्ण कामों को पूरे कर लेने के लिए भी बहुत अच्छा है जिन्हें आप कुछ समय से टाल रहे हो । आप इन नीरस रूटीन कामों को पूरा करने में आलस कर रहे हैं लेकिन एक बार आप इन्हें शुरू कर दें तो बहुत जल्दी पूरा भी कर लेंगे ।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): ऐसे अवसरों को पकड़ने की कोशिश करें जो आपको सोचने और उसे अपने तरीके से दुबारा पेश करने का मौका दें ।आप इसे उत्साह के साथ कर भी पायेंगे और आपको आनंद भी आएगा । घर में कुछ बदलाव होने ही हैं ,शायद आप अधिक एकाग्रता और अधिक बेह्तर अवसरों के लिए किसी नईं जगह जाना चाहते हैं ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप प्रेरणा से भरे हैं और काफी अच्छी स्थिति में भी हैं ।आपका दिमाग सक्रिय है और इसमें नए नए विहार और नीतियां आती रहती हैं । आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा । हालाँकि अगर आपने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नही दिया तो यह सब उल्टा -पुल्टा भी हो सकता है ।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): एक वृद्ध व्यक्ति सोचने के लिए मजबूर करेगा ।योजना बनाना और प्राथमिकताएं तय करना आपकी खासियत हैं ।अपना काम करें,सब सही होगा ।शांति बनाये रखें और धीरज से काम लें ।कोई आपसे आज मिलने आएगा ।अपनी सेहत और आराम का ख़ास ध्यान रखें ।जल्द ही ऐसी वित्तीय स्थिति बन रही है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें । ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आज आप बहुत साहसिक अनुभव कर रहे हैं और अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तैयार हैं ।आप अपनी इच्छाशक्ति से सब मुश्किलों पर विजय प्राप्त कर लेंगे ।आज आपकी तरक्की को कोई नही रोक सकता ।इसीलिए अपने सभी मुश्किल काम आज करने की योजना बनाएं,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज आप आवेगी मूड में हैं किसी भी काम के बारे में भली प्रकार सोचे बिना ही करने दौड़ पड़ेंगे जिसके कारण आपको कार्यस्थल पर और पारिवारिक जीवन में भी दिक्कतें आ सकती हैं ।हालाँकि इस समय ऐसा कर पाना थोडा मुश्किल है लेकिन मन को शांत रखें ।आपके सामने कई अवसर एक साथ आयेंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आप आज रियल एस्टेट से जुडा कोई लाभकारी लेनदेन पूरा करने वाले हैं । सकारात्मक सोच आपकी शक्ति है और आपको इसका लाभ उठाना है ,आपका कोई करीबी भी आपको इसके लिए प्रोत्साहित करेगा । आप आध्यात्मिक विकास के साथ साथ जीवन की भौतिक खुशियों का भी आनंद ले पायेंगे ।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आप बहुत अच्छे निर्णायक हैं और सब चीजों का आसानी से विश्लेषण कर लेते हैं । आज आपको अपनी इस विशेषता के लिए खूब तारीफ मिलेगी । लोग अच्छी तरह काम करने के लिए आपकी और देखेंगे और आपसे सीखेंगे ।आपको किसी खतरनाक जगह पर यात्रा करने की जरूरत सम्बन्धी सूचना मिलेगी।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# आतंकियों पर एयर स्ट्राइक और यूक्रेन की मदद

## जैसे 5 फैसलों से दुनिया में 20 साबित हुए जो बाइडेन



वाशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का रुख इस पूरे साल कुछ बदला-बदला नजर आया. एक तरफ जहां उन्होंने रूस के खिलाफ प्रतिबंध की कूटनीति से पूरी दुनिया को चौंकाया. वहीं, अल कायदा सरगना अयमन अल-जवाहिरी जैसे आतंकियों को मौत के घाट उतारकर आतंकवाद पर दुनिया को सख्त संदेश दिया. रूस जैसे शक्तिशाली देश के खिलाफ सख्त रुख अपनाकर यूक्रेन को हर संभव मदद का देकर उन्होंने अपनी अलग छवि पेश की. 2022 में जो बाइडेन ने ऐसे कई ऐहितासिक कदम उठाए जिसे पूरी दुनिया ने सराहा. डोनाल्ड ट्रंप को बरसों तक झेलने के बाद अमेरिका को ऐसा राष्ट्रपति मिला. बाइडेन ने अपने साहसिक फैसलों से पूरी दुनिया में अपनी एक मजबूत छवि पेश की.

### 1 यूक्रेन को हर संभव मदद

रूस यूक्रेन युद्ध फरवरी के अंतिम हफ्ते में शुरू हुआ था, जो अभी भी जारी है. इस युद्ध में यूक्रेन को अमेरिका ने पूरा समर्थन दिया. आर्थिक सहायता के साथ-साथ उसने सैन्य सहायता भी की. उसने रूस के 14 हस्तियों और 28 संस्थानों समेत कई अन्य तरह के प्रतिबंध भी लगाए. रूस और अमेरिका की तल्खी तो जग जाहिर है लेकिन यूएस की ओर से इतना सख्त रुख पहली बार अपनाया गया. अमेरिका ने रूस के खिलाफ यूक्रेन को युद्धक ड्रोन और अन्य हथियार के साथ ही हिमार्स यानी एम142 हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम भी दिया. जिसे दुनिया के सबसे खतरनाक हथियारों में से एक माना जाता है. वहीं कई वैश्विक मंचों पर भी जो बाइडेन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कड़ी चेतावनी दे चुके हैं.

### 2 आतंकियों पर एयर स्ट्राइक

जो बाइडेन के इशारे पर हाल ही में अल कायदा सरगना अयमन अल-जवाहिरी को मौत के घाट उतार दिया गया. बाइडेन ने गर्व के साथ ट्वीट किया, 'मेरे निर्देश पर अमेरिका ने



काबुल में एयर स्ट्राइक की और अलकायदा के प्रमुख जवाहिरी को मार गिराया. मैंने अमेरिका के लोगों से वादा किया था कि हम आतंकियों को कहीं से भी ढूंढकर निकालेंगे और मार गिराएंगे.'

### 3 ताइवान की सुरक्षा

इसी साल अगस्त महीने में अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद अमेरिका और चीन आमने-सामने आ गए थे. दरअसल, चीन ने इस दौरे का विरोध किया था और पेलोसी को ताइवान न जाने की हिदायत दी थी. वहीं, चीन की चेतावनी को दरकिनार कर नैंसी पेलोसी का ताइवान दौरे ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी थी. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी पेलोसी को खुला समर्थन दिया था. उन्होंने यह भी कहा था कि ताइवान के पास स्वायत्ता का पूरा अधिकार है और अमेरिका उसकी रक्षा के लिए प्रतिबंध है. 2022 में ऐसे कई मौके आए जब दुनिया के दो सुपर पावर चीन और अमेरिका आमने-सामने आए.

### 4 सऊदी अरब पर भी सख्त रुख

जो बाइडेन ने इस साल जुलाई में सऊदी अरब का दौरा किया था. इस दौरान उन्होंने सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद सलमान के साथ बैठक भी की थी. बाइडेन ने इस मुलाकात के बाद कहा था कि उन्होंने पत्रकार जमाल खशोगी की मौत को लेकर सऊदी प्रिंस से बात की और उन्हें इसके लिए जिम्मेदार भी ठहराया. हालांकि उन्होंने किसी तरह की कार्रवाई की बात नहीं की.

### 5 महिलाओं को गर्भपात

अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने जब इसी साल जून महीने में महिलाओं को मर्जी से गर्भपात का अधिकार देने के एक फैसले को पलट दिया तब जो बाइडेन का बड़ा बयान सामने आया था. उन्होंने कहा था कि वह अबॉर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दुखद करार दिया था.

# क्या रूस को सच में खतरनाक हथियार भेज रहे किम जोंग

### अब उत्तर कोरिया ने खुद दिया जवाब



वाशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन को जहां पश्चिमी देशों से मदद मिल रही है वहीं अब रूस को भी कुछ देश गुप्त तरीके से हथियार और गोला-बारूद भेज रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के मुताबिक ईरान के बाद उत्तर कोरिया ने रूस के निजी सैन्य समूह वैगनर को कई खतरनाक हथियार दिए हैं। हालांकि, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने रूस के साथ किसी भी तरह के हथियारों के लेन-देन से इनकार किया है और कहा कि यह कहानी कुछ बेईमान ताकतों द्वारा विभिन्न उद्देश्यों के लिए गढ़ी गई है। यह ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है।

**अमेरिका बोला- हम रूस की निजी सेना 'वैगनर' के खिलाफ प्रतिबंध को बढ़ावा देंगे**

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए पिछले महीने समूह को उत्तर कोरिया द्वारा पैदल सेना के रॉकेट और मिसाइलों की बिक्री के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका रूस की निजी सेना 'वैगनर' के खिलाफ प्रतिबंधों को बढ़ावा देगा। वैगनर यूक्रेन में अपने सैन्य अभियानों का समर्थन करने के लिए हथियारों के आपूर्तिकर्ताओं के लिए दुनिया भर में खोज कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि उत्तर कोरिया ने वैगनर को हथियारों की प्रारंभिक आपूर्ति पूरी कर ली है, जिसने उस उपकरण के लिए भुगतान किया था। किर्बी समूह के अनुसार, जो रूसी रक्षा प्रतिष्ठान से स्वतंत्र है और बखमुत, यूक्रेन की खूनी घेराबंदी का नेतृत्व कर रहा है, अपने यूक्रेन संचालन में हर महीने 7.5 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रहा है।

**उत्तर कोरिया ने किया इनकार**

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में, उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने रूस के साथ किसी भी हथियार के लेन-देन से इनकार करते हुए कहा कि कहानी कुछ बेईमान ताकतों द्वारा विभिन्न उद्देश्यों के लिए बनाई गई थी। हालांकि, ब्रिटिश विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा कि ब्रिटेन अमेरिकी आकलन से सहमत है कि उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए वैगनर समूह के लिए रूस को हथियार दिए थे।

## लड़कियों और महिलाओं के अधिकार को एक-एक कर कुचल रहा तालिबान, लंबी है फ़ेहरिस्त



काबुल, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में जब तालिबान सत्ता में आई तो वहां की जनता में एक खौफ साफ देखने को मिली थी. लोग देश छोड़कर जिस तरह से भाग रहे थे वो दृश्य आज भी जीवंत है. उनको एक ही डर था कि तालिबान 2.0 भी महिलाओं को लेकर वैसा ही सख्त रवैया अपनाएगा जैसा उसने तालिबान 1.0 में अपनाया था. हालांकि अफगानिस्तान की सत्ता में आने के बाद तालिबान के लीडर्स ने कहा कि वो इस बार महिलाओं के हक़ में फैसले लेंगे. उन्होंने जनता को विश्वास में लेने की कोशिश की, पर कहते हैं कि कथनी और करनी में काफी फर्क होता है. ऐसा ही देखने को अब मिल रहा है. तालिबान सरकार एक के बाद एक कई तरह के प्रतिबंध महिलाओं पर लगा रहे हैं. आइए पहले उन प्रतिबंधों को जान लेते हैं जो तालिबान की सरकार ने देश की महिलाओं पर लगाए हैं. अगस्त 2021 से अफगानिस्तान में तालिबान 2.0 है. उसके राज में महिलाओं पर कई प्रतिबंध लगाए गए हैं. महिलाओं से उनका मानवाधिकार छीना गया है. आइए देखें वो फैसले जो महिलाओं-लड़कियों के हितों के खिलाफ हैं...



# अजीब उलझन में फंस गया चीन

## कोरोना से लोगों की जान बचाए या मंद इकोनॉमी में फूंके प्राण

**पिछली सर्दियों के मुकाबले इस बार अंतिम संस्कार कई गुना ज्यादा**

चीन के अस्पतालों,श्मशान घाटों और सोशल मीडिया पोस्ट्स पर उमड़ी भीड़ इस बात की तस्दीक कर रही है कि इस समय चीन एक बड़ी हेल्थ क्राइसिस का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना के यह हालात पिछली लहरों से भी भयावह हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीजिंग डोंगजियाओ फ्यूनरल होम के एक कर्मचारी का कहना है कि ' हमने एक दिन में 150 शवों का अंतिम संस्कार किया है, जो पिछली सर्दियों के एक सामान्य दिन की तुलना में कई गुना ज्यादा है'।

बीजिंग, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन इस समय कोरोना महामारी और आर्थिक संकट की दोहरी मार झेल रहा है। चीन में कोविड के मामले बेहद चौंकाने वाली तेजी से बढ़ रहे हैं। अस्पतालों में बेड फुल हैं, वेंटिलेटर कम पड़ गए हैं। मौतों के आंकड़े बढ़ रहे हैं। वहीं इस वजह से चीनी कारोबार और उद्योगों की कमर टूट गई है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि कोरोना के कारण चीन की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट घटकर 2.8 से 3.2 फीसदी के बीच ही रहने का अनुमान है, जो कि पिछले पांच दशकों में सबसे कम होगी। वहीं चीन ने पहली बार यह स्वीकार किया है कि उसके देश में कोरोना से मौतें हो रही हैं। इससे सोशल मीडिया पर छा रहे कोरोना के तांडव के वीडियो और तस्वीरों को विश्वस्नीयता मिली है।

**कोरोना और कारोबार दोनों में चीन की हालत पतली**

चीन की हालत कोरोना और कारोबार दोनों में पतली हो गई है। चीन में अस्पतालों में संक्रमण फैलने की दर काफी तेजी से बढ़ रही है। चीन में ज्यादातर मेडिकल स्टाफ कोविड से संक्रमित हो चुका है। चीनी मीडिया के मुताबिक, चीन के अधिकांश अस्पतालों में इतने मरीज आ रहे हैं कि डॉक्टर्स की संख्या बहुत कम रह गई है।

**चीन में कोरोना से अगले साल 10 लाख मौतों का अनुमान**

एक रिपोर्ट के हवाले के अनुसार इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन यानी आईएचएमई ने चीन में अगले साल कोरोना से 10 लाख मौतों का अनुमान लगाया है। जबकि चीन की एक तिहाई आबादी के 1 अप्रैल 2023 तक कोरोना से संक्रमित होने की आशंका जताई जा रही है। यही नहीं, मार्च 2023 तक कोरोना की तीन लहरों को लेकर भी चेतावनी दी गई है।

**और इधर...कारोबार मंद, आर्थिक वृद्धि दर 5 साल में सबसे कम रहने का अनुमान**

कारोबार की बात करें तो चीन की इकोनॉमी पहले से ही उसे परेशान कर रही थी। जीडीपी अनुमानित अपेक्षा से कम ही रही। ऐसे में अब कोविड महामारी के बीच चीन आर्थिक मोर्चे पर और संकटग्रस्त हो गया है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि कोरोना के कारण चीन की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट घटकर 2.8 से 3.2 फीसदी के बीच ही रहने का अनुमान है, जो कि पिछले पांच दशकों में सबसे कम होगी।

**खुदरा बिक्री में 5.9 फीसदी की गिरावट**

इनसाइडओवर की सूचना के अनुसार नवंबर में साल दर साल में खुदरा बिक्री में 5.9 फीसदी की गिरावट आई है। जबकि संपत्ति निवेश के लिए मंदी 19 फीसदी है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन और अचल संपत्ति निवेश भी क्रमशः 2.2 प्रतिशत और 5.3 फीसदी तक धीमा हो गया है।

# नाबालिग लड़की की लाश मिलने से हड़कंप

### आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, दुष्कर्म की बात कबूली



कुराली (पंजाब), 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के मोहाली में अपने दोस्त के साथ जन्मदिन मनाने गई एक नाबालिग लड़की की लाश गन्ने के खेत से मिलने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की बात भी कबूली है। जानकारी के मुताबिक 12वीं में पढ़ने वाली एक लड़की बुधवार को घर से स्कूल गई थी लेकिन शाम को वापस घर नहीं पहुंची। इस पर लड़की के घरवालों ने उसकी काफी तलाश की। कुछ भी पता न चलने पर शिकायत कुराली पुलिस को दी। परिवार वालों ने बताया कि बुधवार को उसका जन्मदिन था और कोई लड़का उसको बहला-फुसलाकर अपने साथ जन्मदिन मनाने के बहाने से ले गया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और उसे ढूंढने का काम शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपी लड़के को गिरफ्तार कर उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने लड़की की लाश के बारे में बताया। आरोपी की निशानदेही पर जब पुलिस गन्ने के खेत में पहुंची तो वहां पर लड़की की लाश मिली। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित के साथ दुष्कर्म की बात कबूली है। दुष्कर्म के बाद पीड़ित के निजी अंगों से खून बहने लगा था। जिसे देखकर आरोपी घबरा गया और पीड़ित को बेहोशी की हालत में खेत में ही छोड़कर आ गया था। लड़की की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगी। कुराली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पाकिस्तान से हिंदुओं के लिए अच्छी खबर, अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या 44 लाख पहुंची, हिंदू सबसे ज्यादा

इस्लामाबाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान से अक्सर अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं को लेकर धर्म परिवर्तन, मंदिर में तोड़फोड़ और हिंसा की खबरें आती रहती हैं। अब पाकिस्तान से एक अच्छी खबर सामने आई है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या में साल 2018 के 36 लाख 30 हजार के मुकाबले साल 2022 में 44 लाख 30 हजार तक पहुंच गई है। अल्पसंख्यक वोटरों की आबादी में पिछले 4 साल में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन अल्पसंख्यक मतदाताओं में सबसे ज्यादा आबादी हिंदुओं की है। रिपोर्ट के मुताबिक मतदाताओं के आंकड़े रखने वाली एजेंसी नाड्रा ने यह जानकारी दी है। नाड्रा के चेयरमैन तारिक मलिक ने कहा, 'हमने अब तक देशभर में अल्पसंख्यक समुदाय के 44 लाख 30 हजार लोगों को पंजीकृत किया है जिसमें ईसाई, हिंदू और बौद्ध शामिल हैं।' इस दौरान पाकिस्तान के कई सांसद और नेता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारियों ने अपने समुदाय से जुड़ी दिक्कतों के बारे में बताया। इन अधिकारियों ने कहा कि अल्पसंख्यकों को कानूनी दस्तावेज और आईडी कार्ड मिलने में बहुत दिक्कत हो रही है। बता दें कि अक्सर अल्पसंख्यक यह आरोप लगाते रहते हैं कि पाकिस्तान में उनके साथ दूसरे दर्जे के नागरिक का व्यवहार किया जाता है। नाड्रा के चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि वे अल्पसंख्यकों की दिक्कतों को दूर करने का प्रयास करेंगे। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया कि देश में सभी अल्पसंख्यकों के समान व्यवहार किया जाता है।

पाकिस्तान की 22 करोड़ की आबादी में केवल 4 प्रतिशत जनता ही अल्पसंख्यक है। साल 2017 की जनगणना के मुताबिक पाकिस्तान में 35 लाख हिंदू और 25 लाख ईसाई रहते हैं। अल्पसंख्यकों ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सरकार ने जानबूझकर उनकी आबादी को कम दिखाया है। दरअसल, पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के लिए नरक बन चुका है।

# इमरान को बताया था नेशनल हीरो, अब ऑडियो लीक से सुर्खियों में आईं आयला मलिक



इस्लामाबाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कथित तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई पार्टी के प्रमुख इमरान खान के फोन कॉल के ऑडियो लीक होने से सियासी तूफान खड़ा हो गया है. इस लीक ऑडियो में वह कथित तौर पर एक महिला के साथ अश्लील बातें करते हुए सुनाई दे रहे हैं. कहा जा रहा है कि इस फोन कॉल को जानबूझकर जारी किया गया है. हालांकि पीटीआई ने इसे फर्जी करार दिया है. दावा किया जा रहा है कि इस ऑडियो में जिस महिला की आवाज है वह आयला मलिक हैं. आयला मलिक इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ( पीटीआई ) से जुड़ी हुई हैं. इसके साथ ही वह पाकिस्तान के बड़े राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखती हैं और सांसद भी रह चुकी हैं. पाकिस्तानी मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि इमरान खान ने आयला मलिक को 70 लाख रुपये दिए थे. आयला मियांवली इलाके में इमरान खान के लिए चुनाव प्रचार भी कर चुकी हैं. आयला मलिक पाकिस्तान की सबसे खूबसूरत महिला नेताओं में शुमार की जाती हैं. वह पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति सरदार फारुक अहमद खान लेघारी की भतीजी हैं. इसके अलावा उनकी बहन सुमैरा मलिक मंत्री रह चुकी हैं. यह भी दावा किया जा रहा है कि इमरान खान और आयला के बीच लंबे समय से बेहद करीबी संबंध रहे हैं. इमरान खान साल 2009 में आयला मलिक के टीवी शो में भी आए थे. उस समय वह एक टीवी चैनल में एंकर थीं. वह अपने टीवी शो में इमरान खान को नेशनल हीरो तक बता चुकी हैं. आयला का जन्म 6 अक्टूबर 1970 को पाकिस्तान के मियांवाली में हुआ था. उनकी उम्र 52 साल है और उन्होंने पाकिस्तान में ही अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की. इसके बाद वह हायर एजुकेशन के लिए विदेश चली गईं. उनके पति यार मुहम्मद की गिनती भी पाकिस्तान के बड़े नेताओं में होती है. उनके 2 बच्चे हैं. इमरान खान की कथित फोन कॉल लीक होने के बाद से पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो गए हैं, जिसमें दोनों साथ में दिख रहे हैं.

बता दें कि आयला साल 2002 से 2007 के बीच पाकिस्तानी संसद की सदस्य रहीं. इसके बाद उन्होंने पीटीआई ज्वाइन कर ली. साल 2013 में इमरान ने उन्हें अपनी मियांवाली सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था. लेकिन उनके डॉक्यूमेंट्स को लेकर हुए विवाद के चलते वह चुनाव नहीं लड़ पाईं. पिछले कुछ दिनों में इमरान खान के 3 ऑडियो लीक हुए हैं, जिसमें उनकी और एक महिला की अश्लील बातचीत सुनाई पड़ रही है.

# अमेरिका में भारी बर्फबारी, माइनस 13 डिग्री पहुंचा पारा, 2 हजार फ्लाइट कैंसिल

वाशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। क्रिसमस और न्यू ईयर से पहले अमेरिका के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड देखने को मिल रही है। यहां बर्फबारी और बारिश के बीच हालात इतने खराब हो गए हैं कि करीब 2 हजार से ज्यादा उड़ानों को कैंसल करना पड़ा है। इसके अलावा सड़क और रेल यातायात भी यहां बुरी तरह से बाधित हो गई हैं। अमेरिका में कड़ाके की ठंड और भारी बर्फबारी ने आम जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। भारी बर्फबारी के कारण 2000 से भी



ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी। वहीं क्रिसमस से पहले इतनी भीषण ठंड के कहर ने लोगों की छुट्टियों के प्लान पर भी पानी फेर दिया। इन दिनों अमेरिका में क्रिसमस त्योहार का मौसम है और इस दौरान लोग छुट्टियों पर होते हैं। खराब मौसम के कारण अब लोग यात्रा भी नहीं कर सकते। यहीं नहीं, बर्फबारी, बारिश, हवा और गला देने वाली ठंड के बीच अमेरिका में हवाई यात्रा के अलावा, बस और एमट्रैक यात्री ट्रेन सेवा भी पूरी तरह से बाधित हुई है।

**बहुत ज्यादा गिरा तापमान**

भारी बर्फबारी, बारिश, बर्फीली हवा और ठंड की वजह से अमेरिका में तापमान बहुत ज्यादा गिर गया है। फ्लाइट ट्रैकिंग साइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, एयरलाइंस ने गुरुवार को शाम 6 बजे तक 2,270 से अधिक, शुक्रवार के लिए लगभग 1,000 और शनिवार के लिए 85 उड़ानें रद्द कर दी। यहां कई शहरों में तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। ठंडी और बर्फीली हवाओं का असप ऐसा दिख रहा है कि कुछ शहरों में दो घंटे के अंदर ही तापमान 47 डिग्री नीचे चला गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शिकागो के ओ हरे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम तापमान माइनस 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, तापमान गिरने के कारण गुरुवार को करीब 7,400 से अधिक अमेरिकी फ्लाइट्स देरी से गईं।

**एयरलाइन्स ने दिया ऑफर**

इन सबके बीच अमेरिका में कई एयरलाइनों ने मौसम की मार को देखते हुए यात्रियों को बिना किसी पेनल्टी के यात्रा में बदलाव का ऑफर भी दिया है। जिनकी उड़ानें अभी भी प्रस्थान करने के लिए निर्धारित हैं, उनके लिए परिवहन सुरक्षा प्रशासन यात्रियों को हवाई अड्डे पर सामान्य समय से पहले पहुंचने की सिफारिश कर रहा है।

# खानपुर कलां रूट की बस नहीं मिलने पर भड़के विद्यार्थी, बस अड्डे का गेट बंद कर जताया रोष

सोनीपत (हरियाणा), 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सोनीपत बस अड्डे पर शुक्रवार सुबह खानपुर कलां रूट की बस नहीं लगने से छात्र-छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए विद्यार्थियों और यात्रियों ने सुबह करीब 7:30 बजे बस अड्डे के दोनों गेट बंद कर दिए। छात्राओं का आरोप है कि उन्हें रोजाना सिफारिश कर बस चलवानी पड़ती है। उसके बाद ही वह स्कूल कॉलेज पहुंच पाते है। रोडवेज अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी के चलते वह समय पर स्कूल कॉलेज नहीं पहुंच पाते। विद्यार्थियों ने खानपुर कलां रूट पर समय पर बस चलाने की मांग की है। रोडवेज अधिकारियों ने एक दिन पहले ही खानपुर रूट पर बसों का परिचालन गोहाना सब डिपो से किया है। व्यवस्था बनाने के लिए सोनीपत बस डिपो से आठ बसें गोहाना सब डिपो पर भेजी थी, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दी जा सके। नया शेड्यूल बनाने के बावजूद भी विद्यार्थियों को समय पर बस नहीं मिल पा रही,

# काल-भैरव को हर दिन 3 हजार बोतल शराब का भोग

## एक बोतल की कीमत 20 हजार तक, सरकार भी देती है शराब के पैसे

उज्जैन, 23 सितंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क) मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 190 किलोमीटर दूर उज्जैन का काल भैरव मंदिर। सामने शराब की दो दुकानें हैं। जिस पर लिखा है 'अंग्रेजी शराब की दुकान, काल भैरव प्रसाद काउंटर।' दर्शन के लिए लंबी लाइन लगी है। भक्तों के हाथ में छोटी सी डलिया, जिसमें लाल-सफेद फूल और शराब की बोतल है। जो भक्त माथा टेककर बाहर आ रहे हैं, उनके हाथ में भी शराब की बोतल है। बाहर कुछ अघोरी बैठे हैं। वे शराब-सिगरेट पी रहे हैं। आखिर काल भैरव को शराब क्यों चढ़ाई जाती है? क्या है इसके पीछे की कहानी? आइये जानते हैं।

रविवार का दिन। सुबह सात बजे का वक्त। धीरे-धीरे भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। कोई अंग्रेजी शराब खरीद रहा कोई देसी। यहां 150 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक की शराब मिलती है। जिसकी जैसी हैसियत वो उतनी महंगी शराब चढ़ाता है। कई लोग तो चार-पांच बोतल शराब खरीदे हैं।

लोग जय महाकाल, जय काल भैरव के नारे लगा रहे हैं। करीब एक घंटे बाद काल भैरव की मूर्ति के दर्शन मिले। चांदी के छत के नीचे सोने का वरक चढ़े काल भैरव की स्वयंभू मूर्ति। सिर पर सिंधिया राजघराने की लाल पगड़ी। किसी भी भक्त को दर्शन के लिए 5 सेकेंड भी ठहरने नहीं दिया जा रहा। लोग हाथ जोड़ते हैं, सेवादार को शराब की बोतल देते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। सेवादार धारदार चाकू से बोतल की ढक्कन खोलता हैं और एक-दो घूंट चांदी के एक प्याले में उडेल देता है। कई भक्त चाहते हैं कि उनकी बोतल से ज्यादा शराब ली जाए, लेकिन सेवादार डांटकर मना कर देता है। वे कहते हैं, 'और भी लोग हैं लाइन में, सब प्रसाद तुम्हारी बोतल से लेंगे क्या। एक घूंट ले लिए बहुत है। बाकी तुम पी जाना या बाहर बाबा को दे देना।' जब प्याला शराब से भर जाता है तो पुजारी उसे काल भैरव के मुंह के पास लगाते हैं। कुछ देर बाद प्याला खाली हो जाता है। इसके बाद सेवादार फिर से प्याले में एक-एक घूंट शराब डालने लगता है। ये क्रम लगातार चलते रहता है।

ठीक सुबह नौ बजे काल भैरव की आरती शुरू हो जाती है। जोर-जोर से ढोल और डमरू बजने लगता है। भैरव के सामने जलेबियां रखी हैं। पुजारी उन्हें हल्दी, कुमकुम और चंदन लगाते हैं। इसके बाद बाबा को आभूषण चढ़ाते हैं। फिर शराब पिलाई जाती है। करीब आधे घंटे तक बाबा की आरती होती है।

पुजारी संजय चतुर्वेदी का परिवार इस मंदिर में 200 साल से पंडिताई कर रहा है। वे बताते हैं, 'बाबा की हर दिन तीन तरह की पूजा होती है। सात्विक पूजा, राजसिक पूजा और तामसिक पूजा। सात्विक पूजा में फल-फूल, चंदन, कुमकुम और हल्दी चढ़ती है। राजसिक में आभूषण चढ़ते हैं और तामसिक में शराब चढ़ाई जाती है। ये शराब ही बाबा का प्रसाद है।'

दर्शन के बाद कई श्रद्धालु शराब की बोतल साथ लेकर लौट जाते हैं तो कई श्रद्धालु मंदिर के बाहर बैठे अघोरियों को बोतल दे देते हैं। मेरे हाथ में बोतल देखकर एक अघोरी बोलते हैं, 'बोतल तो मुझे दे दो।'

अघोरी बाबा बोतल से शराब निकालते हैं और प्याले में डालकर गटक जाते हैं। मिनटभर में वे कई प्याला शराब पी जाते हैं। इसके बाद चिलम फूंकते हैं। फिर कहते हैं, 'मैं यहां 25 साल से बैठ रहा हूं। लोग मुझे कुत्ते वाले बाबा कहते हैं। किसी दूसरे बाबा को यहां बैठने नहीं देता हूं। एक चुटकी मारता हूं सब भाग जाते हैं।'

सुबह के 11 बज चुके हैं। शराब की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। लोग धक्का-मुक्की करके शराब खरीद रहे हैं। गाजियाबाद के सचिन शर्मा यहां पहली बार आए हैं। वे कहते हैं, 'मैंने सुना था कि बाबा शराब पीते हैं। बहुत दिनों से सोच रहा था यहां आने का। आज मैंने बाबा को शराब चढ़ाई है।'

भिलाई से आए एक शख्स बताते हैं, 'मैं यहां 16 साल से आ रहा हूं। अब तक 28 बार बाबा का दर्शन कर चुका हूं। जो भी उज्जैन आता है और महाकाल का दर्शन करता है, उसे काल भैरव के यहां आना ही होता है। वरना उसकी यात्रा अधूरी रहती है। इसलिए मैं यहां बार-बार आता हूं। बाबा ने मेरी कई मनोकामना पूरी की है।'

महाराष्ट्र से आई एक महिला कहती हैं कि मैं 6 साल से यहां आ रही हूं। पहली बार जब आई तो ये देखना चाहती थी कि आखिर बाबा शराब पीते कैसे हैं? फिर मैंने देखा कि शराब से भरी प्याली उनके मुंह के पास रखी जाती है और बाबा शराब पी जाते हैं। मैंने तो उनके मुंह से गट-गट की आवाज भी सुनी है।

पुजारी संजय चतुर्वेदी बताते हैं, 'गुवाहाटी में कामाख्या देवी के बाद यह भारत की दूसरी तंत्रपीठ है। काल भैरव को शिव का रूद्र रूप कहा जाता हैं। ये महाकाल के सेनापति के तौर पर विराजमान हैं।

काल भैरव तामसिक प्रवृति के देवता माने जाते हैं। इसलिए उन्हें मदिरा यानी शराब का भोग लगता है। शास्त्रों में इसका जिक्र भी है। पहले तो बलि भी दी जाती थी। बाद में बलि बंद कर दी गई, लेकिन शराब का भोग लगना बंद नहीं हुआ। राज्य सरकार ने यहां अंग्रेजी और देसी शराब की दो दुकानें खोली है। हर दिन करीब 3 हजार बोतल शराब का भोग बाबा को लगता है।'

यहां शराब कब से चढ़ाई जाती है ये तो किसी को नहीं पता कि कब से यहां काल भैरव बाबा को शराब का भोग लग रहा है। सदियों पुरानी परंपरा है ये। हमारे दादा-बाबा भी यहां पुजारी रहे हैं। वे भी शराब का भोग लगाते थे और अब हम भी लगा रहे हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी ये परंपरा चली जा रही है।' काल भैरव मंदिर से कुछ कदमों की दूरी पर विक्रांत भैरव मंदिर है। जो लोग तंत्र साधना के लिए आते हैं, वे काल भैरव का दर्शन करने के बाद यहां जरूर आते हैं। यहां बड़ा सा श्मशान भी है। जहां अघोरी और साधु तंत्र साधना में जुटे हैं। यहां से करीब 100 मीटर की दूरी पर है मेलडी माता (सती का मंदिर) है। यहां भक्तों की अच्छी-खासी भीड़ है। बात करने पर पता चलता है कि यहां आने वाला हर दूसरा भक्त गुजरात और महाराष्ट्र से है। यहां दो हवन कुंड हैं। एक में सूखे नारियल जल रहे हैं और दूसरे में लोग सिंदूर और आटे से कुछ रेखाएं बना रहें हैं। मंदिर में माता की मूर्ति गुलाब के फूलों से ढकी है। ये माता बकरे की सवारी करती हैं। इस माता को भी शराब का भोग लगता है। हवन कुंड के पास काली चादर ओढ़े एक युवक बैठा है। बार-बार अपना सिर हिला रहा है। उसके ऊपर कुछ लोग फूल बरसा रहे हैं। वह लगातार सिगरेट और शराब पी रहा है। एक पैग खत्म होती है तो लोग दूसरा पैग आगे बढ़ा देते हैं। इसी तरह सिगरेट बुझने से पहले दूसरी सिगरेट उसे मिल जाती है। घंटों से वो युवक ऐसा ही कर रहा है। उसके पास गोला बनाकर चार-पांच लोग बैठे हैं। कुछ देर बाद वो युवक इन लोगों को भी एक-एक पैग शराब पिलाता है। पूछने पर कहता है, 'इन लोगों को शराब पीने की लत लग गई है। मैं ऐसा करके इनकी लत छुड़ा रहा हूं। तीन दिन से ये लोग यहां आए हैं। अब इनकी लत छूट जाएगी।' उज्जैन में हर साल दुर्गाष्टमी के दिन नगर पूजा होती है। तब यहां के सभी देवी-देवताओं को खास भोग लगता है। यहां के महालया और महामाया देवी को उज्जैन के कलेक्टर शराब का भोग लगाते हैं। इस दौरान एक मटकी में शराब भरी जाती है। पंडित-पुजारी उसे अभिमंत्रित करते हैं। इसके बाद 27 किलोमीटर के एरिया में शराब की धार गिराई जाती है। कलेक्टर यह धार गिराते हैं। इस बात का ध्यान रखा जाता है कि धार टूटने न पाए। मान्यता ये कि इससे नगर सुरक्षित रहता है और कोई आपदा नहीं आती है।

मंदिर के पुजारी इसके पीछे की कहानी बताते हैं। बहुत पुरानी बात है। उज्जैन में जो भी राजा बनता था, वो एक दिन से ज्यादा जिंदा नहीं रह पाता था। इससे हर कोई परेशान रहता था। जब विक्रमादित्य उज्जैन के राजा बने तो उन्होंने यहां के सभी देवी-देवताओं को कई तरह के भोग लगाया। विशेष पूजा की। इससे महामाया और महालाया देवियां प्रसन्न हुईं। उन्होंने राजा से वर मांगने को कहा। राज ने कहा कि माता अब इस प्रथा को बंद कर दीजिए कि सिंहासन पर बैठते ही राजा मर जाता है। देवियों ने राजा को वर दिया कि अब ऐसा नहीं होगा, लेकिन एक शर्त भी रखी। उन्होंने कहा कि हर साल दुर्गाष्टमी को नगर पूजा होनी चाहिए। तब से ही यह परंपरा चली आ रही है। राजा ने यह भी वादा किया था कि महाकाल ही यहां के राजा होंगे। इसी वजह से प्रदेश का कोई भी मुख्यमंत्री रात में उज्जैन नहीं रुकता है। चूंकि कलेक्टर जिले का मुखिया होता है, इसलिए हर साल उसे ही शराब की धार गिरानी होती है।''

शराब का भोग, पूजा, प्रसाद के लिए सरकार की ओर से 299 रुपए का सालाना बजट मिलता है। सालों से इतना ही बजट तहसील कार्यालय से जारी किया जाता है। इसी बजट में पूजा, चुनरी, सिंदूर चढ़ाने से लेकर पूजा की परंपरा निभानी होती है। इसके बाद का खर्च यहां के सरकारी कर्मचारी अपनी एक दिन की सैलरी दान देकर उठाते हैं।

### महाकाल के सेनापति हैं काल भैरव बाबा



भैरव यानी भय से रक्षा करने वाला। इन्हें शिव के रौद्र रूप का अवतार माना जाता है।



भैरव को दंड पाणी भी कहा जाता है। जिसका अर्थ है पापियों को दंड देने वाला।

बाबा भैरव तंत्र-मंत्र विधाओं के देवता हैं। मान्यता के मुताबिक इनके 52 रूप हैं।

उज्जैन के अलावा काशी, दिल्ली सहित देश के कई शहरों में काल भैरव के मंदिर हैं।

ऐसी मान्यता है कि काला कुत्ता काल भैरव का वाहन है।

उज्जैन में 56 भैरव मंदिर है। यहां साल में एक दिन 1500 से ज्यादा तरह के प्रसाद काल भैरव को चढ़ाया जाता है।

# गहरी खाई में गिरी कार, 4 की मौत

## मरने वालों में 3 महिला और एक पुरुष शामिल अस्थि विसर्जन के बाद लौट रहे थे रायपुर

कवर्धा, 22 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में शुक्रवार तड़के पोलमी गांव में एक कार 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में गाड़ी में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 महिला और एक पुरुष शामिल है। वहीं 4 अन्य लोग घायल हैं। मामला कुकदूर थाना क्षेत्र का है। घटना की जानकारी लगते ही कुकदुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। मारूति इको कार में कुल 8 लोग सवार थे।

सभी गाड़ी में सवार लोग अस्थि विसर्जन करने के लिए प्रयागराज गए थे। प्रयागराज से रायपुर लौटते वक्त यह हादसा हुआ है। कार पंडरिया-बजाग (मप्र) स्टेट हाईवे पर पोलमी घाट पर करीब 50 फीट नीचे जा गिरी। खाई में गिरी हुई कार को सुबह-सुबह कुछ ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को खबर दी थी। उन्होंने घटनास्थल का वीडियो भी बना लिया था।



फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और जांच में जुट गई है। हादसे में 3 लोगों की मौत घटनास्थल पर और एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाते हुए हुई है। वहीं कार में सवार अन्य 4 लोग घायल भी हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल घायलों के नाम सामने नहीं आए हैं।

घटनास्थल पर पहुंचे मैकेनिक ने आशंका जताई कि ट्रक ने अपर-डिपर नहीं दिया होगा, जिसकी वजह से आंखों पर सीधी लाइट पड़ने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे खाई में गिर गई।

# बेदर्दी की हदें पार

## गर्भवती महिला को लात-घूंसों से पीटकर किया अधमरा

मेरठ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में बेदर्दी की हदें पार करने का एक मामला सामने आया है। यहां थाने से महज 500 मीटर दूर कुछ हमलावरों ने एक गर्भवती महिला को लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस दौरान महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तमाशबीन बने रहे। वहीं किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। ब्रह्मपुरी थाने से 500 मीटर दूर भगवतपुरा कॉलोनी में कुछ लोगों ने बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे पांच माह की गर्भवती पूनम (35) पत्नी ऋषि को लात-घूसों से पीटकर अधमरा कर दिया और उसका एक साल का बेटा हमलावरों ने जमीन पर पटक दिया। वहीं चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान मां-बेटे को बचाने की बजाय लोग तमाशबीन बनकर मोबाइल पर वीडियो बनाने लगे। वीडियो वायरल होने पर लखनऊ तक हलचल मची। अधिकारियों ने इंस्पेक्टर ब्रह्मपुरी को फटकार लगाई। तब चार पड़ोसियों अशोक, उसके पुत्र शैलेंद्र व विकास और दिरीश गिरफ्तार किए गए। पांच हमलावर फरार हैं। इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ करीब 200 गज जमीन कब्जा करने, विरोध पर मारपीट करने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। देर रात तक इस मामले में हंगामा चलता रहा। इस जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र रख दिया। सूचना पर सीओ ब्रह्मपुरी व ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर मामला शांत कराया है। सीओ ब्रह्मपुरी बृजेश सिंह ने बताया कि जमीन को लेकर विवाद हुआ था। उस पर कुछ लोगों ने चित्र रख दिया था। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अशोक के खिलाफ छह मुकदमे पहले भी दर्ज हैं। उसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने नारेबाजी भी की।

# विश्वविद्यालयों की समीक्षा के लिए विधानसभा समिति का गठन

## सीएम ने स्पीकर से किया आग्रह

रांची, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से राज्य में निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति की समीक्षा के लिए विधानसभा की एक समिति गठित करने का आग्रह किया। सरकार द्वारा जैन विश्वविद्यालय विधेयक 2022 में विसंगति का हवाला देते हुए इसे वापस लेने के बाद सदन में सोरेन ने समिति का गठन करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य में अभी तक 20 से अधिक विश्वविद्यालय बिल विधानसभा के माध्यम से पारित किए गए हैं। उन्होंने स्पीकर से निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति का अध्ययन करने के लिए विधानसभा की एक समिति बनाने की मांग की। ताकि उच्च शिक्षा को बेहतर बनाया जा सके।

सोरेन ने कहा, राज्य में बेहतर बनाया जाए। इससे पहले बीजेपी के तीन, आजसू के एक और भाकपा के एक विधायक ने सरकार से विधेयक को समीक्षा के लिए प्रवर समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था।

# मालवाहक ऑटो में आग के बाद हुआ ब्लास्ट

## चालक ने कूदकर बचाई जान



कोरबा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में गुरुवार देर रात सड़क चलते एक मालवाहक ऑटो में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ऑटो धू-धू कर जलने लगा। आग लगी देख चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। तभी जोरदार धमाका भी हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन वहां जलते हुए वाहन के अलावा कोई नहीं मिला। पुलिस चालक और वाहन मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। हादसा सर्वमंगला चौकी क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, हादसा कोरबा-कुसमुंडा रोड पर रात करीब 10 बजे हुआ है। कुसमुंडा की ओर जा रहा एक मालवाहक ऑटो में अचानक आग लग गई। इंजन की ओर निकल रही आग की लपटों ने थोड़ी देर में ही पूरे ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान आग चालक के केबिन तक पहुंची तो वह चलती ऑटो से नीचे कूद पड़ा और अपनी जान बचाई। इसके बाद आग टायर से होते हुए पूरे ऑटो में फैल गई।

केबिन के पीछे का हिस्सा चारों ओर से लोहे की चादर से बना हुआ था। इसके चलते आग अंदर नहीं पहुंच सकी। हालांकि चारों टायर जलकर खाक हो गए और जोर का धमाका हुआ। सूचना मिलने पर फायरब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक पिछला हिस्सा छोड़कर पूरी ऑटो खाक हो चुकी थी। मालवाहक पर सफेर रंग से पेंट किया गया था और उस पर टू ब्रदर्स लिखा हुआ है। हादसे के दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया। सर्वमंगला चौकी प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया कि रात के वक्त यह हादसा सामने आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच कार्रवाई करते हुए वाहन चालक की पतासाजी की गई तो वह नहीं मिला। फिलहाल गाड़ी के नंबर के आधार पर मालिक और चालक का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल गाड़ी में क्या है, यह पता नहीं चल सका है। अफसरों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद वाहन को खोलकर चेक किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़

## सुरक्षाबलों ने महिला कमांडर सहित दो नक्सलियों को किया ढेर, राइफल बरामद

बीजापुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अभी तक इस मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली कमांडर सहित दो को मार गिराया है। जवानों ने शव और साथ में राइफल बरामद की है। वहीं मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की भी संभावना है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र पुलिस के जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है।

**नेशनल पार्क क्षेत्र में हुई मुठभेड़**

जानकारी के मुताबिक, सरहदी इलाके पर नक्सलियों के बड़े लीडरों के जमावड़े की सूचना मिली थी। इस पर छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र पुलिस ने ज्वॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया है। बताया जा रहा है कि जवान शुक्रवार सुबह नेशनल पार्क क्षेत्र के टेकामेटा के जंगलों में नक्सलियों को घेर लिया। नक्सलियों ने फायरिंग की तो जवानों ने भी कार्रवाई की। इसमें महिला डीवीसी कमांडर सहित दो नक्सली मारे गए हैं।



**महाराष्ट्र के सी-60 कमांडो भी हैं शामिल**

मुठभेड़ में महाराष्ट्र के सी-60 के कमांडो और छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के डीआरजी के जवान शामिल हैं। बीजापुर की सिर्फ एक ही टुकड़ी निकली हुई है। बताया जा रहा है कि मौके से तीन हथियार बरामद हुए हैं। इनमें दो एसएलआर और एक 303 बंदूक है। हालांकि मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने और शवों को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**एक दिन पहले ही एनआईए ने दाखिल की है चार्जशीट**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले साल बीजापुर में हुए नक्सली हमले में 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। इस नक्सली हमले में 22 जवान शहीद हो गए थे। एनआईए प्रवक्ता की ओर से बताया गया कि हमला बीजापुर के तर्रेम क्षेत्र के टेकलगुडियाम गांव के पास तीन अप्रैल 2021 को हुआ था। इस हमले में 35 से अधिक लोग घायल हुए थे। हमले में शामिल सभी नक्सलियों की पहचान कर ली गई है।

# बैंक से निकाले 1.5 लाख छीनने को धकेला

मुजफ्फरपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र स्थित भगवानपुर के फरदो गोला रोड में बाइक सवार अपराधियों ने शिक्षिका से दिनदहाड़े 1.5 लाख रुपये छीन लिए। इस क्रम में शिक्षिका को धक्का देकर मुंह के बल गिरा भी दिया। भगवानपुर स्थित एसबीआई की शाखा से रुपये निकालकर सड़क पार करने के दौरान शिक्षिका के साथ अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने घटनास्थल के बाद एक युवक को हिरासत में लिया है। भगवानपुर अल्कापुरी की रहने वाली शिक्षिका अर्चना कुमारी ने बताया कि वह सरैया प्रखण्ड के रुपौली में प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका हैं।

# आरएसएस के क्रिसमस भोज पर सीएम भूपेश बोले- वोट क्या नहीं कराता

## इनको सिद्धांत से कोई लेना-देना नहीं

रायपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पहली बार क्रिसमस भोज का आयोजन कराने जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें कश्मीर से केरल तक के चर्च प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संघ और भाजपा पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, वोट क्या-क्या नहीं कराता। भाजपा की जमीन खिसक रही है। इनको सिद्धांत से कोई लेना-देना नहीं है, बस सत्ता में बने रहना है।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के पर मुख्यमंत्री बघेल रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, कर्नाटक में चुनव होने वाला है। आपको पता है कि, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में लोकतंत्र की चोरी हुई है। अब गुजरात, उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड, और नार्थ ईस्ट के कुछ राज्य में भाजपा की सरकार है। बस एक पट्टी बची हुई है। इन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत कहा था, पर खुद सिमटते जा रहे हैं।



**वोट लेना ही इनका उद्देश्य**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, मोहन भागवत, कभी मस्जिद और कभी मजार जा रहे हैं। कभी क्रिसमस का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, इनकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है। इनको सिंद्धांत से कोई लेना-देना नहीं है। बस सत्ता में बने रहना है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, इनको लोगों में वैमनस्ता फैलाना है। एक से दूसरे भाई को लड़ाकर अपना उल्लू सीधा करना है, वोट लेना है। यही इनका उद्देश्य है।

वहीं भारत जोड़ो यात्रा पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के बयान को लेकर सीएम बघेल ने कहा कि, मूल बात क्या है, गरीबी, भुखमरी बेरोजगारी और महंगाई। राहुल गांधी महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर यात्रा कर रहे हैं। इसको लेकर प्रह्लाद जोशी, या भाजपा के नेता या सत्ता में बैठे लोगों को जवाब देना चाहिए। इस देश में क्या महंगाई है, क्या बेरोजगारी है? इस बारे में आंकड़े दें। उस दिशा में क्या प्रयास कर रहे हैं, बताएं। मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी, सात सितंबर से यात्रा कर रहे हैं। कभी जूतों के बारे में बात करेंगे, कभी टीशर्ट के बारे में बता करेंगे, कभी और कुछ बात करेंगे।

इनके पास और कुछ भी नहीं है। जितनी व्यक्तिगत रूप से यह लोग राहुल गांधी की आलोचना किए हैं। टीम लग जाती है, सरकार लग जाती है। दरअसल, उनको भय राहुल गांधी जी से है।

# विधायक इरफान सोलंकी से जेल में मिलने आई पत्नी और भाई, बोले- दुआ करना

महराजगंज, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर जेल से महराजगंज जेल में लाए गए सपा विधायक इरफान सोलंकी से शुक्रवार दोपहर को उनकी पत्नी नसीम, भाई अरसद और आसिफ ने मुलाकात की। हालांकि परिजन मीडिया से बात करने में कतराते रहे, उन्होंने कहा कि विधायक ने दुआ करने की अपील की है। सपा विधायक इरफान सोलंकी बुधवार को पूरी रात करवटें बदलते रहे। जेल मैनुअल के अनुसार उन्हें आम बंदी की तरह रखा गया है। बृहस्पतिवार सुबह उन्होंने पढ़ने के लिए अखबार मांगा, लेकिन नियम के अनुसार अतिरिक्त सुविधा नहीं दी गई। जेल में बने टेलीफोन बूथ से उन्होंने घर पर बातचीत की। जिला कारागार के सामने बृहस्पतिवार को कुछ सपा नेता पहुंच गए। काफी देर तक सपा नेता अपनी गाड़ी खड़ी कर इधर-उधर टहलते रहे। सपा के ट्विटर हैंडल से यह जानकारी दी गई कि सपा विधायक को महराजगंज जिला जेल से कहीं और शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है।



# वैभव गहलोत बनेंगे आरसीए अध्यक्ष, रचा इतिहास

## पहली बार निर्विरोध चुने जाएंगे, नांदू गुट ने सभी 6 पदों से नामांकन लिया वापस

जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर वैभव गहलोत निर्विरोध निर्वाचित होंगे। वैभव गहलोत के खिलाफ बागी गिरिराज सनाढ्य और नांदू गुट ने नामांकन वापस लेने का फैसला किया है। ऐसे में वैभव गहलोत समेत सीपी जोशी गुट के सभी 6 प्रत्याशियों की जीत पक्की हो गई है। आरसीए के इतिहास में ये पहली बार होगा कि अध्यक्ष समेत सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव जितेंगे।

नांदू गुट से कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार विनोद सहारण ने कहा- राजस्थान के क्रिकेट की भलाई के लिए हमने नाम वापस लेने का फैसला किया है। ऐसे में अध्यक्ष पद समेत सभी 6 पदों पर हमारे प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया है। ताकि राजस्थान के क्रिकेट इतिहास में पहली बार निर्विरोध निर्वाचन हो सके। हम भविष्य में भी आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत के साथ मिलकर राजस्थान क्रिकेट की भलाई के लिए काम करेंगे। ताकि प्रदेश के क्रिकेट को और बेहतर बनाया जा सके।

**बागी गिरिराज सनाढ्य ने भी नाम वापस लिया**



वहीं, इससे पहले गुरुवार को आरसीए के मुख्य चुनाव अधिकारी ने स्क्रूटनी के बाद प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट जारी की थी। इसके तहत आरसीए के 6 पदों के लिए 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। वहीं, आज शाम 6 बजे तक प्रत्याशियों को नाम वापस लेने का वक्त दिया गया था।

अजमेर से राजेश भडाना, अलवर से पवन गोयल, बांसवाड़ा से मनीष देव जोशी, बारां से अभिनव जैन, बाड़मेर से देवाराम चौधरी, भरतपुर से शत्रुघ्न तिवाड़ी, भीलवाड़ा से रामपाल शर्मा, बीकानेर से रतन सिंह, बूंदी से राजकुमार माथुर, चित्तौड़गढ़ से शक्ति सिंह, चूरू से सुशील शर्मा, दौसा से प्रदीप नागर, धौलपुर से सोमेंद्र तिवाड़ी, डूंगरपुर से सुशील जैन, हनुमानगढ़ से मनीष धारनिया, जयपुर से अमितराज, जैसलमेर से विमल शर्मा, जालोर से सतीश व्यास, झालावाड़ से फारुख, झुंझुनूं से राजेंद्र राठौड़, जोधपुर से शैतान सिंह, करौली से शिवचरण माली, कोटा से अमीन पठान, नागौर से राजेंद्र नांदू, पाली से धर्मवीर, प्रतापगढ़ से चंद्रेश आंजना, राजसमंद से गिरिराज सनाढ्य, सवाई माधोपुर से सुमित गर्ग, सीकर से सुभाष जोशी , सिरोही से संयम लोढा, श्रीगंगानगर से विनोद सहारण, टोंक से विवेक व्यास और उदयपुर से महेंद्र शर्मा के नाम के साथ ही तीन पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में सलीम दुर्रानी, गगन खोड़ा और पंकज सिंह थे।

# कांग्रेस में खींचतान से कानून-व्यवस्था चौपट

## जनआक्रोश महासभा में पहुंचे सराफ, बोले- राहुल के जाते ही फिर होगी वर्चस्व की लड़ाई

सीकर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सरकार के जंगलराज, भ्रष्टाचार और कुशासन को लेकर सीकर में भाजपा की जन आक्रोश महासभा का आयोजन हुआ। पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ ने कहा कि चार सालों में राजस्थान में अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ा है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी के राजस्थान के जाने के बाद फिर गहलोत वर्सेज पायलट विवाद बढ़ेगा।




सीकर पहुंचे पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ ने जनआक्रोश महासभा में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। जनता की सुध लेने का सरकार ने कोई काम नहीं किया। किसानों को संपूर्ण कर्जा माफी का तो बेरोजगारों को रोजगार का सपना दिखाया। धरातल पर कांग्रेस सरकार ने वादे पूरे नहीं किए। सराफ ने वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर काम करने के लिए संकल्प दिलाया।

**कांग्रेस विधायक कर रहे मिनी मुख्यमंत्री का काम**

कालीचरण सराफ ने कहा कि गहलोत चार सालों में खुद के नेताओं से संघर्ष करते रहे। गहलोत केवल इसमें लगे रहे की सचिन पायलट कैसे हटें। कांग्रेस नेता एक दूसरे को गाली गलौचरज और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस विधायक मिनी मुख्यमंत्री का काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किस अधिकारी और पुलिसकर्मी को कहां लगाना है इसके लिए बंधी ली जाती है।

कांग्रेस सरकार यह एक साल पूरा नहीं कर पाएगी। इनके आपसी खींचतान के कारण मध्यावधि चुनाव भी हो सकते है। चार सालों में राजस्थान में 27 हजार रेप के मामले आए। रेप के बढ़ते मामलों के कारण राजस्थान रेपिस्तान बन गया है।

**बीजेपी के सीएम चेहरे का फैसला संसदीय बोर्ड तय करेगा**

2023 में विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बीजेपी का चेहरा कौन होगा इस पर कालीचरण सराफ ने कहा कि इसका फैसला संसदीय बोर्ड करेगा। हमारी पार्टी सामूहिक नेतृत्व में विश्वास रखती है। चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि राजस्थान में मासूम बच्चियों के साथ जो दरिंदगी, गैंगवार हो रही है उससे साफ है कि कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। चार साल में कांग्रेस सरकार में केवल वर्चस्व की लड़ाई रही है।

# कांग्रेस विधायक बोले- राजस्थान में तीसरी पार्टी गहलोत प्रायोजित

## चौधरी बोले- बड़ी ईमानदारी से कह रहा हूं, वो हमारे सीएम की पार्टी



**'सच्ची बात हमेशा कड़वी होती है'**

बाड़मेर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को राजस्थान में काफी समर्थन मिला। इसको लेकर राजस्थान के कांग्रेस नेताओं की पीठ भी थपथपाई गई। इस दौरान पार्टी के भीतर मौजूद गुटों में भी चुप्पी छाई रही। हालांकि, यह तय था कि गुटबाजी वाले नेता यात्रा के हरियाणा में एंटर होने के साथ ही बयानबाजी शुरू कर देंगे।

इसकी शुरुआत हो चुकी है। पंजाब कांग्रेस प्रभारी और बायतु (बाड़मेर) विधायक हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एक तीसरी पार्टी भी है जो मुख्यमंत्री की प्रायोजित है।

हरीश चौधरी का इशारा बिना नाम लिए हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी की ओर था। दरअसल, पंजाब कांग्रेस प्रभारी एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी चौहटन इलाके के कापराऊ गांव में पूर्व सरपंच स्वर्गीय हरजीराम सेंवर की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

विधायक हरीश चौधरी ने कहा- राजस्थान में कांग्रेस, बीजेपी और एक तीसरी पार्टी भी है। वो हमारे अशोक गहलोत जी की प्रायोजित पार्टी है। बड़ी ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ यह बात कह रहा हूं कि वो हमारे माननीय मुख्यमंत्री की प्रायोजित पार्टी है। दरअसल, विधायक हरीश चौधरी व सांसद हनुमान बेनीवाल राजनीति में विरोधी माने जाते हैं। सांसद बेनीवाल जब भी बाड़मेर आते हैं तो हरीश चौधरी पर जुबानी हमला करते रहते हैं। वहीं, सासंद बेनीवाल बायतु में हुए हमले का जिम्मेदार हरीश चौधरी को मान रहे हैं। संसद की दखल के बाद हरीश चौधरी व उनके भाई सहित 15 लोगों के खिलाफ सांसद पर हमले की एफआईआर भी दर्ज हुई थी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि- विधायक पदमाराम ने अलवर आने के लिए कहा था, तब मैंने कहा- आऊंगा, लेकिन कुछ सच्ची बात कहूंगा। सच्ची बात हमेशा कड़वी होती है। राजनीति के अंतिम पड़ाव पर बोलते हुए चौधरी ने कहा- अंतिम पड़ाव समय-समय पर स्व. रामदान जी, स्व. गंगाराम, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी ने भी देख लिया है। हेमाराम चौधरी अंतिम पड़ाव के दौर में चल रहे हैं। हरीश चौधरी भी इतना समझदार व शक्तिशाली नहीं है कि उस अंतिम पड़ाव से बच सके।

**बीजेपी पर किया कटाक्ष**

हरीश चौधरी ने चौहटन विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा- तरुणराय कागा को विधायक बनाकर आपने उनका लेखा जोखा ले लिया। तब लगा कि कागा से पदमाराम मेघवाल अच्छा था। तब पदमाराम को वापस जीता दिया। अब चौहटन से हारे (2018) बीजेपी प्रत्याशी आदूराम मेघवाल को लाने की तैयारी कर रहे हो।

विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि एक बात बड़ी ईमानदारी से कह रहा हूं कि आने वाली पीढ़ियां इस पीढ़ी से बहुत बड़ा सवाल उठाएंगी। कहेगी- जब देश बुरे दौर से गुजर रहा था, तब हम लोग मौन व चुप क्यों थे?

# सीएम गहलोत की सुरक्षा में चूक, हेलिकॉप्टर तक पहुंचा युवक

## मीडियाकर्मियों के बीच हेलीपैड तक पहुंचा; पिता बोले- बेटा बीमार

भरतपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। भरतपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सिक्योरिटी में चूक का मामला सामने आया है। यहां एक युवक सेल्फी लेने के लिए सीएम के हेलिकॉप्टर के पास जा पहुंचा। जैसे ही सिक्योरिटी में तैनात जवानों को इसकी जानकारी मिली आरोपी को पकड़कर तुरंत हेलिकॉप्टर से दूर किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर मथुरा गेट थाने ले गए। इधर, इस घटना के बाद उसके पिता थाने पहुंचे और बताया कि बेटा मानसिक बीमार है। घर के पास हेलिकॉप्टर देखा तो यहां मां का मोबाइल लेकर हैलीपेड पर आ गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के मौके पर किसान सभा का आयोजन किया गया था। जहां सीएम गहलोत सहित, सचिन पायलट, आएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



जयंत चौधरी पहुंचे थे।

सीएम के लिए पुलिस परेड ग्राउंड में हेलीपैड बनाया गया था। सीएम गहलोत के दिल्ली रवाना होने से पहले आएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का हेलिकॉप्टर भरतपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में लैंड हो गया था। वह हेलीपैड पर बने सेफ हाउस में बैठे थे। इतने में सीएम गहलोत भी हेलीपैड पर पहुंच गए। सीएम गहलोत और जयंत चौधरी की सेफ हाउस में मुलाकात हुई। जयंत चौधरी से मुलाकात करने के बाद सीएम ने मीडिया से बात की, जिसके बाद दोपहर करीब 12 बजे अपने हेलिकॉप्टर की तरफ रवाना हो गए। सीएम हेलिकॉप्टर में बैठ गए इतने में वहां हर्ष गोयल नाम का एक युवक आ गया। जिसके हाथ में फोन था। वह हेलिकॉप्टर के साथ फोटो लेने की कोशिश कर रहा था।

युवक को थाने लाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि, वह राजेंद्र नगर का रहने वाला है। उसके पिता का नाम प्रमोद गोयल है, जिसके बाद पुलिस ने युवक के परिजनों से संपर्क किया तो पता लगा कि वह मानसिक बीमार है। उसका इलाज जयपुर के दुर्लभ जी से चल रहा है। युवक के पिता ने बताया कि उनका बेटा 22 साल पहले बीमार हो गया था। उनका घर सीएम सभा स्थल के पास ही है। वह घर से अपनी मां का फोन लेकर निकल आया और भीड़ के साथ कॉलेज ग्राउंड में पहुंच गया।

# गहलोत को दोबारा सीएम चाहते हैं लोग- धारीवाल

## गहलोत बोले – हमारी सरकार गिराने के लिए केंद्र भर रहा खजाना

जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान से गुजरने के बाद अब कांग्रेस के कार्यक्रमों पर इसका असर दिखना शुरू हो गया है। कृषि मंत्री लालचंद कटारियां ने आज अपने क्षेत्र की कालवाड़ ओर जोबनेर तहसीलों के विकास कामों के लोकार्पण पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और दर्जन भर मंत्रियों को जुटाकर सियासी शक्ति प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि जिस तरह लोग उमड़े हैं, यह भीड़ यह दिखाती है कि ये कांग्रेस की सरकार दुबारा बनाने को आतुर हैं। राजस्थान के लोग दुबारा से मुख्यमंत्री के बतौर अशोक गहलोत को चुनना चाहते हैं। कांग्रेस की सरकार बनाना



चाहते हैं।

धारीवाल ने कहा, सरकार की योजनाओं का फायदा लोगों को मिल रहा है, 30-32 योजनाएं हैं। ऐसी योजनाएं देश के किसी भी राज्य में नहीं है। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान इन्हीं योजनाओं के बारे में बतारहे थे, कई कार्यक्रमों में उन्होंने इन योजनाओं का जिक्र किया।

सीएम अशोक गहलोत ने कहा - कार्यक्रम के दौरान सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि यूपीए राज में जो गैस सिलेंडर 400 का था वह आज 1025 को हो गया। जरूरत की चीजों के दाम लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। केंद्र सरकार खजाना भर रही है। पता नहीं ये खजाना हमारी सरकार को गिराने के काम आ रहा होगा। कर्नाटक में, मध्यप्रदेश में और महाराष्ट्र में सरकारें गिराईं। इसीलिए बढ़ती महंगाई का जनता से बोझ कम करने के लिए हमने 500 रुपए में उज्जवला योजना वालों को सिलेंडर देने का फैसला किया है। हम जनता से महंगाई का भार कम करना चाहते हैं।

**गहलोत ने भाषण के अंत में लगवाए जय सियाराम के नारे**

सीएम अशोक गहलोत ने अपने भाषण के अंत में जनता से जय सियाराम के नारे लगवाए। इससे पहले गहलोत ने कहा कि बीजेपी वाले हर जगह राजनीति करते हैं। राहुल गांधी ने बीजेपी वालों से पूछा कि आप जयश्रीराम बोलते हो, आपने सीता माता को कहां भेज दिया। बीजेपी वाले जानबूझकर जय श्री राम बोलते हैं। आप जयसीयाराम बोलिए। यह पुरूष प्रधान देश है, यहां पुरुषों का वर्चस्व है। हमें चाहिए कि हम सीता माता को भी साथ लें।

# अफसर बोले - खबर मत छापो, पैसे ले लो

## फैक्ट्री लगाने के लिए रीको से मिली सस्ती जमीन पर 800 अवैध वेयरहाउस

जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) की ओर से उद्योग लगाने के लिए सस्ती दर पर दी गई जमीन पर अवैध वेयरहाउस चल रहे हैं। जयपुर के विश्वकर्मा, सीतापुरा व बगरू इंडस्ट्रियल एरिया में पिछले 15 साल में 800 से ज्यादा वेयरहाउस बन चुके हैं। साइज व लोकेशन के हिसाब से एक वेयरहाउस का महीने का किराया 50 हजार से 20 लाख के बीच है। इसका औसत 2 लाख भी मान लें तो किराए से हर साल लगभग 200 करोड़ रुपए की कमाई हो रही है। एडवाइजर (इंफ्रा) अरुण गर्ग से बात की उन्होंने माना कि ऐसा हो रहा है, लेकिन एमडी ही इसके बारे में ज्यादा बता पाएंगे। एमडी शिवप्रकाश नकाते से अब तक हुई कार्रवाई के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि ज्यादा वेयरहाउस विश्वकर्मा में हैं। वहां के यूनिट हेड सीनियर डीजीएम महेंद्र सिंह को कह देता हूं आपको बता देंगे। महेंद्र का कॉल आया तो उन्होंने मिलकर बात करने को कहा। गुरुवार को ऑफिस बुलाया। बात शुरू होते ही कहा कि अवैध वेयरहाउस के बारे में जो कह रहे हो वो सब सही है मगर खबर मत छापना, मुझे दिक्कत हो जाएगी। आप तो आदेश करो, हिंट दो... 46 मिनट की बातचीत के अंत में उन्होंने खबर रोकने के लिए 10 हजार रुपए का ऑफर दिया।



बड़ी कंपनियां अवैध प्रॉपर्टी को लीज पर नहीं लेतीं। इससे निपटने के लिए रीको की चिट्ठी से खेल हो रहा है। वेयरहाउस मालिक रीको से 'औद्योगिक प्रयोजनार्थ' किराए पर देने के लिए अनुमति मांगते हैं। जवाब में रीको लिखता है कि इसके लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इस चिट्ठी को ऐसे पेश किया जाता है कि वेयरहाउस वैध हैं, जबकि रीको इन्हें अवैध मानता है। रीको की ओर से कभी-कभार नोटिस दिए जाते हैं, लेकिन कार्रवाई एक के खिलाफ भी नहीं हुई है। 15 साल में रीको में कई अधिकारी आए मगर किसी ने अवैध वेयरहाउस के खिलाफ मुहिम नहीं छेड़ी। शेष ।

पेज 8 उल्टी मांग- वेयरहाउस को भी उद्योग की श्रेणी में शामिल करे रीको तीनों इंडस्ट्रियल एरिया की एसोसिएशन की लंबे समय से मांग है कि वेयरहाउस को उद्योग की श्रेणी में शामिल किया जाए। इस मांग में यूनाइटेड काउंसिल ऑफ राजस्थान इंडस्ट्रीज (यूकोरी) भी साथ है। काउंसिल के महासचिव नीलेश अग्रवाल ने बताया कि नगरीय विकास विभाग वेयरहाउस को उद्योग मानता है, लेकिन रीको नहीं मानता।

जेडीए वन टाइम लीज मनी लेकर वेयरहाउस के लिए फ्री होल्ड पट्टे दे रहा है। रीको भी ऐसा करे। बने तो खूब सारे हुए हैं। आज के बने हुए नहीं हैं, कई साल से बन रहे हैं। रीको इन्हें इंडस्ट्री नहीं मानता इसलिए हैं तो गलत ही। पर क्या कर सकते हैं... चल रहे हैं। आप इस बात को छोड़िए। आप खबर करेंगे तो मुझे दिक्कत हो जाएगी।

# जयपुर में एडवोकेट के पास मिली चाइल्ड पोर्नोग्राफी

## 100 से अधिक बच्चियों के मिले न्यूड वीडियो, 40 युवतियों के अश्लील फोटोज

जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर कमिश्नरेट की एक महिला आरपीएस अफसर से बदतमीजी के मामले में पकड़े गए एडवोकेट गोवर्धन सिंह के पैन ड्राइव में पुलिस को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के 100 और 40 लड़कियों की अश्लील फोटो मिली है। इसकी एफएसएल जांच के बाद पुलिस ने विधायकपुरी थाने में प्रकरण दर्ज कर बुधवार को आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गोवर्धन सिंह को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। यहां से 10 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया।



डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि इस संबंध में झोटवाड़ा एसीपी प्रमोद स्वामी ने 16 सितंबर 2022 को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सदर थाने में दर्ज महिला आरपीएस अधिकारी से अश्लीलता व बदतमीजी मामले में पकड़े गए थे। आरोपी गोवर्धन सिंह के विधायकपुरी स्थित ऑफिस की तलाशी के दौरान तीन पैन ड्राइव मिले हैं। विधायकपुरी में दर्ज हुए केस के आधार पर पैन ड्राइव को जब्त कर एफएसएल जांच करवाई गई।

डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया- पोर्नोग्राफी में आरोपी गोवर्धन सिंह (40) पुत्र भरत सिंह निवासी नया शहर बीकानेर हाल रंगोली गार्डन करणी विहार को अरेस्ट किया है। पूर्व एडवोकेट गोवर्धन सिंह ने भारत माता पथ सी-स्कीम विधायकपुरी में ऑफिस खोल रखा था। पेन डाइव की जांच में सामने आया कि पैन ड्राइव में 100 से अधिक चाइल्ड पोर्नोग्राफी (उम्र 7 से 15 साल की बच्चियों) के वीडियो मिले। इसके अलावा 40 लड़कियों की अश्लील फोटो मिली।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया जुर्म प्रमाणित होने पर आरोपी गोवर्धन सिंह को जयपुर जेल से बुधवार को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश कर 10 दिन के रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पेन डाइव में मिली अश्लील साम्रगी के बारे में पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि साल 2020 में सदर थाने में महिला RPS की शिकायत पर अभ्रदता के दर्ज केस में आरोपी गोवर्धन सिंह को 27 अप्रैल को अरेस्ट किया गया था। उसके बाद उसके खिलाफ लगातार कई लोगों ने धोखाधड़ी व ब्लैकमेलिंग के मामले दर्ज करवाए थे। उसके बाद उसे अलग-अलग थानों की पुलिस अलग-अलग मामलों में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करती रही।

# 4 घंटे मंदिर में घूमता रहा लेपर्ड, गांव से मवेशी और कुत्ते गायब हुए तो लगाए सीसीटीवी, शिकार करते हुआ कैद

राजसमंद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रदेश के रहवासी इलाकों में लेपर्ड का मूवमेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला राजसमंद का है। यहां लेपर्ड मंदिर में करीब 4 घंटे तक घुमता रहा। इतना ही नहीं लेपर्ड कुत्ते के बच्चे का शिकार करते हुए भी सीसीटीवी में कैद हो गया। मामला जिले रेलमगरा थाना क्षेत्र के पनोतिया ग्राम पंचायत के बैठुंबी गांव का है। ये मंदिर अंबा माता का है, जहां एक महीने से लेपर्ड का मूवमेंट है। पनोतियां सरपंच रेखा सामर ने बताया कि पिछले एक महीने से लेपर्ड का मूवमेंट मंदिर और गांव में था, लेकिन किसी को इसके बारे में



जानकारी नहीं थी। एक महीने पहले गांव से कुछ मवेशी गायब हो गए थे। जब पता किया तो इनके बारे में जानकारी नहीं मिली। इस बीच एक-दो मवेशी और गायब हो गए। सभी को ये ही लगा कि इधर-उधर चले गए होंगे। इस बीच गांव से कुत्ते कम होने लगे। अंबा माता मंदिर के आस-पास भी कुत्ते थे लेकिन वे भी दिखना बंद हो गए। इस पर सभी को संदेह हुआ कि गांव में लेपर्ड का मूवमेंट है। इस पर सभी ने मंदिर में सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया। सात दिन पहले ही कैमरे लगाए गए। शुक्रवार सुबह जब मंदिर के आस-पास कुत्ते के बच्चे नहीं दिखे तो सीसीटीवी खंगाले। ये फुटेज देख सभी हैरान हो गए। रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक कुत्तों का शिकार करता हुए लेपर्ड मंदिर में दिखाई दिया। सीसीटीवी में लेपर्ड मंदिर में रात 12 बजे एक कुत्ते के बच्चे का पीछा करता हुआ नजर आ रहा है। कुत्ते के भौंकने पर लेपर्ड भी वहीं रुक जाता है। कुत्ता जब दोबारा आता है तो उसका शिकार कर लेता है। इसके बाद लेपर्ड कई देर तक मंदिर में घुमता रहता है।

# आईसीएआर-सीआरआईडीए में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईसीएआर-सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर ड्राईलैंड एग्रीकल्चर, हैदराबाद ने इंडियन सोसाइटी ऑफ ड्राईलैंड एग्रीकल्चर के सहयोग से आईसीएआर-सीआरआईडीए, हैदराबाद में रेनफेड एग्रो-इकोसिस्टम की रीइमेजिंग : चुनौतियां और अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। लगभग 500 प्रतिनिधि उद्घाटन समारोह में विभिन्न देशों के किसानों, एनजीओ अधिकारियों, विभिन्न कृषि आदानों से जुड़े निजी क्षेत्र के अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. केवी राव, प्रधान वैज्ञानिक और सचिव आईएसडीए ने समारोह में सभी प्रतिनिधियों और प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। डॉ. वीके सिंह, निदेशक, आईसीएआर-सीआरआईडीए और अध्यक्ष आईएसडीए ने प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सभा को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वर्षा आधारित कृषि के महत्व से अवगत कराया और यह भी बताया कि सम्मेलन आयोजित करने का मुख्य कारण शोधकर्ताओं, किसानों, एनजीओ, नीति निर्माता और निजी क्षेत्र एक ही मंच पर ताकि कृषक समुदाय के लिए उपयोगी सिफारिशें की जा सकें। डॉ. एसके चौधरी, डीडीजी (एनआरएम) ने अपने संबोधन में प्रतिनिधियों से प्रौद्योगिकियों, सिफारिशों और नीति संक्षेपों को सामने लाने के लिए कहा जो बारानी खेती में आने वाले विभिन्न तनावों और समस्याओं पर काबू पाने में कृषक समुदाय की मदद करेंगे। डॉ. बी. वेंकटेश्वरलू, पूर्व वीसी, वीएनएमकेवी, परभणी ने बारानी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के लिए हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। डॉ. राजाराम देशमुख, पूर्व कुलपति, एमपीकेवी, राहुरी ने अपने संबोधन में सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने और किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया।

डॉ. हिमांशु पाठक, महानिदेशक (आईसीएआर) और सचिव (डीएआरई) ने अपने संबोधन में बारानी खेती के शोधकर्ताओं को उत्पादकता बढ़ाने, कुछ अजैविक तनावों पर काबू पाने, लचीली किस्मों को विकसित करने, जोखिमों को कम करने और वर्षा आधारित खेती के लिए लचीलापन लाने के लिए बधाई दी। डॉ. पंजाब सिंह, पूर्व महानिदेशक (आईसीएआर) और सचिव डेयर ने अपने संबोधन में सभी वर्षा आधारित शोधकर्ताओं और श्रमिकों को वर्षा आधारित खेती में उनके योगदान के लिए बधाई दी और माना कि देश का भविष्य का विकास वर्षा आधारित क्षेत्रों से होगा।

## पूजा गुप्ता एनएफ़एचआरसी की राज्य सहायक आयोजन सचिव बनी



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली की गैर राजनीतिक, स्वतंत्र और गैर सरकारी संगठन राष्ट्रीय महासंघ मानवाधिकार परिषद ने हैदराबाद की समाज सेवी पूजा गुप्ता को राज्य सहायक आयोजन सचिव (तेलंगाना राज्य कार्यकारी समिति) के रूप में नियुक्त किया है। परिषद के सचिव बीआईए श्रीनिवास रेड्डी द्वारा पूजा गुप्ता की नियुक्ति की गई। ज्ञात हो कि उक्त परिषद के संस्थापक डॉ. बी.जी.एम. रेड्डी हैं। अपनी नियुक्ति पर सुश्री पूजा गुप्ता ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हें दिये गये दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की बात कही।

# सानिया बन सकती हैं पहली महिला मुस्लिम फाइटर-पायलट

## पिता टीवी मैकेनिक, पहले अटेम्प्ट में फेल हुईं फिर भी इरादा नहीं बदला



मिर्जापुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के मिर्जापुर की रहने वाली सानिया मिर्जा देश की पहली मुस्लिम महिला फाइटर पायलट बन सकती हैं। सानिया ने एनडीए यानी नेशनल डिफेंस अकादमी की परीक्षा में 149वीं रैंक हासिल की है। अगर वह फाइटर पायलट बनीं तो यूपी की भी पहली महिला फाइटर पायलट होंगी। सानिया 27 दिसंबर को पुणे में ट्रेनिंग शुरू करके अपने सपने को सच करने जा रही हैं।

सानिया मिर्जापुर से करीब 10 किमी दूर जसोवर गांव की हैं। गांव के ही स्कूल से 10वीं की पढ़ाई की। 12वीं के लिए मिर्जापुर आईं और हिंदी मीडियम से पढ़ाई की। सानिया के पिता शाहिद अली, टीवी मैकेनिक हैं। गांव के घर पर ही उनकी दुकान है। एनडीए का रिजल्ट आते ही सानिया देशभर में सुर्खियों में आ गईं।

हालांकि, एयरफोर्स ने बयान जारी करके साफ किया है कि सानिया का अभी केवल एनडीए में सिलेक्शन हुआ है। इसमें उन्होंने फाइटर पायलट की स्ट्रीम चुनीं हैं। वह फाइटर पायलट बनेंगी या नहीं, यह ट्रेनिंग के दौरान होने वाले कई एग्जाम्स में उनकी सफलता पर निर्भर करता है। एयरफोर्स में बतौर फाइटर पायलट कमीशन होने के लिए 4 साल का वक्त लगता है।

सानिया देश की पहली महिला पायलट अवनी से इंस्पायर :

एनडीए में सिलेक्शन के बाद सानिया बेहद खुश हैं। वह कहती हैं, मैंने देश की पहली महिला फाइटर पायलट अवनी चतुर्वेदी का इंटरव्यू पढ़ा था। तभी से मेरे मन में फाइटर पायलट बनने की इच्छा थी। आमतौर पर हम जिस जगह से आते हैं वहां टीचर, डॉक्टर या इंजीनियर के आगे की कोई बात ही नहीं करता है। मेरी पूरी पढ़ाई हिंदी मीडियम से हुई है। 8वीं तक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। फिर 10वीं गांव के ही पंडित चिंतामणि दुबे इंटर कॉलेज से किया।

सानिया कहती हैं, गांव में अच्छे स्कूल नहीं हैं, इसलिए मेरा एडमिशन मिर्जापुर के गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुआ। यहां से मैंने 12वीं की पढ़ाई की। 12वीं मैंने यूपी बोर्ड में जिला टॉप किया। मेरा मन फाइटर पायलट बनने का था।

## एसडी सिग्नोडिया कॉलेज का स्वर्ण-उत्सव आज

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित शंकरलाल धनराज सिग्नोडिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड आर्ट्स एंड पीजी सेंटर का स्वर्ण जयंती समारोह 'स्वर्ण-उत्सव' शनिवार, 24 दिसंबर 2022 को शाम 5 बजे से समिति के भगवानदास मंडप में आयोजित किया जायेगा। अग्रवाल शिक्षा समिति के सचिव (मानद मंत्री) सीए नवीनकुमार अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि समिति के अध्यक्ष प्रमोदकुमार केडिया की अध्यक्षता में आयोजित किये जाने वाले इस भव्य समारोह में राज्य की उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती पी. सबिता इंद्रा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि तेलंगाना राज्य को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक फेडरेशन के अध्यक्ष वेमी रेड्डी नरसिम्हा रेड्डी तथा तेलंगाना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पी. रघुराम बतौर मानद अतिथि भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार अग्रवाल, ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन रमेश कुमार अग्रवाल, प्रबंध न्यासी डॉ. मोहन गुप्ता, संपर्क अधिकारी राजेंदर प्रसाद अग्रवाल, प्राचार्य डाल पडाल और एमबीए निदेशक डॉ. पल्लवी, के. रंगनाथ आदि भाग लेंगे। सीए नवीनकुमार अग्रवाल ने समिति से जुड़े सभी मान्यवरों से समारोह में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## गरीबों को पारदर्शी तरीके से डबल बेडरूम मकान का आवंटन : राहुल राज

आसिफाबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरमभीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि सरकार द्वारा किसी गरीब व्यक्ति के घर का सपना पूरा करने के लिए शुरू की गई दो बेडरूम हाउस योजना के तहत जिले में गरीबों की पहचान कर उन्हें संक्रांति से पहले आवंटित करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। जिला परिषद अध्यक्ष कोवा लक्ष्मी, आसिफाबाद व सिरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अत्राम सक्कू व कोनेरू कोनप्पा ने शुक्रवार को जिला केंद्र स्थित समाहरणालय भवन के कलेक्टर कक्ष में सड़क निर्माण अधिकारियों के साथ दो कमरों के मकान के आवंटन की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में गरीबों से आवेदन प्राप्त कर पात्र लोगों को चिन्हित कर संक्रान्ति से पूर्व मकानों के आवंटन के लिए ड्रा निकालने की कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा कि कागज नगर नगर पालिका में 288, सालेगुड़ा में 16, जोड़ाघाट में 30, लिंगापुर मंडल के पिट्टागुड़ा में 5 आवासों में आधार कार्ड पते के अनुसार आवेदन प्राप्त हो रहे हैं और कागज नगर में वार्डवार आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। आवास आवंटन में एस.सीएसटी 17 प्रतिशत , अल्पसंख्यकों को 1 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों को 12 प्रतिशत प्रत्येक नगर पालिका के प्रत्येक वार्ड से 10 पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी व अन्य शामिल हुए।




क्रिसमस के तहत बोइनपल्ली स्थित चर्च में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों में गिफ्ट पैकेट का वितरण किया गया। इसमें भाग लेते हुए चर्च के फोस्टर बी. मूर्ति, बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष व अन्य।

## अगर शिकारियों ने बिजली के तार लगाए तो कड़ी कार्रवाई होगी : डीएसपी

आसिफाबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद डीएसपी श्रीनिवास ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अगर शिकारियों ने जंगली जानवरों के लिए बिजली के तार लगाए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 हत्या का प्रयास, गैरजमानती मामले और पीडी एक्ट दर्ज किया जाएगा। जो बिना अनुमति के बिजली का उपयोग करते हैं और अधिकारियों की अनुमति के बिना चोरी-छिपे बिजली के तार लगाने के कारण दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसलिए कोई भी बिना अनुमति के बिजली के तार नहीं लगाए।

## ताडपत्र ग्रंथ व कागज की पांडुलिपियों के संग्रह के लिए अभियान शुरू



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् के दिशानिर्देशों के अनुसार भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान ने आयुर्वेद के ताडपत्र ग्रंथ एवं कागज की पांडुलिपियों के संग्रह के लिए वैद्यों से संपर्क अभियान चलाया। सीसीआरएएस के महानिदेशक डॉ. रबिनारायण आचार्य के मार्गदर्शन में डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक के प्रयत्न से आज ओडिशा के बेरहामपुर शहर के वैद्य अधिकारी शिशिरकांत मिश्रा और श्रीमती सस्मिता मिश्रा ने संयुक्त रूप से 6 वैद्य के तालपत्र ग्रंथ के साथ 02 लेखनी भी संस्थान को दान किया। कार्यक्रम में वैद्य अधिकारी शशिरकांत मिश्रा ने बताया कि कई लोगों ने इन तालपत्र ग्रंथों को संग्रह करने की इच्छा जताई, लेकिन केंद्र सरकार के इस संस्थान के ऊपर विश्वास औरपांडुलिपियों के संरक्षण एवं सही उपयोग के उम्मीद से उन्होंने ओडिशा से इतने दूर आकार ये दान करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में दाताओं को शाल एवं धन्वंतरि स्मृति चिन्ह तथा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वी. श्रीदेवी अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. साकेतराम अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. बिस्वरंजन दास अनुसंधान अधिकारी (होमियोपैथी) तथा पी. मुरली मनोहर, सहायक अनुसंधान अधिकारी (क्यूरेटर) सहित संस्थान के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।



मल्काराम, जवाहरनगर, खापरा मंडल स्थित श्री आईजी गौशाला में अमावस्या के अवसर पर गोसेवा एवं गोसेवार्थ अनुदान प्रदान करते हुए एवं अवसर पर आयोजित महाप्रसादी में प्रसाद ग्रहण करते हुए गौभक्त समाज बन्धु एवं महिलाएं।



शिव मंदिर गोशाला में अमावस्या पर गायों को चारा खिलाते हुए गोभक्त।




पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में मलकजगिरी में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन उप्पल के पूर्व विधायक एनवीएसप्रभाकर ने किया। इसमें ग्रेटर हैदराबाद शहर से 55 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया।



भारत रक्षा मंच के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नगर पधारने पर सत्यनारायण जटियां का स्वागत करते हुए भाजपा वायापाथरक प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश जाजू, भारत रक्षा मंच के भरत कुमार, अजय विजयवर्गीय।



अमावस्या पर सत्यम्-शिवम्-सुंदरम गौनिवास, गगन पहाड़ में गोसेवा करते हुए गो भक्त।

# अमावस्या पर भंडारा कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुंभ मेला अग्रवाल बंधु, अशोक फाउंडेशन के तत्वावधान में अमावस्या पर अशोक फाउंडेशन अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में भण्डारा चौक-रिकाब गंज में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती, देवी अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना के साथ पंकज कुमार अग्रवाल, रविंद्र नारनौली, श्रीनिवास, सुनील, राजू व अन्य कार्यकर्त्ता गणो की उपस्थिति में धूमधाम से धर्म की जय घोष के साथ आयोजित किया गया। अवसर पर पंकज कुमार अग्रवाल ने देश वासियों को आने वाले कोरोना महामारी संकट से लड़ने के लिए त्यार रहने को कहा तथा सामाजिक दूरी मास्क पहने जेसे नियमों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया।

## जनसेवा संघ आईडीए बोलाराम समिति की बैठक संपन्न



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जनसेवा संघ, आईडीए बोलाराम क्षेत्रीय इकाई की बैठक आईडीए बोलाराम क्षेत्र में क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंदर प्रसाद के नेतृत्व में आयोजन किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान चलाने, नवीनीकरण पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंदर प्रसाद ने सभी सदस्यों से संस्था के उद्देश्यों को पूरे क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जन सेवा सघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंदर प्रसाद, पिंटू सिंह, जय किशोर, मुन्ना खान, बहारण यादव, दीपक सिंह, कृष्णा सिंह, बंसी गुप्ता, मन्नू सिंह, श्याम राणा, विजय पाल, मुकेश, राजकुमार, नंदलाल, संतोष पांडेय, चंदन आदि उपस्थित हुए।



अमावस्या पर इमलीबन गौशाला में गोसेवा करते हुए एनआर लक्ष्मण राव, रजनी, नित्या पारीक, सूर्य शुक्ला, श्रीनिवास गुप्ता, काजल, आशीष, अनिरुद्ध, सतीश, पवन शिंदे और अन्य।



धम्माईगुडा में धार्मिक अमावस्या पर श्री आईजी गौशाला पूर्व अध्यक्ष स्व. कानाराम काग की पुण्य स्मृति में आयोजित अन्नदानम कार्यक्रम में उपस्थित नेमाराम, महेन्द्र, ओमप्रकाश काग, मंगलाराम लेरचा, राजस्थानी मित्र मंडल के डूंगाराम सोलंकी, मोटाराम बर्फा, नेमाराम पंवार, परबत सोलंकी, चन्द्रप्रकाश, करण गेहलोत, रमेश सीरवी, गणमतलाल, भींयाराम, श्रवणकुमार माली व अन्य।



इंजापुर स्थित डोंग्रेजी गौशाला में अमावस्या पर गायों गोसेवा करते हुए जाट समाज ट्रस्ट उपाध्यक्ष कैलाश सारण व अन्य।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## मोतिहारी में चिमनी ...

लोगों ने बताया कि चिमनी में इस साल का पहला फूंक हुआ था। जिसके लिए शुक्रवार शाम को भोज का आयोजन था। चिमनी करीब 2.30 बजे फूंका गया था। जिसकी खुशी में ग्रामीण व अन्य लोग वहां जामा थे। चिमनी से धुआं निकलते ही ब्लास्ट हो गया और उपरी हिस्सा करीब 30-40 फीट में टूटकर नीचे गिर गया। जिससे नीचे बैठे लोग उसके मलबे में दब गए।

घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में लोगों को रक्सौल एसआरपी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। सूचना के बाद घटनास्थल पर डीएम के साथ एसडीओ और एसडीपीओ पहुंचे हैं। अधिकारी बेतिया से एसडीआरएफ की टीम का इंतजार कर रहे हैं। उसके आने के बाद दबे हुए लोगों का रेस्क्यू शुरू किया जाएगा। चिमनी का बाकी आधा हिस्सा लटका हुआ है, इसकी वजह से वहां सभी डरे हुए हैं।

कई लोगों को रामगढ़वा हॉस्पिटल में भी भर्ती कराया गया तो बेहद गंभीर को रक्सौल के एसआरपी हॉस्पिटल में लाया गया। एक घायल ने बताया कि अचानक हुए धमाका से माहौल गमगीन हो गया। वहां 50-60 लोग काम कर रहे थे।

डीएम एसके अशोक ने बताया कि 8 लोगों की मौत हुई है। दस लोग के मिसिंग होने की संभावना है। रेस्क्यू टीम को लगाया गया है। प्रथम दृष्टीया चिमनी के कमजोर होने के कारण ब्लास्ट होकर टूटने की संभावना है। घटना की जांच कराई जाएगी।

मरने वालों में चिमनी मालिक मो. ईरशाद और नरिरगिर गांव निवासी अनिल बैठा की पहचान हुई है। अन्य मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। घायलों में चिमनी पार्टनर नूरूल हक के साथ कर्मी अमरेश कुमार, मुकेश राम, आलमगीर, अब्दुल हक, अजय कुमार एवं राकेश कुमार का इलाज रक्सौल के एसआरपी अस्पताल में चल रहा है। इसमें सबकी हालत गंभीर बनी हुई है। सभी को आईसीयू में रखा गया है।

## नेजल कोरोना...

नेजल वैक्सीन वो होती है जिसे नाक के जरिए दिया जाता है। क्योंकि ये नाक के जरिए दी जाती है इसलिए इसे इंट्रानेजल वैक्सीन कहा जाता है। यानी इसे इंजेक्शन से देने की जरूरत नहीं है और न ही ओरल वैक्सीन की तरह ये पिलाई जाती है। यह एक तरह से नेजल स्प्रे जैसी है।

कोरोनावायरस समेत कई माइक्रोब्स (सूक्ष्म वायरस) म्युकोसा (गीला, चिपचिपा पदार्थ जो नाक, मुंह, फेफड़ों और पाचन तंत्र में होता है) के जरिए शरीर में जाते हैं। नेजल वैक्सीन सीधे म्युकोसा में ही इम्यून रिस्पॉन्स पैदा करती है।

यानी, नेजल वैक्सीन वहां लड़ने के लिए सैनिक खड़े करती है जहां से वायरस शरीर में घुसपैठ करता है। नेजल वैक्सीन आपके शरीर में इम्युनोग्लोबुलिन ए (आईजीए) प्रोड्यूस करती है। माना जाता है कि आईजीए इंफेक्शन को अर्ली स्टेज में रोकने में ज्यादा कारगर होता है। ये इंफेक्शन रोकने के साथ-साथ ट्रांसमिशन को भी रोकता है।

देश में अब तक 8 वैक्सीन को मंजूरी मिल चुकी है। ये सभी इंट्रामस्कुलर वैक्सीन हैं, यानी इन्हें इंजेक्शन के जरिए दिया जाता है। वहीं, बीबीवी154 इंट्रानेजल वैक्सीन है। अगर इसे मंजूरी मिलती है, तो ये देश की पहली इंट्रानेजल वैक्सीन होगी। अभी देश में स्पूतनिक, कोवीशील्ड और कोवैक्सीन लगाई जा रही है। ये तीनों वैक्सीन डबल डोज वैक्सीन हैं। बीबीवी154 को केवल एक बार ही दिया जाएगा।

इस समय भारत में लग रही वैक्सीन के दो डोज दिए जा रहे हैं। दूसरे डोज के 14 दिन बाद वैक्सीनेट व्यक्ति सेफ माना जाता है। ऐसे में नेजल वैक्सीन 14 दिन में ही असर दिखाने लगती है।

## सेना का ट्रक खाई...

हादसे के दौरान वे भारत-चीन बॉर्डर पर प्रैक्टिस कर रहे थे। सिक्किम के नामची जिले के रावंग्ला के रहने वाले 40 साल के लघ्याल 22 साल के अनुभव वाले पैराशूट जंपर थे। वे 8 साल से विकास रेजिमेंट से जुड़े थे।

24 जून को फर्स्ट बटालियन सिक्किम स्काउट्स के दो जवानों की सिक्किम के जुलुक में सड़क हादसे में मौत हुई थी। जवानों के नाम लांस नायक मनोज छेत्री और नायब सुबेदार सोम बहादुर सुब्बा था। दोनों जवान जुलुक में काम कर रहे मजदूरों को लेने जा रहे थे, जब धुंध के चलते वाहन 300 फीट नीचे गिर गया।

21 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियान्ग जिले में सेना का हेलिकॉप्टर 'रुद्र' क्रैश होने से 5 जवानों की जान चली गई। हादसा टूटिंग हेडक्कार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ है। जहां ये हादसा हुआ है वो एरिया सड़क मार्ग से कनेक्टेड नहीं है।

# मीरपुर टेस्ट में भारत 80 रन से आगे

## दूसरी पारी में बांग्लादेश 7/0, टीम इंडिया पहली पारी में 314 रन पर सिमटी

मीरपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने पहली पारी के आधार पर 87 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम 314 रन के स्कोर पर ऑलआउट हुई। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 93 रन बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 87 रन की पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से ताइजुल इस्लाम और शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

जवाब में बांग्लादेश ने दूसरे दिन के स्टंप्स तक बिना विकेट खोए 7 रन बना लिए हैं। इस तरह भारत के पास अब भी 80 रन की बढ़त है। भारत की ओर से पंत और अय्यर के अलावा विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा ने 24-24 रन जोड़े। शुभमन गिल 20 और कप्तान केएल राहुल 10 रन बनाकर आउट हुए। पहले दिन बांग्लादेशी टीम पहली पारी में 227 रनों पर आउट हो गई।


मजबूत साझेदारी
रन: 159 | गेंद: 182
अय्यर : 78 (94) | पंत : 79 (88)

ऋषभ पंत ने अपना 11वां टेस्ट अर्धशतक जमाया। वे छठा शतक चूक गए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 5वां अर्धशतक जमाया। वे दूसरा शतक चूक गए। दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 159 रनों की पार्टनरशिप हुई। दिन का पहला सेशन मेजबान टीम के गेंदबाज तैजुल इस्लाम के नाम रहा। तैजुल ने भारतीय टीम के टॉप-3 बल्लेबाजों को चलता कर दिया। उन्होंने कप्तान केएल राहुल (10), शुभमन गिल (20) और चेतेश्वर पुजारा (24) के विकेट लिए। लंच तक टीम इंडिया का स्कोर 86/3 रहा। दूसरा सेशन पूरी तरह भारतीय बल्लेबाजों के नाम रहा। इसमें भारतीय बल्लेबाजों ने 140 रन बनाए। जबकि पहले सेशन में तीन विकेट चटकाने वाले बांग्लादेशी गेंदबाज विकेट के लिए तरसते नजर आए। सिर्फ एक सफलता तस्कीन अहमद को मिली। टी ब्रेक के बाद टीम इंडिया का स्कोर चार विकेट पर 226 रन था। इस सेशन में ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर का जलवा रहा।

इस सेशन में बांग्लादेशी गेंदबाजों का जलवा रहा। हालांकि 95 रन भी बने। सेशन की शुरुआत टीम इंडिया के स्कोर 226/4 से हुई। शाम होते-होते भारतीय टीम 314 रन पर ऑलआउट हो गई। फिर दूसरी पारी में बांग्लादेश ने बिना विकेट गंवाए 7 रन जोड़े। इससे पहले, टीम इंडिया ने इस सेशन में 88 रन बनाने में आखिरी के 6 विकेट खो दिए। इनमें अर्धशतक बना चुके ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर भी शामिल हैं।


पहले सेशन में अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (24) ने टेस्ट में 7 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उनके 7,008 रन हो गए हैं। पुजारा ने 167 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है। पुजारा ने अपना नाम सचिन तेंदुलकर, राहुल द्राविड़, सुनील गावस्कर, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली, सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों के साथ जोड़ लिया है।

# आईपीएल मिनी ऑक्शन: नीलामी इतिहास में सबसे महंगे सैम करन; पूरन सबसे कीमती विकेटकीपर

कोच्चि, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी के इतिहास में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कोच्चि में चल रहे आईपीएल मिनी ऑक्शन में 24 साल के करन को 18.50 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स ने खरीदा।

शुक्रवार दोपहर ढाई बजे शुरू हुए मिनी ऑक्शन में 87 खिलाड़ी खरीदे जाने हैं। 4 घंटे में 37 खिलाड़ी ही खरीदे गए हैं। इनमें 18 विदेशी हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने 206.5 करोड़ में से 139.90 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। अभी फ्रेंचाइजियों के पास 66.6 करोड़ की रकम बची है।

सैम करन आईपीएल ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। पंजाब ने उन्हें 18.50 करोड़ रुपए में खरीदा। सबसे महंगे प्लेयर का पिछला रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के क्रिस मॉरिस के नाम था। उन्हें 16.25 करोड़ रुपए मिले थे। हालांकि करन IPL इतिहास में सबसे अधिक रकम पाने वाले खिलाड़ी नहीं हैं।




आईपीएल नीलामी इतिहास में एक और रिकॉर्ड बना। विकेटकीपर के तौर पर अब तक सबसे महंगे बिकने वाले वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन हैं। उन्हें 16 करोड़ में हैदराबाद ने खरीदा। इससे पहले सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले विकेटकीपर मुंबई के ईशान किशन (15.25 करोड़) थे। बॉलिंग ऑलराउंडर्स पर सबसे ज्यादा बोली लगी। उम्मीद के मुताबिक मिनी ऑक्शन में फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। 30 मिनट में इन ऑलराउंडर्स ने 59 करोड़ रुपए बटोर लिए। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सैम करन को सबसे ज्यादा 18.50 करोड़ रुपए में पंजाब ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपए में अपने नाम किया। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ रुपए मिले। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। जेसन होल्डर को राजस्थान रॉयल्स ने 5.75 करोड़ रुपए में खरीदा।

अनकैप्ड खिलाड़ियों के ऑक्शन में जम्मू-कश्मीर के विव्रांत शर्मा पर लगी बोली ने सबको सरप्राइज कर दिया। लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी करने में सक्षम विव्रांत को सनराइजर्स ने 2.6 करोड़ रुपए में खरीदा। अनकैप्ड तेज गेंदबाज शिवम मावी को भी टाइटंस ने 6 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके अलावा बंगाल के पेसर मुकेश कुमार को 5.50 करोड़ में दिल्ली ने खरीदा।

# 90 मीटर फेंके बिना छाए, नीरज चोपड़ा ने एक नहीं कई रिकॉर्ड बनाए

खेल डेस्क, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 2022 में स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि पिछले साल ओलिंपिक में उनका गोल्ड मेडल कोई तुक्का नहीं था

पिछले साल टोक्यो में हुए ओलिंपिक खेलों में गोल्ड जीतने के बाद नीरज चोपड़ा रातों-रात स्टार बन गए. नीरज का इतिहास रचने का सिलसिला इस साल भी कायम रहा. देश के लिए मेडल और खिताब जीतने के बीच वह चोट से जूझते नजर भी आए लेकिन फिर भी उनका हौंसला कम नहीं हुआ.

नीरज ने इसी साल हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता. वह अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीता. हालांकि अंजू ने




ब्रॉन्ज मेडल जीता था जबकि नीरज सिल्वर जीतने में कामयाब रहे और नया रिकॉर्ड कायम किया.

वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान ही नीरज चोपड़ा चोटिल हो गए थे. चोट की वजह से अगस्त महीने में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं ले सके. उनके पास यहां अपना खिताब बचाने का मौका था. ऐसा लगने लगा था कि शायद नीरज डायमंड लीग में हिस्सा नहीं ले पाएंगे लेकिन वह फिट होकर मैदान पर लौट आए.

नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में भी इतिहास रचा. चोट के कारण पिछड़ने के बावजूद उन्होंने न सिर्फ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया बल्कि खिताब भी अपने नाम किया. नीरज इसी साल डायमंड लीग जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने.

साल का अंत होते-होते नीरज फिर सुर्खियों में छा गए. नीरज चोपड़ा पर साल 2022 में विश्व में सबसे ज्यादा आर्टिकल लिखे गए. उन्होंने इस मामले में उसेन बोल्ट को पीछे छोड़ा जो पिछले कई साल से पहले नंबर पर कायम थे.

# स्पैम मेल से परेशान बीसीसीआई

## सिलेक्टर्स के लिए तेंडुलकर, धोनी और सहवाग के रिज्यूमे भी मिले; इंजमाम भी बनना चाहते हैं चयनकर्ता

मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बीसीसीआई सीनियर टीम के लिए नेशनल सिलेक्शन कमेटी बनाने के प्रॉसेस में जुटी है। बोर्ड के लिए यह काम आसान नहीं है, लेकिन कुछ शरारती लोग इस मौके को भी मजाक के तौर पर ले रहे हैं। बीसीसीआई के अफसरों ने जब सिलेक्शन कमेटी के लिए आए एप्लिकेंट्स की खोज के लिए ईमेल बॉक्स चेक किया तो वो हैरान रह गए। दरअसल, इस मेल बॉक्स में सचिन तेंडुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और वीरेंद्र सहवाग के नाम से भी रिज्यूमे भेजे गए थे। हद तो तब हो गई जब टीम इंडिया के सिलेक्टर बनने की रेस में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक का नाम भी मिला। हालांकि, यह सभी स्पैम मेल थे। लिहाजा इनकी कोई अहमियत नहीं थी।

पीटीआई ने इस मामले की


लीजेंड्स के नाम पर मजाक

जानकारी दी है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक- कुछ लोग स्पैम मेल के जरिए बोर्ड से मजाक करना चाहते थे और इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। बीसीसीआई को अब तक करीब 600 ईमेल मिले हैं। इनमें से कुछ फेक ईमेल IDs से भेजे गए हैं। इनमें ही मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर, कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी और मुल्तान के सुल्तान वीरेंद्र के नाम से हैं। सबसे रोचक मामला तो पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और बेहतरीन बैटर इंजमाम उल हक का है। वैसे, इंजमाम पाकिस्तान टीम के चीफ सिलेक्टर रह चुके हैं। उस दौर में उन पर सिलेक्शन में भाई-भतीजावाद चलाने का आरोप लगा था। उनके भतीजे इमाम उल हक को पाकिस्तान टीम में शामिल किया गया था। इमाम अब तक टीम में हैं।

बीसीसीआई की नेशनल सिलेक्शन कमेटी में चीफ सिलेक्टर के अलावा चार और मेंबर होंगे। इसके लिए पहले 10 नाम शॉर्ट लिस्ट किए जाएंगे। बोर्ड के एक अफसर ने कहा- कुछ लोग सिलेक्शन कमेटी के नाम पर मजाक कर रहे हैं। इससे हमारा वक्त बर्बाद होता है। हालांकि, हम अपना काम गंभीरता से कर रहे हैं और जल्द ही 10 नामों का एक पूल तैयार कर लेंगे। सीएसी इनमें से 5 नाम फाइनल करेगी।

सीएसी में तीन मेंबर्स हैं। इनके नाम हैं- अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नायक। ये तीनों ही सिलेक्शन कमेटी का गठन करेंगे।

# कुलदीप को बैठाने पर क्रिकेट एक्सपर्ट्स का निकला गुस्सा

## टीम मैनेजमेंट से पूछा- उनके साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है?

खेल डेस्क, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की प्लेइंग-11 से स्पिनर कुलदीप यादव को ड्रॉप कर दिया। उन्हें ड्रॉप करने पर कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स का गुस्सा फूट पड़ा। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर विश्वास नहीं हो रहा, अगर एक स्पिनर को ड्रॉप करना था तो अश्विन या अक्षर को क्यों नहीं किया?

कुलदीप ने पहले टेस्ट में 8 विकेट लेने के साथ बल्ले से 40 रन भी बनाए थे। पहली पारी में उन्होंने 5 विकेट लिए थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। लेकिन, अगले ही मैच में बैठा दिया गया। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के केविन पीटरसन समेत 2 प्लेयर्स के साथ भी ऐसा हो चुका है। जब उन्हें सीरीज में प्लेयर ऑफ द मैच मिलने के अगले ही मैच में बैठा दिया गया। इंग्लैंड के बल्लेबाज केविन पीटरसन को नियमों के खिलाफ जाने की वजह से बाहर कर दिया गया था। 2012 में साउथ अफ्रीका दौरे के दूसरे टेस्ट में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। लेकिन, तीसरे टेस्ट में उन्हें बाहर बैठना पड़ा।

साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर पैट सिमकोक्स को 1997-98 में प्लेयर ऑफ द मैच होने के बाद भी अगले मैच से हटा दिया गया था। दरअसल, वह एक बॉलर थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच बैटिंग की वजह से मिला था। साउथ अफ्रीकी टीम को अगले मैच में गेंदबाज की जरूरत थी। इसी कारण उन्होंने सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर लांस क्लूजनर को पैट की जगह चुना था।

पाकिस्तान के ऑलराउंडर इजाज फकीह 1986-87 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ 8वें नंबर पर उतरते हुए शतक जड़ा था। इसके लिए वह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। लेकिन, गेंदबाजी में अच्छा नहीं करने की वजह से उन्हें बैंगलोर टेस्ट से हटा दिया गया। पाकिस्तान ने उनकी जगह स्पेशल स्पिनर को टीम में शामिल किया था।


गावस्कर-भोगले ने किया कुलदीप का सपोर्ट

पीटरसन नियम उल्लंघन के कारण और बाकी 2 प्लेयर्स को अपने स्ट्रॉन्ग स्किल सेट में अच्छा नहीं करने के निकाला गया। लेकिन, कुलदीप ने पहले टेस्ट में ऐसा कुछ भी नहीं किया, जिस कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद भी निकाल दिया जाए।

गुरुवार को ट्विटर पर क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने कुलदीप को टीम से ड्रॉप करने पर गुस्सा जाहिर किया। इनमें हर्षा भोगले समेत सुनील गावस्कर और अन्य कई एक्सपर्ट्स भी शामिल थे। हर्षा भोगले ने ट्विटर पर कहा कि कुलदीप के लिए इस तरह ड्रॉप होना कठिन होगा, लेकिन इस संघर्ष से वे और मजबूत बनेंगे। कुलदीप और विकेट लेंगे।

भारत के पूर्व क्रिकेटर डोडा गणेश ने कहा कि, कुलदीप के साथ ही ऐसा क्यों होता है। आप उनके साथ हमेश ऐसा नहीं कर सकते। मैनेजमेंट को कुलदीप का मनोबल बढ़ाना चाहिए और उनकी हौसला अफजाई करनी चाहिए। कुलदीप यादव होना वाकई में मुश्किल है।

### अजय जडेजा बोले- वजह वाजिब नहीं, अंजुम चोपड़ा ने कहा- हैरान हूं

अजय जडेजा और अंजुम चोपड़ा इस टेस्ट में कॉमेंट्री कर रहे हैं। सुबह जब प्लेइंग-11 घोषित हुई तो अंजुम ने कहा- मैं हैरान हूं कि कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया। यह फैसला समझ से परे है। वहीं, अजय जडेजा ने कहा कि बिना वजिब वजह के किसी खिलाड़ी को कैसे बाहर किया जा सकता है? आखिर कैसे उन्हें यह खबर बताई गई होगी?

### कप्तान का लॉजिक- पेसर चाहिए, इसलिए कुलदीप की जगह उनादकट

चोटिल रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में केएल राहुल इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। दूसरे टेस्ट के टॉस के वक्त उन्होंने कहा कि यह पिच फास्ट बॉलर्स के लिए ज्यादा मददगार दिख रही है। इसलिए तीन फास्ट बॉलर्स को शामिल करने का फैसला किया गया। इस स्थिति में कुलदीप की प्लेइंग-11 में जगह नहीं बनती है। कुलदीप की जगह बाएं हाथ के मीडियम पेसर जयदेव उनादकट को टेस्ट खेलने का मौका मिल गया।

### कुलदीप की जगह उनादकट को मौका

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत ने कुलदीप यादव की जगह जयदेव उनादकट को शामिल किया गया। उनादकट भारत के लिए दूसरा ही टेस्ट मैच खेल रहे हैं। पहला टेस्ट उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2010 में खेला था। उन्होंने 12 साल बाद भारतीय टीम में कमबैक किया है। उन्होंने पहले दिन 2 विकेट भी लिए।

# सऊदी के रेगिस्तान में विंटर गेम्स की तैयारी

## रेत में सालभर जमी रहेगी बर्फ... क्योंकि इसके बाद टूरिज्म से होगी कमाई

रियाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब के रेगिस्तान में अब आप दिन में भी ठिठुरेंगे। यहां साल के 12 महीने बर्फ जमी रहेगी। एक कृत्रिम झील भी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले महल जैसे घर भी होंगे। 60 वर्ग किलोमीटर में तैयार हो रहे इस स्कीइंग रिजॉर्ट में होटल्स के 3600 कमरे और 2200 घर होंगे। रेगिस्तान में पहाड़ों के बीच बर्फ से बन रहा यह स्वर्ग नियोम सिटी है और परियोजना का नाम है ट्रोजेना। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से 33 गुनी बड़ी होगी।

### सऊदी अरब में होंगे एशियन विंटर गेम्स 2029

कतर के बाद अब सऊदी अरब में एशियन विंटर गेम्स 2029 की तैयारी चल रही है। दरअसल, दोहा में फीफा वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के बाद अरब देशों की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं की आयोजन क्षमता पर किसी को शक नहीं रहा। फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन 18.19 लाख करोड़ रुपए में किया गया था।

वहीं सऊदी अरब अपनी ट्रोजेना परियोजना पर दोगुने से ज्यादा 41.35 लाख करोड़ रुपए खर्च


रेगिस्तान के पहाड़ों के बीच बर्फ

कर रहा है। इसके 2026 तक तैयार होने की उम्मीद है। इसके 3 साल बाद 2029 में यहां एशियन विंटर गेम्स का आयोजन होगा। यहां साल भर स्कीईंग और दूसरे विंटर स्पोर्ट्स खेले जा सकेंगे। लोग यहां छुट्टियां मनाने भी आएंगे। इसे 6 जिलों में बांटा गया है।

### टूरिस्ट्स के लिए 4 अलग-अलग मौसम होंगे

इन जिलों को एक्सप्लोर, डिस्कवर, गेटवे, वैली, रिलेक्स और फन नाम दिया गया है। जैसा कि नाम से ही साफ है कि इन अलग-अलग जिलों में अलग-अलग आकर्षण हैं और कोई भी अपने मूड के हिसाब से इनमें जा सकता है। इसमें एक वॉल्ट जोन भी होगा, एक तरह का वर्टिकल विलेज। इसमें रेस्त्रां और खरीदारी के लिए ब्रांडेड दुकानें होंगी। आप 1500 से 2600 मीटर के पहाड़ों की ऊंचाई पर भी हैं, तो यहां तक तुरंत पहुंच सकते हैं। यहां 4 अलग-अलग मौसम तय किए गए हैं। सितंबर से नवंबर तक यहां आयुर्वेद से लेकर पंचकर्म के अलावा योग की भी व्यवस्था रहेगी।

दिसंबर से मार्च तक यहां स्कीइंग, स्नो बोर्डिंग, आइस स्केटिंग, विंटर फैशन वीक, फिल्म व म्यूजिक फेस्टिवल आयोजित होंगे। मई से सितंबर तक एडवेंचर सीजन में माउंटेन क्लाइंबिंग, बाइकिंग, हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग और एडवेंचर ट्राइथलॉन होगा। आर्ट फेयर्स, म्यूजिक एंड फूड फेस्टिवल और कल्चरल वीक का आयोजन भी होगा।

### तेल के बाद पर्यटन की अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की तैयारी

दुनियाभर में वैकल्पिक ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच तेल पर निर्भरता कम होती जा रही है। ऐसे में सऊदी अरब अपने यहां पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। उम्मीद है कि ट्रोजेना परियोजना से 2030 तक सऊदी अरब को 8.3 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा और 10 हजार नई नौकरियां भी।

# जॉर्डन पहली बार स्पोर्ट्स-फैशन को साथ लाए

## ब्रांड बनकर उभर रहे हैं खिलाड़ी, इसने उन्हें करियर का नया विकल्प उपलब्ध कराया

खेल डेस्क, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। फैशन और स्पोर्ट्स दुनिया में तेजी से उभर रहे हैं। 2022 में सोशल मीडिया के कारण स्पोर्ट्स और फैशन पहले से और भी पास आए हैं। 18 दिसंबर को वर्ल्ड कप फाइनल से दो दिन पहले कतर में 974 स्टेडियम में एक फैशन शो हुआ, जिसमें दुनियाभर के 50 देशों से 150 डिजाइनर आए थे। ये सिर्फ एक उदाहरण है दोनों इंडस्ट्री के साथ जुड़ने का।

वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ दिन पहले बास्केटबॉल टीम न्यूयॉर्क निक्स ने स्ट्रीट वियर और जूते बनाने के लिए मशहूर किथ कंपनी



के मालिक रॉनी फीग को अपना क्रिएटिव डायरेक्टर नियुक्त किया। एरिजोना कोयोट्स नाम की आइस हॉकी टीम ने लॉस एंजिलिस में पुरुषों के कपड़े बनाने के लिए मशहूर कंपनी रूड के मालिक रुइगी विल्लासेनोर को क्रिएटिव स्ट्रेटजिस्ट नियुक्त किया।

फैशन की दुनिया के बड़े सितारे धीरे-धीरे स्पोर्ट्स की दुनिया में अपने लिए एक मुकाम हासिल कर रहे हैं। इसी तरह स्पोर्ट्स के सितारे भी फैशन की दुनिया में कायम हो रहे हैं। सेरेना विलियम्स ने टेनिस को अलविदा कहा। सितंबर में वह वोग वर्ल्ड शो के लिए मॉडलिंग करती नजर आईं। वोग ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना को दिसंबर अंक के कवर पर रखा है। रुइगी विल्लासेनोर स्पोर्ट्स और फैशन के जुड़ाव को लेकर बताते हैं कि दोनों ही इंडस्ट्री रचनात्मकता और अपने काम को सही ढंग से करने के लिए जानी जाती हैं। स्टार और ब्रांड की तैयारी अमेरिकी रग्बी खिलाड़ी टॉम ब्रैडी बताते हैं, 'माइकल जॉर्डन ने खुद को ब्रांड में बदला, जिसके बाद अन्य खिलाड़ियों को भी स्पोर्ट्स और फैशन के साथ कैसे एक ब्रांड बनना है, इसकी समझ होने लगी।' जॉर्डन के बाद डेविड बेकहम, वीनस, फेडरर, विराट कोहली और नाओमी ओसाका जैसे अन्य खिलाड़ियों के लिए एक नया रास्ता खोला।

# जोफ्रा आर्चर की 22 महीनों बाद क्रिकेट में वापसी

## अफ्रीका दौरे की टीम में चुने गए; 2023 का आईपीएल भी खेलते दिखेंगे

खेल डेस्क, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की एक साल 10 महीनों बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी होने जा रही है। उन्हें साउथ अफ्रीका दौरे पर इंग्लैंड के 14 खिलाड़ियों की टीम में चुना गया है। आर्चर ने मार्च 2021 में भारत के खिलाफ आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। यह एक टी-20 मैच था। इस वापसी ने उन्हें 2023 का IPL खेलने के लिए भी उपलब्ध बना दिया। वह इंजरी के चलते लंबे समय तक क्रिकेट से दूर हो गए थे।

जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम 27 जनवरी से साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे खेलेगी। सीरीज के 14 प्लेयर्स की लिस्ट में आर्चर का भी नाम है। उनके साथ हैरी ब्रूक, बेन डकेट, रीस टॉप्ले जैसे प्लेयर्स के नाम भी हैं। इंजर्ड लियाम लिविंगस्टन को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में जो रूट को बाहर कर डेविड मलान को शामिल किया गया है। साथ ही टी-20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर रहे आउट ऑफ फॉर्म जेसन रॉय को भी टीम में चुना गया है। इस सीरीज




से पहले आर्चर साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग में एमआई केपटाउन की तरफ से 2 मैच खेलेंगे। मार्च 2021 में आर्चर को कोहनी में चोट लगी थी। इस चोट के बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। इसके बाद उन्हें पीठ में खिंचाव महसूस होने लगा। इंग्लैंड क्रिकेट ने इसकी सर्जरी भी कराई। 2 सर्जरी के बाद पूरी तरह रिकवर होने में आर्चर को करीब 21 महीनों का टाइम लग गया।

उन्होंने इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे से पहले नवंबर में इंग्लैंड-A के लिए 4 दिवसीय मैच भी खेला था। जिसमें उन्होंने कुछ ओवर्स बॉलिंग भी की थी। ऐसे में फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद उनका सिलेक्शन किया गया है।

आर्चर 2019 की वर्ल्ड कप विनिंग इंग्लैंड टीम का हिस्सा भी थे। उन्होंने टूर्नामेंट में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 20 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के लिए अब तक 17 वनडे में वह 30 विकेट ले चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 4.74 के इकोनॉमी रेट से ही रन दिए।

# अचानक धंसा सड़क, जान बचाने के लिए मची अफरा-तफरी

## जमीन के अंदर गये वाहन व सब्जी के ठेले






हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर की एक सड़क अचानक कारों, सब्जी के ठेलों और बाइकों को निगलने लगी। सामान्य तौर पर सड़क पर अपने कामकाज से निकले लोगों में जान बचाने के लिए अफरा-तफरी मच गई। सड़क के अचानक धंसने के कारण लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला। शुक्रवार को सामान्य रूप से गोशामहल विधानसभा क्षेत्र के चकनावाड़ी इलाके में अपने कामकाज में जुटे हुए थे। दुकाने खुली हुई थी और सड़क के किनारे सब्जी के ठेले आदि लगे हुए थे। सड़क पर काफी भीड़ भी थी। लोग खरीददारी में जुटे हुए थे। दोपहर के समय अचानक काफी दूर तक सड़क का एक हिस्सा जमीन में धंस गया। सड़क के धंसते ही लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। काफी देर तक लोगों को समय नहीं आया कि क्या हुआ है। सड़क के आस-पास खड़े वाहन और सामान सड़क के साथ जमीन में बने धंस गए। कई चार पहिया वाहन, दोपहिया वाहन और अन्य सामान जमीन के अंदर चले गए। हालांकि कुछ सड़क बहुत अंदर तक नहीं धंसी। इससे वाहन और सामान ऊपर दिखाई दे रहे थे। ठेले पर लगी सब्जी आदि सामान का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि कई लोग मामूली रूप से जख्मी हुए है। हलांकि जीएचएमसी की ओर से समाचार लिखे जाने तक को बयान नहीं आया है। नागरिका का आरोप है कि निर्माण के चलते सीवर बंद होने से सड़क धंस गई। बताया जा रहा है कि सीवेज बंद कर दिया गया था, जिससे गैस जमा हो गई और बाद में सड़क को कमजोर कर दिया। सड़क धंसने से किसी को चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि नाले पर सड़क बनाई गई है। नाले के आसपास दुकान बनाने के कारण भार बढ़ना भी सड़क टूटने का एक कारण बताया जा रहा है।

# नकली जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के गिरोह का पर्दाफाश

**चार गिरफ्तार, 243 नकली जन्म प्रमाणपत्र बरामद**



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी कमिश्नर टास्क फोर्स, साउथ जोन की टीम ने मोगलपुरा पुलिस के साथ मिलकर नकली जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोग बिना प्रक्रिया का पालन किए जरूरतमंद लोगों को जन्म प्रमाण पत्र मुहैया करा रहे हैं और उनसे बड़ी रकम वसूल कर रहे हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से हैदराबाद में विभिन्न सर्किलों के 243 नकली जन्म प्रमाण पत्र, (1) थंब स्कैनर, 1 सीपीयू, 1 मॉनिटर, 1 प्रिंटर, 4 सेल फोन बरामद हुआ है। पुलिस उपायुक्त, दक्षिण क्षेत्र (एलएंडओ), हैदराबाद पी. साई चैतन्य ने बताया कि हैदराबाद के मोहम्मद इब्राहिम, शेख अमीर, एमडी शाहबाज, मोहम्मद शाहनवाज़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जीएचएमसी के मानदंडों के अनुसार, बच्चे के जन्म के बाद संबंधित अस्पताल प्राधिकरण माता-पिता के आईडी प्रूफ एकत्र करता है और फॉर्म-ए के माध्यम से बच्चे के जन्म का विवरण नगरपालिका वार्ड कार्यालय में जमा करता है। इसका विवरण वार्ड कार्यालय के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज किया जा सकता है। आवेदक मी सेवा या नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने का हकदार है। उचित सत्यापन के बाद संबंधित सर्कल एएमओएच जन्म प्रमाण पत्र जारी करेगा। यदि जीएचएमसी रिकॉर्ड में बच्चे का जन्म विवरण उपलब्ध नहीं है, तो आवेदक को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट से गैर-उपलब्धता प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए और विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश को जन्म प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए मी सेवा केंद्र में जमा करना होगा। मोगलपुरा की सीमा में सुल्तान शाही में 'आईए खिदमते मी सेवा' के नाम से मी सेवा केंद्र चलाने वाले सुल्तान शाही निवासी मोहम्मद इब्राहिम ने आरोपी शेख अमीर, एमडी शाहबाज, मोहम्मद शाहनवाज़ के साथ सांठगांठ की। सभी आरोपी जीएचएमसी के अधिकारियों को अंधेरे में रखकर आवेदकों से अच्छी खासी रकम वसूल करते थे और अवैध रूप से जन्म प्रमाण पत्र जारी करते हैं। अब तक उन्होंने जून-2022 तक लगभग 3000 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए।



# आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी और सीईओ चंदा कोचर अरेस्ट

**लोन फ्रॉड केस में चंदा के पति दीपक भी गिरफ्तार**

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। लोन फ्रॉड केस में शुक्रवार को सीबीआई ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी और सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, चंदा पर बैंक के पॉलिसी और रेगुलेशन के खिलाफ जाकर करोड़ों रुपये का लोन देने का आरोप है। चंदा उस कमेटी का हिस्सा रहीं जिसने 26 अगस्त 2009 को बैंक द्वारा वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स को 300 करोड़ रुपये और 31 अक्टूबर 2011 को वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 750 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दी थी। आरोपों के बाद 59 साल की चंदा ने अक्टूबर 2018 में आईसीआईसीआई बैंक के सीईओ और एमडी के पद से इस्तीफा दे दिया था। मई 2020 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चंदा कोचर और उनके पति से करोड़ो रुपये के लोन और इससे जुड़े अन्य मामलों में पूछताछ की थी। इस मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद ईडी ने चंदा कोचर के पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था। दरअसल, वीडियोकॉन समूह के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत के चंदा कोचर के पति दीपक कोचर के साथ व्यापारिक तौर पर अच्छे संबंध रहे। यही वजह रही कि वीडियोकॉन ग्रुप की मदद से जो कंपनी बनी उसे दीपक कोचर के पिनैकल एनर्जी ट्रस्ट के नाम कर दिया गया। वेणुगोपाल धूत ने दीपक कोचर की इसी कंपनी के जरिए मोटी रकम का हेरफेर किया।

# एससीआर जीएम ने वैगन वर्कशॉप का वार्षिक निरीक्षण किया



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने शुक्रवार को वैगन वर्कशॉप, रायनपाडु का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जे.के. जैन, प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर, एस श्रीनिवास, चीफ वर्कशॉप मैनेजर, रायनपडु और अन्य वरिष्ठ अधिकारी थे। महाप्रबंधक ने वैगन वर्कशॉप में निरीक्षण की शुरुआत की और काम के माहौल में हिंदी भाषा के उपयोग में जागरूकता पैदा करने और बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने एमएंडजी स्टोर्स, स्ट्रिपिंग शॉप, बीसीएनएचएल डोर रिपेयर सेक्शन, कंपोनेंट शॉप और जीरो बे-आरएच वैगनों का निरीक्षण किया। अरुण कुमार जैन ने बे-1 में 20 टन ईओटी क्रेन का उद्घाटन किया। बाद में उन्होंने बे-1 से 5, सीबीसी सेक्शन, बोगी शॉप और व्हील शॉप का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने प्रशासनिक भवन में ट्रेड यूनियनों से बातचीत की। उन्होंने पर्यावरण को हराभरा बनाने के लिए पौधारोपण भी किया। बाद में, महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ एक प्रदर्शन समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने चर्चा की और वैगन कार्यशाला की आगे की विकास योजनाओं पर अधिकारियों को सलाह दी।

# बीआरएस ने पूरे तेलंगाना में किया विरोध प्रदर्शन

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने शुक्रवार को तेलंगाना में सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें तेलंगाना में मनरेगा फंड के डायवर्जन पर केसीआर सरकार के खिलाफ केंद्र सरकार के दुर्भावनापूर्ण और गलत सूचना अभियान का आरोप लगाया गया। मंत्रियों, विधायकों, एमएलसी, अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अपने-अपने जिलों में विरोध कार्यक्रमों में भाग लिया और तेलंगाना राज्य के प्रति भेदभाव दिखाने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन का आयोजन बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव द्वारा पार्टी कैडर को दिए गए आह्वान के बाद किया गया था, जब केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को फसल सुखाने वाले प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए मनरेगा के तहत खर्च किए गए 152 करोड़ रुपये वापस करने के लिए नोटिस दिया था।




स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com



## अमराबाद टाइगर रिजर्व में छोड़ा हेट्रो फार्मा में पकड़ा गया तेंदुआ

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी के काजीपल्ली में हेटेरो ड्रग्स लिमिटेड की निर्माण इकाई में पकड़े गए तेंदुए को गुरुवार रात अमराबाद टाइगर रिजर्व में छोड़ दिया गया। ज्ञात हो कि चार वर्षीय नर तेंदुआ संगारेड्डी में हेटेरो ड्रग्स यूनिट में घुस गया और वन अधिकारियों और चिड़ियाघर के अधिकारियों ने जंगली बिल्ली को पकड़ लिया। अधिकारियों ने तेंदुए को नेहरू जूलॉजिकल पार्क, हैदराबाद में स्थानांतरित कर दिया और इसे तीन दिनों तक चिकित्सा निगरानी में रखा गया। गुरुवार को, वन अधिकारियों ने कहा कि जानवर स्वस्थ था और इसे अमराबाद टाइगर रिजर्व में छोड़ दिया।

## पीवी नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि मनाई गई

विजयवाड़ा, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी की राज्य इकाई ने आज विजयवाड़ा में आंध्र रत्न भवन में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि मनाई। पार्टी नेताओं ने पीवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए, पार्टी के नेताओं ने अपने शासन के दौरान पीवी द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को याद किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम आर्थिक सुधारों की शुरुआत करके देश के बचाव में आए थे और उनके सुधारों ने देश को अर्थव्यवस्था, परमाणु ऊर्जा, आंतरिक सुरक्षा और बाहरी मामलों के क्षेत्रों में एक विकसित देश में बदल दिया था।








Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.